वर्ष- 13 अंक - 331
लखनऊ, रविवार 2 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

निराश्रित महिला पेंशन को लेकर प्रशासन का स्पष्टीकरण 10
तिरंगा शहीदों के बलिदान का पावन प्रतीक : पंकज 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,370/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,310/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## दो माह में जुटाई 40.82 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा

**अर्थव्यवस्था को मजबूती**
- रियायती अदला-बदली सुविधा से मिला फायदा
- विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करने की कवायद तेज

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विदेशी मुद्रा जुटाने की रणनीति को बड़ी सफलता मिली है। केंद्रीय बैंक ने रियायती अदला-बदली सुविधा के तहत 31 जुलाई तक 40.82 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा जुटा ली है।

आरबीआई के मुताबिक, इस पहल को बाजार से बेहतर प्रतिक्रिया मिली है और इससे देश की विदेशी मुद्रा स्थिति को मजबूती मिलेगी। आरबीआई ने विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने के लिए 8 जून 2026 से यह विशेष सुविधा शुरू की थी। इसके तहत विदेशी मुद्रा में अनिवासी बैंक जमा, विदेश से विदेशी मुद्रा में उधारी और बाहरी वाणिज्यिक उधारी के जरिए विदेशी मुद्रा जुटाने को बढ़ावा दिया गया। केंद्रीय बैंक के अनुसार, कुल





40.82 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा प्रवाह में सबसे बड़ा योगदान विदेशी मुद्रा में अनिवासी बैंक जमा का रहा। इसके माध्यम से 36.725 अरब डॉलर की राशि आई। वहीं, विदेश से विदेशी मुद्रा में उधारी के जरिए 2.575 अरब डॉलर और बाहरी वाणिज्यिक उधारी से 1.516 अरब डॉलर का योगदान मिला। आरबीआई ने 5 जून को विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने के लिए कई कदमों की घोषणा की थी। इनमें बैंकों को विदेशी मुद्रा जमा आकर्षित करने और विदेशों से उधारी बढ़ाने के लिए रियायती अदला-बदली सुविधा देने का फैसला शामिल था। इस कदम का उद्देश्य देश के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करना, बाजार में डॉलर की उपलब्धता बढ़ाना और रुपये पर पड़ने वाले दबाव को कम करना है। वैश्विक स्तर पर मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच आरबीआई की यह पहल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी से देश की बाहरी आर्थिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ती है और रुपये की स्थिरता बनाए रखने में मदद मिलती है।

## कॉमर्शियल सिलेंडर हुआ सस्ता

एजेंसी, नई दिल्ली।

अगस्त महीने की शुरुआत आम लोगों से जुड़े कई बड़े बदलावों के साथ हुई है। एक अगस्त से कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में करीब 200 रुपये तक की कटौती कर दी गई है। वहीं रेलवे ने तत्काल टिकट के लिए नया टोकन सिस्टम लागू किया है। इसके अलावा सीकेवाईसी 2.0 की शुरुआत हो गई है, जबकि 3 से 5 अगस्त तक होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक पर भी सभी की नजर रहेगी।

कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घटने से होटल, रेस्तरां और



कैटरिंग कारोबार की लागत कम होगी। दिल्ली में 19 किलोग्राम का कॉमर्शियल सिलेंडर 192 रुपये सस्ता होकर 2,738 रुपये का हो गया है। मुंबई में इसकी कीमत 194 रुपये घटकर 2,691.50 रुपये, कोलकाता में 209 रुपये घटकर 2,872.50 रुपये और चेन्नई में 200 रुपये घटकर 2,906 रुपये हो गई है। हालांकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### संक्षिप्त समाचार

#### जैश से जुड़े संदिग्ध मामले में झारखंड से महिला गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने बर्धमान शहर से गिरफ्तार जैश-ए-मोहम्मद के संदिग्ध आतंकवादी मोहम्मद हमीम मंडल से जुड़ी जांच के सिलसिले में पड़ोसी राज्य झारखंड से एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि अर्पिता सरकार के रूप में पहचानी गई इस महिला को शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज जिले से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि साहिबगंज के बरहरवा इलाके की रहने वाली अर्पिता व्हाट्सऐप के जरिए मंडल से लगातार संपर्क में थी। जांच के दौरान दोनों के बीच हुई चैट का पता चला। एसटीएफ ने मंडल को बृहस्पतिवार को बर्धमान शहर के एक आवासीय परिसर स्थित उसके किराए के मकान से गिरफ्तार किया था। उस पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित नेटवर्क का हिस्सा होने का संदेह है।

#### नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही निर्मल पुर्जा का निधन

**काठमांडू/इस्लामाबाद।** नेपाल के प्रसिद्ध पर्वतारोही निर्मल पुर्जा का पाकिस्तान के काराकोरम पर्वत क्षेत्र में ब्रॉड पीक पर चढ़ाई के दौरान हिमस्खलन की चपेट में आने से निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि उनकी पर्वतारोहण कंपनी एलीट एक्सपेडिशन ने की है। जानकारी के अनुसार, 30 जुलाई को 8,051 मीटर ऊंची ब्रॉड पीक पर अभियान के दौरान करीब 7,000 मीटर की ऊंचाई पर हिमस्खलन हुआ, जिसमें निर्मल पुर्जा समेत कई पर्वतारोही लापता हो गए थे। बाद में रेस्क्यू अभियान के दौरान उनका शव हेलिकॉप्टर की मदद से बरामद किया गया। निर्मल पुर्जा, जिन्हें दुनिया भर में निम्स दाइ के नाम से जाना जाता था, ने 2019 में महज छह महीने और छह दिन में दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची सभी 14 चोटियों पर चढ़कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

#### सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके की तबीयत बिगड़ी

**छत्रपति संभाजीनगर।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक और अध्यक्ष अभिजीत दिपके की शनिवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। यह घटना महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित उनके आवास के बाहर हुई, जहां वे मीडिया से बातचीत करने के लिए घर से बाहर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाहर आते ही उन्हें उल्टी हुई, जिसके बाद उनकी तबीयत और बिगड़ गई। स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उन्होंने पत्रकारों से बातचीत नहीं की और तुरंत वापस अपने घर लौट गए। घटना के बाद उनके परिजनों और सहयोगियों ने तत्काल चिकित्सकों से संपर्क किया। फिलहाल डॉक्टर उनके घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं।

## भारत पर सोने की बारिश

**कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 :** एक दिन में 5 गोल्ड, तीन रजत व कास्य पदक, पदक तालिका में पांचवे स्थान पर पहुंचा भारत

- भारत की झोली में अब 33 पदक आये

एजेंसी, ग्लासगो।

कॉमनवेल्थ गेम्स में शनिवार भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ही दिन में 5 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक जीत लिए। महिला बॉक्सिंग में प्रीति पवार, जैस्मिन लांबोरिया, साक्षी चौधरी और प्रिया घंघास ने अपने-अपने वर्ग के फाइनल मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि पैरा शॉटपुट की एफ-57 स्पर्धा में सोमन राणा ने सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भारत को दिन का पांचवां स्वर्ण दिलाया। इस प्रदर्शन के दम पर भारत के 10 स्वर्ण सहित कुल 33 पदक हो गए और भारतीय दल पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया।

महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में जैस्मिन लांबोरिया ने नॉर्दर्न आयरलैंड की मिकाएला वॉल्स को शिकस्त देकर स्वर्ण पदक जीता। 54 किलोग्राम वर्ग में प्रीति पवार ने कनाडा की सवाना डोलमागो को हराया। 51 किलोग्राम वर्ग में साक्षी चौधरी ने इंग्लैंड की रूबी वाइट पर 5-0 के एकतरफा फैसले से जीत दर्ज की। 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया घंघास ने कनाडा की मैरी-बाथौल अल-अहमदिए को पराजित कर भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। चारों भारतीय मुक्केबाजों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में भी अपना दबदबा कायम रखा।

पैरा एथलेटिक्स की एफ-57 शॉटपुट स्पर्धा में सोमन राणा ने 13.40 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी स्पर्धा में भारत के शुभम जुयाल ने 13.28 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल कर भारत को दोहरा सम्मान दिलाया।

भारत को शनिवार को तीन रजत पदक भी मिले। पैरा शॉटपुट में शुभम जुयाल के अलावा पुरुष ट्रिपल जंप में प्रवीण चित्रावेल ने 16.58 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष बॉक्सिंग में जादुमणि




**यूपी पुलिस की उपनिरीक्षक अस्मिता डे ने रचा इतिहास**

कॉमनवेल्थ गेम्स में जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाली अस्मिता डे उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) हैं। उन्होंने महिलाओं के जूडो मुकाबले में स्वर्ण जीतकर न केवल भारत बल्कि यूपी पुलिस का भी नाम रोशन किया। अस्मिता की इस उपलब्धि को यूपी पुलिस के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। अस्मिता खेल और सेवा, दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का उदाहरण हैं। उनकी इस सफलता पर उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है। यूपी पुलिस ने भी उनकी उपलब्धि को खाकी वर्दी के लिए गर्व का क्षण बताया।

**गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी**

प्रीति पवार (बॉक्सिंग)
जैस्मिन लांबोरिया (बॉक्सिंग)
साक्षी चौधरी (बॉक्सिंग)
प्रिया घंघास (बॉक्सिंग)
सोमन राणा (पैरा शॉटपुट)

फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के डिक्सन से हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

दिन के दौरान भारत की झोली में तीन कांस्य पदक भी आए। जूडो की 63 किलोग्राम स्पर्धा में उन्नति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका की स्काई नोस्टर को महज 1 मिनट 7 सेकेंड में इप्पोन से हराकर कांस्य पदक जीता। पुरुष ट्रिपल जंप में सेल्वा प्रभु ने 16.52 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा एक अन्य स्पर्धा में भी भारत को कांस्य पदक मिला।

शनिवार देर रात भारत के पांच और मुक्केबाज अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और नरेंद्र बरवाल (90+ किग्रा) स्वर्ण पदक मुकाबलों में उतरने वाले हैं। ऐसे में भारत के पदकों और स्वर्ण पदकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। भारतीय खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन ने कॉमनवेल्थ गेम्स में देश की चुनौती को और मजबूत कर दिया है। विशेष रूप से बॉक्सिंग और पैरा एथलेटिक्स में मिली सफलता ने यह संकेत दिया है कि आगामी स्पर्धाओं में भी भारत कई और पदक जीत सकता है।

**आज भी पदकों की उम्मीद**

भारत का पदक अभियान अभी थमा नहीं है। शनिवार देर रात भारतीय टीम के पांच और मुक्केबाज स्वर्ण पदक के मुकाबलों में उतरेंगे। इनमें अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा) और नरेंद्र बरवाल (90+ किग्रा) शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में प्रभावशाली जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई है। इन मुकाबलों में जीत मिलने पर भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या में और इजाफा होगा तथा पदक तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो सकती है।

**कुलगाम में आतंकियों का कहर : दो की मौत, 10 दिन में तीसरी वारदात**

## नाम पूछकर प्रवासी मजदूरों को मारी गोली

श्रीनगर, समृद्धि न्यूज।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों ने एक बार फिर प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी है। आतंकियों ने दो प्रवासी मजदूरों की पहचान पूछने के बाद उन पर गोलियां बरसा दीं, जिससे दोनों की मौत हो गई। पिछले 10 दिनों के भीतर कुलगाम में प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाकर की गई यह तीसरी आतंकी वारदात है।

घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही सेना,



जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। आतंकियों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

**लश्कर से जुड़े आतंकियों पर शक**

प्रारंभिक जांच में सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस हमले के पीछे आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दहशतगर्दों का हाथ हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार, आतंकियों ने सुनियोजित तरीके से मजदूरों को निशाना बनाया और पहचान पूछने के बाद हमला किया।

सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि आतंकी घाटी में भय का माहौल पैदा करने और बाहरी राज्यों से आए मजदूरों को पलायन के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल के दिनों में प्रवासी श्रमिकों पर बढ़े हमलों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

### होर्मुज में कतर के गैस टैंकर पर हमला

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में तनाव लगातार गहराता जा रहा है। शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे कतर के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) से भरे एक गैस टैंकर पर मिसाइल या ड्रोन से हमला होने की खबर सामने आई। वहीं, कुवैत में भी एक सरकारी इमारत पर मानवरहित विमान (ड्रोन) से हमला हुआ, जिससे इमारत को नुकसान पहुंचा। प्रारंभिक रिपोर्टों में इस हमले के पीछे ईरान समर्थित तत्वों पर संदेह जताया गया है, हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, हमले का शिकार बना गैसलॉग शंघाई नामक गैस टैंकर बरमूडा के ध्वज के तहत संचालित होता है। यह जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था, तभी वह मिसाइल या मानवरहित विमान की चपेट में आ गया।

## गालियां देने वालों को माफ करता हूं भटके बच्चों को सही राह दिखाएं : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली।

जंतर-मंतर पर हुए विरोध-प्रदर्शन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम वीडियो संदेश जारी किया। सामाजिक माध्यम इंस्टाग्राम पर साझा संदेश में उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान उन्हें और उनकी स्वर्गीय माता के लिए अपशब्द कहे गए, लेकिन वह सभी को माफ करते हैं। उन्होंने कहा कि गालियों से किसी समस्या का समाधान नहीं निकलता, इसलिए भटके हुए युवाओं को सही रास्ता दिखाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें समाज के आक्रोश का पूरा एहसास है,



लेकिन यह चिंता का विषय है कि देश की बेटियां भी इस तरह की भाषा का प्रयोग कर रही हैं। उन्होंने इसे सांस्कृतिक आघात बताते हुए कहा कि अब समय बच्चों को दंडित करने का नहीं, बल्कि उन्हें अपनाकर सही दिशा देने का है।

## कॉलेजियम में पारदर्शिता की कमी से अयोग्य जजों की नियुक्ति का खतरा : जस्टिस भुइयां

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि कॉलेजियम की सिफारिशों में कारणों का उल्लेख न करना न केवल योग्य न्यायाधीशों के साथ अन्याय है, बल्कि इससे अयोग्य लोगों के न्यायपालिका में आने का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग बाद में संविधान के मूल्यों के विपरीत टिप्पणियां कर सकते हैं। जस्टिस भुइयां



- कहा- सिफारिशों के कारण सार्वजनिक होने चाहिए

ने यह टिप्पणी शनिवार को न्यायिक सुधार से जुड़े एक कार्यक्रम में द ज्यूडिशियल ट्रांसपेरेंसी इंडेक्स : असेसिंग डिस्क्लोजर ऑफ इन्फॉर्मेशन बाय द सुप्रीम कोर्ट एंड द हाई कोर्ट्स रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर आयोजित चर्चा के दौरान की। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम द्वारा किसी नाम की सिफारिश, अस्वीकृति या स्थगन के कारण सार्वजनिक नहीं किए जाते, जबकि नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों के निर्णय किन आधारों पर लिए जा रहे हैं। उनके अनुसार, पिछले कुछ कॉलेजियम प्रस्तावों में सिफारिशों के समर्थन में कोई कारण नहीं दिया गया, जिससे पारदर्शिता के सिद्धांत पर सवाल खड़े होते हैं।

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए 2117 करोड़ की अग्रिम सहायता मंजूर

एजेंसी, नई दिल्ली।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ष मानसून के दौरान बाढ़ से प्रभावित राज्यों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के केन्द्रीय हिस्से से 2,117.85 करोड़ की अग्रिम सहायता जारी करने को मंजूरी प्रदान की है।

गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केन्द्र सरकार बाढ़ प्रभावित राज्यों को राहत, बचाव तथा पुनर्वास कार्यों के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और स्थिति की निरंतर निगरानी कर रही है। मानसून के दौरान केन्द्र सरकार राज्यों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर स्थिति की निगरानी कर रही है।



आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमों की पूर्व-तैनाती तथा रक्षा मंत्रालय द्वारा आवश्यक लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।

नुकसान के आकलन के लिए अरुणाचल प्रदेश और असम में अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल भेजे जा चुके हैं। असम में बाढ़ की गंभीरता को देखते हुए यह दल दो बार भेजा गया है और नागालैंड सरकार के अनुरोध पर वहां के लिए भी इसी तरह के दल का गठन किया जा रहा है।

### यूपी समेत 13 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार, 2 अगस्त को देश के कई हिस्सों में मानसून के और सक्रिय होने का अनुमान जताया है। विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, मेघालय, मणिपुर, गुजरात, ओडिशा, पूर्वी राजस्थान, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और लक्षद्वीप समेत 13 राज्यों में हल्की से भारी बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। कई क्षेत्रों में 30 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आईएमडी के अनुसार, मानसून ट्रफ की मौजूदा स्थिति के कारण पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत में व्यापक वर्षा की संभावना है। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और निचले इलाकों में जलभराव की आशंका को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। उत्तर प्रदेश में 2 से 7 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।


**पहल** | **उत्तर प्रदेश में साइबर अपराधों पर बड़े प्रहार की तैयारी**

## ऑनलाइन ठगी पर सर्जिकल स्ट्राइक, तैनात होंगे साइबर कमांडो

- कंप्यूटर इंटेलिजेंस व एआई की मिलेगी ट्रेनिंग
- राज्य साइबर मुख्यालय व कॉल सेंटर की तैयारी
- 1930 हेल्पलाइन से मिलेगी त्वरित मदद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन, साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन ठगी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार बड़े स्तर पर साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने जा रही है। इसके तहत प्रदेश में विशेष रूप से प्रशिक्षित साइबर कमांडो तैनात किए जाएंगे, जो ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोहों, फर्जी पुलिस, सीबीआई या न्यायिक अधिकारी बनकर लोगों को ठगने वाले नेटवर्क और महिलाओं की फोटो-वीडियो का




दुरुपयोग करने वाले साइबर अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।

प्रदेश में जल्द राज्य साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर और साइबर अपराध नियंत्रण मुख्यालय स्थापित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और अधिसूचना जल्द जारी होने की संभावना है। यह केंद्र सरकार की उस पहल का हिस्सा है, जिसके तहत राज्यों के साइबर तंत्र को एकीकृत कर अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों पर तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

साइबर कमांडो के लिए सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी स्तर तक के अधिकारियों का चयन किया जाएगा। चयनित अधिकारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर इंटेलिजेंस, डिजिटल फॉरेंसिक और साइबर अपराध में प्रयुक्त आधुनिक सॉफ्टवेयरों की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा में सफल होने वाले अधिकारियों की तैनाती साइबर कमांडो के रूप में होगी। एसटीएफ की तर्ज पर इन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। साइबर अपराधों पर तेजी से नियंत्रण के लिए लखनऊ के कल्ली पश्चिम स्थित साइबर कॉल सेंटर का विस्तार कर उसकी क्षमता 20 सीट से बढ़ाकर 100 सीट करने की तैयारी है। इससे शिकायतों पर तत्काल प्रतिक्रिया संभव होगी और पीड़ितों को समय रहते राहत मिल सकेगी।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन या किसी भी साइबर अपराध की आशंका होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। यह हेल्पलाइन चौबीसों घंटे सक्रिय रहती है और शिकायत संबंधित राज्य के साइबर सेंटर तक तुरंत पहुंच जाती है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) बी.के. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप राज्य साइबर मुख्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित साइबर कमांडो की मदद से उत्तर प्रदेश को साइबर अपराध नियंत्रण में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# झोलाछाप के इंजेक्शन से बिगड़ी मासूम की हालत

- कर्नलगंज के छतौनी चौराहे का मामला
- शरीर पर निकले छाले
- बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती
- पिता ने सीएमओ व पुलिस से की शिकायत



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कर्नलगंज क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही एक मासूम की जिंदगी पर भारी पड़ गई। यहां एक झोलाछाप के गलत इंजेक्शन के कारण 3 वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर हो गई।

बच्ची के पूरे शरीर पर छाले निकल आए हैं। उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है।

भुलियापुर निवासी ननकऊ ने बताया कि 14 जुलाई को उनकी बेटी रहिनुमा को तेज बुखार आया था। वह उसे छतौनी चौराहे पर स्थित डॉ. अरविंद कुमार वर्मा नामक झोलाछाप के पास ले गए। डॉक्टर ने दो सिरप और एक इंजेक्शन दिया। आरोप है कि इंजेक्शन लगते ही बच्ची की तबीयत और बिगड़ गई। उसके शरीर पर बड़े-बड़े छाले और घाव हो गए। पहले परिजन बच्ची को मुस्तफाबाद सीएचसी ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया।

### शिकायत के बाद भी चुप्पी

पीड़ित पिता ने 29 जुलाई को सीएचसी अधीक्षक, सीएमओ गोंडा संतलाल पटेल और कोतवाली कर्नलगंज में लिखित शिकायत दी है। उनका आरोप है कि अब तक आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर जब सीएचसी अधीक्षक अनुज कुमार से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। जबकि पीड़ित पिता का कहना है कि उन्होंने 29 जुलाई को कार्यालय में शिकायत पत्र दिया था और रिसीविंग भी ली थी।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

घटना के बाद क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन और सीएमओ से मांग की है कि जिले में अवैध रूप से क्लीनिक चला रहे झोलाछापों पर तुरंत कार्रवाई हो, सीएचसी अधीक्षक की भूमिका की जांच हो और बच्ची के इलाज का खर्च सरकार उठाए।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का गोरखधंधा सीएचसी प्रशासन की अनदेखी और संरक्षण के कारण ही फल-फूल रहा है। शिकायत मिलने के बाद भी कार्रवाई न होना इसी ओर इशारा करता है। वहीं भंभुआ चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि मामले से स्वास्थ्य विभाग को अवगत करा दिया गया है। विभागीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

खबर लिखे जाने तक आरोपी झोलाछाप डॉक्टर अरविंद कुमार वर्मा का फोन बंद आ रहा था।

# सड़क हादसे में मौत के बाद प्रदर्शन, केस दर्ज

- परसपुर-बालपुर मार्ग कई घंटे रहा जाम
- सरकारी कार्य में बाधा का आरोप
- ट्रैक्टर चालक पर पहले ही दर्ज है मुकदमा



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

परसपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने थाने के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। मामले में पुलिस ने शुक्रवार शाम 34 नामजद और 50 अज्ञात समेत कुल 84 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

क्या है पूरा मामला

पुलिस के अनुसार 26 जुलाई की रात सड़क हादसे में 22 वर्षीय दीपक की मौत हो गई थी। इसके अगले दिन 27 जुलाई की शाम परिजन और ग्रामीण पिकअप वाहन के बोनट पर शव रखकर परसपुर थाने पहुंचे। ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी और मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर उन्होंने परसपुर-बालपुर मार्ग जाम कर दिया। उपनिरीक्षक आकाशदीप सिंह की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा, सड़क जाम और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। विवेचना उपनिरीक्षक अमित कुमार गुप्ता को सौंपी गई है। एफआईआर में अमरेश यादव, बबलू, गौतम, शुभम, रंजीत, राहुल, पृथ्वीराज, अजय, निरंकार, जय कश्यप उर्फ जगदीश कश्यप, गोलू कश्यप समेत 34 लोगों को नामजद किया गया है। 50 अज्ञात भी आरोपी बनाए गए हैं।

परसपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क हादसे के मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पहले ही मुकदमा दर्ज हो चुका था। इसके बावजूद शव रखकर सड़क जाम किया गया। कई बार समझाने के बाद भी लोग नहीं माने, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।

## खबरें एक नजर में

### सार्वजनिक मार्ग कराया कब्जामुक्त



बहराइच, समृद्धि न्यूज। विशेश्वरगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत तकिया में ग्राम समाज की भूमि पर वर्षों से किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। तहसीलदार पयागपुर अंबिका प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए और सार्वजनिक मार्ग को कब्जामुक्त कराया। प्रशासन के अनुसार, ग्राम समाज के सार्वजनिक मार्ग की गाटा संख्या 877/0.7170 पर अवैध अतिक्रमण किया गया था। न्यायालय के आदेश तथा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 67(1) के तहत कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराया। अभियान के दौरान वसीम, शाहबुद्दीन, निजामुद्दीन, जाहिर हुसैन, मुस्तकीम, बच्चन, लीलावती, हनीफ अय्यूब, गुलामी और रबीना के अवैध निर्माण हटाए गए। प्रशासन ने कब्जा हटाने के बाद भूमि को ग्राम समाज के लिए मुक्त करा दिया। तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी ने कहा कि सरकारी एवं ग्राम समाज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां भी अतिक्रमण की शिकायत मिलेगी, वहां नियमानुसार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध हथियारों के साथ तीन गिरफ्तार



कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। जरवल रोड पुलिस को अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर भाग रहे तीन शातिर बदमाशों को घेराबंदी कर धर दबोचा है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस, बांका, चाकू, बोरी और रस्सी बरामद हुई है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय रवाना कर दिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार तड़के सुबह प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दे रही थी। इसी दौरान जरवल रोड थाना क्षेत्र में ही ग्राम दातारामपुरवा मोड़ के पास सड़क किनारे तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। जब पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का इशारा कर पूछताछ का प्रयास किया तो तीनों बदमाश घबराकर भागने लगे। पुलिस टीम ने जब पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर झोंक दिया। पुलिस बल ने तत्परता और सतर्कता दिखाते हुए अपनी जान बचाई और घेराबंदी कर तीनों अभियुक्तों को मौके से ही सकुशल गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अशरफ पुत्र शरीफुल, शरीफुल पुत्र अहमद हसन, अकरम पुत्र शरीफुल निवासीगण ग्राम हरचन्दा, थाना जरवलरोड, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। अभियुक्तों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 1 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 1 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 1 खोखा कारतूस 315 बोर व 1 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 1 अदद बांका, 1 अदद चाकू, 1 प्लास्टिक की बोरी व रस्सी बरामद हुई है। पकड़े गए अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। शरीफुल के विरुद्ध पूर्व से गैंगस्टर एक्ट, गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट, रंगदारी और चोरी सहित 27 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जबकि अशरफ के खिलाफ गोवध अधिनियम, आर्म्स एक्ट और बीएनएस/भादवि की विभिन्न धाराओं में 6 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अकरम के खिलाफ थाना कैसरगंज में चोरी व अन्य आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिन्देश्वरी प्रसाद यादव, उपनिरीक्षक रत्नेश सिंह, हैड कांस्टेबल महेंद्र यादव, कांस्टेबल रामदेव प्रजापति, कांस्टेबल व्यासमुनि वर्मा तथा कांस्टेबल राम सागर वर्मा शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी के आरोपी को लगी गोली

- साथी पहले ही भेजा जा चुका है जेल
- घायल को मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।





इटियाथोक थाना पुलिस ने गौकशी के एक आरोपी को शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

एसपी विनीत जायसवाल के अनुसार शुक्रवार रात करीब 10:50 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गौकशी का आरोपी कमरुद्दीन उर्फ कचनें निवासी इटियाथोक रेलवे क्रॉसिंग के पास से भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने चेकिंग शुरू की। बाइक से आते आरोपी को रुकने का इशारा किया गया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात कमरुद्दीन और उसके साथी अशरफ अली ने इटियाथोक के पन्ना बगुलहा गांव स्थित कर्बला के पास गन्ने के खेत में एक छुट्टा सांड को गौकशी के उद्देश्य से बांध रखा था। ग्रामीणों को भनक लगने पर वे मौके पर पहुंचे। लोगों को देख कमरुद्दीन भाग निकला जबकि अशरफ अली को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसके कब्जे से गौकशी के उपकरण बरामद हुए थे। शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने कमरुद्दीन के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी ने बताया कि घायल आरोपी का इलाज चल रहा है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# वृक्ष से हमें जीवन मिलता है : रामकुमार

मनकापुर/गोण्डा समृद्धि न्यूज।



वृक्ष लगाना और उसकी रक्षा करना पावन व पुनीत कार्य है, वृक्ष जीवन भर मनुष्य को समर्पित रहता है वृक्ष हमें जीवन देता है। अपनी छाया फल, पत्ती, लकड़ी सब कुछ मनुष्य को प्रदान करता है।

उक्त बातें मानस मंगल दल सेवा समिति के अध्यक्ष रामकुमार नारद ने रेलवे प्लेटफार्म मनकापुर में वृक्षारोपण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा बड़े भाग्य से कोई जीव वृक्ष का चोला पाता है और उससे भी बड़भागी वह होता है जो वृक्ष लगाता है, और उसकी रक्षा करता है। मानस मंगल दल सेवा समिति एवं बाल सामाजिक कार्यकर्ता संघ मनकापुर के सौजन्य से शनिवार को मनकापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के पूर्वी छोर पर स्थित गार्डन में आम, पीपल, पाकड़, बरगद, गूलर, जामुन, महुआ आदि वृक्ष रोपे गए। वृक्षारोपण स्टेशन के अन्य स्थलों पर भी किया गया। वृक्षारोपण का शुभारंभ स्टेशन अधीक्षक अनूप सिंह ने किया। स्टेशन परिसर में कुल 200 वृक्ष रोपे गए। वृक्षारोपण में शुभम सिंह एसएम सिंगनल, दयाशंकर आरपीएफ, पूजा, राजकुमार मौर्य, अमरदीप, राजदीप, शिवा प्रियदर्शनी, दद्दन मिश्रा, दिव्या दिव्यदर्शिनी, सिपाही लाल, सद्दाम, पवन मिश्रा, सुधांशु बाबा, भभूति गिरी तथा अन्य स्टेशन स्टाफ ने भाग लिया।

## शिव कृपा से दूर होते हैं समस्त कष्ट : पं. रविशंकर

बहराइच, समृद्धि न्यूज। पंचवटी श्री सीताराम आश्रम के तत्वावधान में रिसिया रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा एवं पार्थिव पूजन महोत्सव के दूसरे दिन भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण श्रद्धा और आध्यात्म से ओत-प्रोत रहा। कथा व्यास पं. रविशंकर गुरु भाई महाराज ने अपने प्रवचन में सावन मास में पार्थिव पूजन और रुद्राभिषेक के विशेष आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का दिव्य ज्ञान है। पं. रविशंकर ने कहा कि शिव महापुराण के श्रद्धापूर्वक श्रवण से मनुष्य के पापों का क्षय होता है, सद्बुद्धि का विकास होता है और भगवान शिव की असीम कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी बताया कि शिव भक्ति से जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। महाराज ने श्रद्धालुओं को पार्थिव पूजन के महत्व से अवगत कराया।

# मां का पहला पीला गाढ़ा दूध नवजात के लिए अमृत

- विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर माताओं को किया जागरूक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर महर्षि बालार्क चिकित्सालय में माताओं और नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के प्रोजेक्ट जागृति-4 के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रसूताओं की काउंसलिंग कर उन्हें स्तनपान के महत्व, सही तकनीक और इससे जुड़े प्रमुख संदेशों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों का असर जिले में शुरुआती स्तनपान की बढ़ती स्वीकार्यता के रूप में दिख रहा है। उन्होंने बताया कि एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में कुल 1,01,058 जीवित जन्म दर्ज किए गए, जिनमें से 98,959 नवजातों यानी लगभग 98 प्रतिशत को जन्म के पहले घंटे के अंदर स्तनपान कराया गया। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद निकलने वाला पहला पीला व गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) नवजात के लिए प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है, इसलिए प्रसव के तुरंत बाद स्तनपान शुरू कराना बेहद जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके वर्मा ने कहा कि स्तनपान नवजात के स्वस्थ जीवन की पहली और सबसे मजबूत नींव है।

उन्होंने बताया कि समय पर स्तनपान शुरू करने और छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने से बच्चों में कुपोषण, दस्त और निमोनिया जैसे गंभीर रोगों का खतरा काफी कम हो जाता है। ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. यासिर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रसूताओं को स्तनपान की सही स्थिति बच्चे के सही अटैचमेंट तथा स्तनपान के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक जानकारी और सही मार्गदर्शन से माताओं का आत्मविश्वास बढ़ाना ही प्रोजेक्ट जागृति-4 का मुख्य उद्देश्य है। एसीएमओ डॉ. संतोष राना ने कहा कि संस्थागत प्रसव के बाद अस्पताल स्तर पर प्रत्येक मां को सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है, ताकि हर नवजात को जीवन के पहले घंटे में ही मां का दूध मिल सके।

कार्यक्रम में हॉस्पिटल मैनेजर रिजवान तथा डीसीपीएम मो. राशिद ने भी माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक किया और समुदाय स्तर पर इन संदेशों को व्यापक रूप से फैलाने का आह्वान किया।

# जिले में पांच पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

- अधिकारियों ने समारोह में उपहार भेंट कर दी विदाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



पुलिस विभाग के पांच कर्मियों को शुक्रवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त किया गया। शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में उनके सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। सेवानिवृत्त होने वालों में उप निरीक्षक रवीन्द्र यादव, उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी चालक हरिहर राय, आरक्षी योगेन्द्र नाथ यादव और लीडिंग फायरमैन ओम प्रकाश यादव शामिल थे। इन सभी को रामचरित मानस और ट्रॉली बैग उपहार स्वरूप दिए गए।

राज सिंह ने सेवाकाल के दौरान उनके योगदान की सराहना की और उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी के बेहतर स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से सेवाकाल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने भी सेवानिवृत्त हुए सभी साथियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# नो बैग डे पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



- पोस्टर व सुलेख प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

परिषदीय विद्यालयों में आयोजित नो बैग डे के तहत कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्राओं वन्दनी और पिंका ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात की छात्रा अंजली द्वितीय तथा कक्षा आठ के छात्र दीपक तृतीय स्थान पर रहे।

सुलेख प्रतियोगिता में कक्षा पांच की छात्रा किस्मता प्रथम, हेमा द्वितीय और आयशा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा चार वर्ग में अली असगर ने प्रथम, अंकुर ने द्वितीय तथा जुबेर ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इसके अलावा विद्यालय में मीना मंच से संबंधित पोस्टर निर्माण, छोटे बच्चों द्वारा मिट्टी के खिलौने बनाना तथा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की क्षमता को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक बंशराज कन्नौजिया सहित शिक्षक सतीश सिंह, प्रीती सिंह, संतोष शुक्ल, सरिता वर्मा, अमित सिंह, मीरा वर्मा, कविता देवी एवं राजेंद्र कुमार ने विजेता छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने बताया कि नो बैग डे का उद्देश्य बच्चों को आनंददायक एवं गतिविधि आधारित शिक्षा से जोड़ना है।

# सीएमओ के निरीक्षण में बंद मिला पीएचसी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- डॉक्टर समेत चार का वेतन रोका
- अनुपस्थित कर्मचारियों से मांगा जवाब




मुख्य चिकित्साधिकारी ने नानपारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तो वह बंद मिला। इस पर सीएमओ ने चिकित्सक समेत चार कर्मचारियों का वेतन रोककर उनसे जवाब मांगा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार सुबह निरीक्षण किया तो उन्हें अस्पताल बंद मिला। सीएमओ के सामने ही अस्पताल का ताला खुला। इससे नाराज मुख्य चिकित्साधिकारी ने चिकित्सक समेत चार कर्मचारियों का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी किया है।अर्बन पीएचसी (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) नानपारा के चिकित्सक डा. राजितराम आए दिन गायब रहते हैं। जिससे अस्पताल का संचालन नहीं हो पा रहा है। इसकी जानकारी होने पर सुबह 9:30 बजे मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय कुमार शर्मा निरीक्षण के लिए पहुंचे तो उन्हें अस्पताल में ताला लगा मिला। चौकीदार राम अवतार सीएमओ के सामने ही ताला खोलने के लिए पहुंचा। इससे मुख्य चिकित्साधिकारी नाराज हो गए। उन्होंने नाराज जताते हुए चिकित्सक, स्टाफ नर्स आरती, सत्यम अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने सभी का वेतन रोक दिया। साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों से जवाब मांगा है।

सीएमओ ने बताया कि चिकत्सक द्वारा ओपीडी के दौरान ही निजी अस्पताल में सेवाएं दी जाती हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बाहरी कर्मचारियों बैठने न दें, अब दोबारा इसकी शिकायत मिली तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

# 1.5 करोड़ की चरस के साथ नेपाली गिरफ्तार

- पुलिस व एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में मिली सफलता



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रुपईडीहा में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में एक नेपाली नागरिक को 1.5 करोड़ रुपये की चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नशा तस्करी के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा पर एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1 किलो 126 ग्राम चरस बरामद हुई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर अपराध नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा हरेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम और एसएसबी ने संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की।चेकिंग के दौरान नेपालगंज रेलवे स्टेशन से नेपाल बॉर्डर की ओर जाने वाले रास्ते पर पिलर संख्या 651/2 के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। उसकी पहचान नेपाल के जाजरकोट राष्ट्र, जुनीचांदे गांव पालिका वार्ड नं0 06 निवासी चित्र बहादुर शाही (उम्र करीब 23 वर्ष) पुत्र लाल बहादुर शाही के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किलो 126 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ रुपईडीहा थाने में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रदेश में किसानों को मिलेगा कम ब्याज पर फसली ऋण : जे.पी.एस. राठौर

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

- बलरामपुर में जिला सहकारी बैंक स्थापना की प्रक्रिया तेज
- सहकारिता क्षेत्र को मिलेगी नई मजबूती



जनपद में सहकारिता क्षेत्र को नई गति देने, किसानों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने, उर्वरक वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा सहकारी समितियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता श्री जे.पी.एस. राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को सशक्त बनाने और सहकारिता व्यवस्था को आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में जिला सहकारी बैंक बलरामपुर की स्थापना की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है, जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक की स्थापना के लिए नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है तथा बैंकिंग लाइसेंस हेतु भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। मंत्री ने बताया कि जिला सहकारी बैंक बलरामपुर स्थापित होने पर यह प्रदेश का 51वां जिला सहकारी बैंक होगा, जिसके कार्यक्षेत्र में बलरामपुर एवं गोंडा दोनों जिले शामिल होंगे। वर्तमान में ये दोनों जिले किसी भी जिला सहकारी बैंक के कार्यक्षेत्र में नहीं आते हैं। बैंक की स्थापना से दोनों जनपदों के लाखों कृषकों को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों को अन्य बैंकों से चार प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण प्राप्त करना पड़ता है, जबकि जिला सहकारी बैंक की स्थापना के बाद किसान किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से तीन प्रतिशत ब्याज दर पर फसली ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों की लागत में कमी आएगी तथा कृषि गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि बैंक की स्थापना के लिए लगभग 14.90 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। बैठक में मंत्री ने सहकारिता समितियों को और अधिक आधुनिक एवं सक्षम बनाए जाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रदेश की सभी सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गति आएगी। उन्होंने बताया कि समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए 10 लाख रुपये तक की शून्य ब्याज (जीरो इंटरेस्ट) क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे समितियां अपनी गतिविधियों का विस्तार कर सकेंगी तथा किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगी। बैठक में उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

# तिरंगा शहीदों के बलिदान का पावन प्रतीक : पंकज

- स्वाधीनता दिवस पर लहरायेगा हर घर पर तिरंगा
- हर घर तिरंगा अभियान चलायेगी भाजपा
- सभी मण्डलों में निकलेगी तिरंगा यात्रा




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बीजेपी ने हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में किया गया। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में अभियान की रूपरेखा तय की गई।

कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि प्रदेश में 10 अगस्त से 15 अगस्त तक जनभागीदारी के साथ हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जाएगा।

कार्यशाला का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभियान के संयोजक बृज बहादुर भारद्वाज ने किया। अभियान के संचालन हेतु गठित समिति में प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज को संयोजक तथा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, प्रदेश मंत्री अनिल यादव एवं रजनी पांडे को अभियान का सह-संयोजक बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री अनिल के. एंटनी ने कहा कि आज हम साधारण कार्यक्रम की तैयारी के लिए नहीं बल्कि ऐसे राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन की तैयारी के लिए एकत्र हुए हैं, जिसने पिछले कुछ वर्षों में देश के सबसे बड़े जनभागीदारी वाले अभियानों में अपना स्थान बनाया है। हर घर तिरंगा केवल घरों पर तिरंगा फहराने का कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ने का अभियान है। यह राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। जब किसी घर पर तिरंगा लहराता है, तो वह केवल एक ध्वज नहीं होता, बल्कि उस परिवार की राष्ट्र के प्रति आस्था, सम्मान और समर्पण का प्रतीक होता है।

यही कारण है कि आज अभियान करोड़ों भारतीयों का अपना अभियान बन चुका है और घर-घर में राष्ट्रध्वज के प्रति गौरव की भावना को और अधिक सशक्त कर रहा है।

### राष्ट्रीय एकता की अमिट तस्वीर पूरी दुनिया के सामने रखेंगे

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्रगौरव का जीवंत प्रतीक है। राष्ट्र-गौरव के इस प्रतीक को जन-जन तक पहुँचाने और उन्हें गर्व की अनुभूति से परिचित कराने वाले अभियान का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लिए तो तिरंगा अद्भुत सम्मान का प्रतीक इसलिए भी है, क्योंकि प्रथम स्वाधीनता संग्राम से लेकर आजादी की अंतिम लड़ाई तक में इस प्रदेश के वीरों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा कि 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान हर प्रदेशवासी को जोड़कर अभियान को सफल बनाना सिर्फ हर घर में तिरंगा फहराने का कार्य करने के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और उनके परिवारों से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना है, उनका सम्मान करना है। 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा के महासंकल्प के तहत देश के हर घर, हर छत पर ससम्मान राष्ट्रध्वज फहराकर हम अपनी राष्ट्रीय एकता की अमिट तस्वीर पूरी दुनिया के सामने रखेंगे।

# रूफटॉप सोलर ऊर्जा : देश में लखनऊ का पहला स्थान, शीर्ष सौ में उत्तर प्रदेश के 17 जिले

- वाराणसी देश में 10वें व कानपुर नगर 14वें स्थान पर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक ओर उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के अभियान में प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के शीर्ष सौ जिलों की सूची में अपने 17 जिलों को शामिल कराया है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश में सौर ऊर्जा के तेजी से बढ़ते विस्तार को दर्शाती है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश की मजबूत प्रगति का भी प्रमाण है।

इस दौरान यूपी नेडा डायरेक्टर रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस सूची में राजधानी लखनऊ में 1,24,167 रूफटॉप सोलर संयंत्रों के स्थापना के साथ-साथ देश का नंबर-वन जिले बनने का गौरव बरकरार रखा है। लखनऊ में बड़ी संख्या में घरों, द्वारा रूफटॉप सोलर अपनाए जाने से यह उपलब्धि संभव हुई है। वहीं, वाराणसी ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए देश में 10वां स्थान प्राप्त किया है।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में सौर ऊर्जा को लेकर चल रहे अभियान का सकारात्मक असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसके अलावा कानपुर नगर 14वें स्थान पर पहुंचकर प्रदेश के औद्योगिक शहरों में हरित ऊर्जा अपनाने की दिशा में नई मिसाल पेश कर रहा है। प्रदेश के 17 जनपदों का देश के शीर्ष 100 जिलों में शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में रूफटॉप सोलर को लेकर जागरूकता, सरकारी प्रोत्साहन और योजनाओं का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना, के प्रभावी क्रियान्वयन से लाखों उपभोक्ता सौर ऊर्जा से जुड़ रहे हैं। रूफटॉप सोलर संयंत्रों के विस्तार से लोगों को बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत हो रही है, साथ ही अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आर्थिक लाभ प्राप्त करने का अवसर भी मिल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### बंद होगा टुंडे कबाबी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी की राजधानी लखनऊ के कपूरथला रोड स्थित टुंडे टावर्स में मो. उसमान, मो. सलमान, तौसीफजहां द्वारा संचालित टुंडे कबाबी एक बार फिर नकारात्मक चर्चा में है। अग्नि सुरक्षा को लेकर लब्धप्रतिष्ठित समाजसेविका और आरटीआई कार्यकत्री राजाजीपुरम निवासी उर्वशी शर्मा द्वारा की गई शिकायत पर उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा उपलब्ध कराए गए निस्तारण में यह दर्ज किया गया है कि विभागीय निरीक्षण के दौरान भवन में मानकानुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं पाई गई। इसके बाद भवन स्वामी और प्रबंधक को उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम 2022 एवं नियमावली 2024 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निस्तारण के अनुसार निर्धारित अवधि में आवश्यक अनुपालन न होने पर भवन का लाइसेंस निरस्त किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को भी संस्तुति भेजी जा चुकी है।

### मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में एलडीए की नैमिष नगर योजना के तहत भूमि अधिग्रहण के खिलाफकिसानों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शनिवार को लगभग 300 किसानों ने बख्शी का तालाब तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफनारेबाजी की। किसान अधिग्रहित की जा रही जमीन के लिए एक बराबर सर्किल रेट पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने एडीएम राजकुमार मित्तल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि योजना से प्रभावित सभी 18 गांवों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा समान सर्किल रेट के आधार पर तय किया जाए। किसानों ने स्पष्ट किया कि बाजार मूल्य से कम कीमत पर जमीन का अधिग्रहण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सहमति नहीं बनती है, तो वे 15 अगस्त से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। प्रदर्शन में शामिल महिला किसानों ने भी सरकार से अपील की कि बाजार मूल्य के अनुरूप मुआवजा दिए बिना जबरन भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई न की जाए।

### दुबग्गा यूनिटी कॉलेज के पास बेसमेंट में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में यूनिटी कॉलेज के पास स्थित व्यावसायिक भवन के बेसमेंट में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण लिफ्ट के पास लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली करा लिया। लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग बेसमेंट में रखे पैकिंग सामग्री और अन्य सामान तक फैल गई, जिससे पूरे परिसर में तेजी से धुआं भर गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के अनुसार बेसमेंट में ठाकुरगंज के मिर्जा अली हुसैनाबाद रोड निवासी सैयद इफ्तिखार आब्दी का खजूर का गोदाम संचालित था। बताया गया कि लिफ्ट के पास लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग सबसे पहले नीचे रखे गेट में लगी और देखते ही देखते गोदाम तक फैल गई। धुआं उठता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची दमकल की चौक हजरतगंज आलमबाग समेत अन्य कई जगहों से आठ गाड़ियों ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया और करीब दो घंटे के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

### कंगना के खिलाफ एफआईआर की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में शनिवार को महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता हुसैनगंज थाने पहुंचीं। उन्होंने भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत के कथित बयान को लेकर विरोध जताया। कंगना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी। कांग्रेस महिला मोर्चा का आरोप है कि कंगना के कथित बयान से नई पीढ़ी यानी जेन-जी छात्र-छात्राओं, महिलाओं और उनके परिवारों की गरिमा को ठेस पहुंची है। कांग्रेस महिला मोर्चा का आरोप है कि इस तरह की सार्वजनिक टिप्पणी से सामाजिक वैमनस्य और अशांति फैल सकती है तथा लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। महिला मोर्चा ने तहरीर में कहा कि कथित बयान सिर्फप्रदर्शन में शामिल छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे देश की नई पीढ़ी, युवाओं, महिलाओं और उनके परिवारों की गरिमा को ठेस पहुंची है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणी से सामाजिक वैमनस्य और अशांति फैल सकती है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से कथित बयान के मूल वीडियो, ऑडियो और सोशल मीडिया पोस्ट को साक्ष्य के तौर पर सुरक्षित रखने की मांग की है। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की अपील की गई है।

# लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

- समय से पूर्ण होना चाहिए पीएम ग्रामीण सड़क निर्माण लक्ष्य : केशव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सरकारी आवास में ग्राम्य विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवंपरिणामोन्मुख कार्य संस्कृति अपनाने के निर्देश दिए।

प्रदेश सरकार की मंशा है कि मेरे विभाग की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव एवं बिना किसी अनियमितता के पहुंचे। इस उद्देश्य की पूर्ति में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने ऐसे ठेकेदारों को चिन्हित करने के निर्देश दिए जो कार्यो को अनावश्यक रूप से लंबित रखते हैं अथवा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के विपरीत निर्माण कार्य करते हैं। ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए।

# देबनाथ ने एएमसी सेंटर व कॉलेज के कमांडेंट का संभाला पदभार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लेफ्टिनेंट जनरल जे. देबनाथ ने 01 अगस्त 2026 को आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट और एएमसी रिकॉर्ड्स के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओआईसी) का पदभार संभाला। इस नियुक्ति से पहले, लेफ्टिनेंट जनरल जे. देबनाथ हेडक्वार्टर पूर्वी कमान में मेजर जनरल मेडिकल (एमजी मेड) के पद पर तैनात थे।

लखनऊ में स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, भारतीय सेना का प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है। यह संस्थान आर्मी मेडिकल कोर के भविष्य के नेतृत्व को प्रशिक्षित और तैयार करने के साथ-साथ सैन्य चिकित्सा शिक्षा और पेशेवर उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है।


असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र, लेफ्टिनेंट जनरल जे. देबनाथ एक प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट हैं और उन्होंने सीटी व एमआरआई में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। 36 वर्षों के अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल सर्विसेज में क्लिनिकल, एकेडमिक, ऑपरेशनल, रिसर्च और प्रशासनिक भूमिकाओं में काम किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल जे. देबनाथ ने कई प्रतिष्ठित कमान, स्टाफ और इंस्ट्रक्शनल (प्रशिक्षण संबंधी) पदों पर कार्य किया है और मरीजों की देखभाल, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा प्रशासन और सैन्य चिकित्सा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नेतृत्व और संस्थान निर्माण में उनके व्यापक अनुभव ने उन्हें एक कुशल चिकित्सक, शिक्षक और प्रशासक के रूप में पहचान दिलाई है। जनरल ऑफिसर ने कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान लखनऊ की कमान भी संभाल चुके हैं । जनरल ऑफिसर को लगभग चार वर्षों तक मेडिकल जर्नल आर्म्ड फोर्सेज इंडिया (एमजेएएफआई) के एडिटर-इन-चीफ रहने का गौरव भी प्राप्त है।

एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट और एएमसी रिकॉर्ड्स के ऑफिसर-इन-चार्ज के रूप में, लेफ्टिनेंट जनरल जे. देबनाथ कोर के इस प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान को पेशेवर सैन्य चिकित्सा शिक्षा को और मजबूत करने, प्रशिक्षण में नवाचार को बढ़ावा देने, रिसर्च को प्रोत्साहित करने और नेतृत्व विकास को बेहतर बनाने की दिशा में आगे ले जाएंगे। उम्मीद है कि उनका विजन चिकित्सा सेवाओं, ऑपरेशनल तैयारी और मानव संसाधन विकास में उत्कृष्टता के प्रति आर्मी मेडिकल कोर की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

# शिशु को छह महीने तक केवल मां का दूध चाहिए : डॉ. खान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के तहत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, आईसीडीएस और यूनिसेफ के साथ मिलकर शनिवार को प्रदेश भर में परिवारों, समुदायों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच जागरूकता फैलाने और स्तनपान की आदतों को मजबूत बनाने के लिए वेबिनार श्रृंखला की पहली कड़ी सफलतापूर्वक आयोजित की गयी।

विश्व स्तनपान सप्ताह हर साल 1 से 7 अगस्त तक मनाया जाता है और इस साल की थीम है - स्तनपान- जीवन की टिकाऊ शुरुआत, जो कारगर है उसे और मजबूत करें। तकनीकी सत्र में डॉ. सलमान खान (बाल रोग विशेषज्ञ, वीरांगना अवंतीबाई अस्पताल, लखनऊ) ने बताया कि शिशु को जन्म के पहले छह महीने तक केवल माँ का दूध चाहिए- पानी भी नहीं, गर्मी में भी नहीं। साथ ही सही पोजीशन, भूख के शुरुआती संकेतों को पहचानना और माँग पर स्तनपान कराना ज़रूरी है।

डॉ. भूपेन्द्र शर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ, बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर) ने प्रतिभागियों को स्तनपान सुरक्षा ऐप के बारे में बताया, जिससे कोई भी नागरिक सीधे उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। उन्होंने कहा कि जन्म के पहले घंटे में स्तनपान और छह महीने तक केवल स्तनपान, बच्चे के जीवन और विकास की रक्षा के लिए सबसे कारगर उपाय हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, उत्तर प्रदेश में जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने की दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है - यह दर 2021 में एनएफएचएस-5 के 23.9 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में एनएफएचएस-6 में 43.1 प्रतितशत हो गई है, यानी 19.2 प्रतिशत अंकों की बढ़ोतरी। संस्थागत प्रसव में भी लगातार सुधार हुआ है, जो प्रसव के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के बढ़ते उपयोग को दिखाता है - यह दर एनएफएचएस-6 में 85.9 प्रतिशत रही। यूनिसेफ के न्यूट्रिशन स्पेशलिस्ट रबी नारायण परही, एनएचएम के जनरल मैनेजर डॉ. मिलिंद वर्धन, एनएचएम में मातृ स्वास्थ्य की जनरल मैनेजर डॉ. डिक्सिट, आईसीडीएस की उप निदेशक डॉ. अनुपमा शानादिल्य, और डीजी हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर से जेडी आरसीएच डॉ. ए.के. सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।

# एलडीए के घूसखोर अवर अभियंता समेत तीन रिश्वत लेते गिरफ्तार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**7.50 लाख रुपये बरामद**

राजधानी में शुक्रवार को विजिलेंस टीम ने 15 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एलडीए के एक अवर अभियंता, एक सुपरवाइजर और एक निजी व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ सेक्टर से शिकायत की थी कि एलडीए के अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा ने उसके निर्माण कार्य को बंद कराने की धमकी दी। शिकायतकर्ता से कहा कि उसके निर्माण के संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत हुई है। मामले का निस्तारण कराने के लिए निजी व्यक्ति श्रवण कुमार से संपर्क करने को कहा। शिकायत के अनुसार, श्रवण कुमार ने शिकायतकर्ता को अस्पताल के गेट पर बुलाकर कहा कि यदि वह 15 लाख रुपये दे देता है तो उसके खिलाफकोई कार्रवाई नहीं होगी। बाद में एलडीए कार्यालय में अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा और सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश से मुलाकात हुई, जहां दोनों ने कथित तौर पर रिश्वत की मांग दोहराई।

शिकायतकर्ता ने एकमुश्त रकम देने में असमर्थता जताई तो 7.5-7.5 लाख रुपये की दो किस्तों में भुगतान की बात हुई। शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने के बजाय सतर्कता अधिष्ठान से कार्रवाई की मांग की। शिकायत की गोपनीय जांच में रिश्वत मांगने के आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए। इसके बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और 1 अगस्त 2026 को शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम लेते समय अवर अभियंता दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश और निजी व्यक्ति श्रवण कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# साफ रूके पानी में पनपता है डेंगू फैलाने वाला मच्छर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



डेंगू फैलाने वाला एडीज़ मच्छर गंदे नहीं, बल्कि स्वच्छ रुके हुए पानी में पनपता है। वे इसलिए प्रत्येक सप्ताह अपने घरों एवं आसपास कूलर, गमलों, बाल्टियों, ओवरहेड टैंकों, पुराने टायरों तथा अन्य जल-संग्रहण स्थलों की नियमित जाँच कर जमा पानी को हटाएं।

यह बातें किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लखनऊ के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. विमला वेंकटेश ने कही।

वह केजीएमूय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत शनिवार को संचारी रोगों से बचाव हमारी प्राथमिकता विषय पर आयोजित जन-जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि उन्होंने कहा कि सप्ताह में केवल दस मिनट का निरीक्षण मच्छरों के प्रजनन को काफी हद तक रोक सकता है और पूरे परिवार को डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रख सकता है। कार्यक्रम में विभाग के एम.डी. रेज़िडेंट्स द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण विषय पर पोस्टर प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत हाथों की सही स्वच्छता, ओआरएस बनाने की विधि, मच्छरों के प्रजनन स्थलों की रोकथाम तथा मच्छररोधी उपायों के सही उपयोग का लाइव प्रदर्शन किया गया। साथ ही इंटरएक्टिव क्विज़, मिथक बनाम तथ्य सत्र तथा विशेषज्ञ परिचर्चा के माध्यम से संचारी रोगों से संबंधित भ्रांतियों का निराकरण किया गया तथा प्रतिभागियों को वैज्ञानिक तथ्यों से अवगत कराया गया।

### उ.प्र. पुलिस में हर सप्ताह वीकेंड ट्रेनिंग टारगेट लागू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण ने पुलिसबल की व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रत्येक सप्ताह वीकेंड ट्रेनिंग टारगेट लागू करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सक्षम, तकनीक-सक्षम, नागरिक-केंद्रित पुलिस के विजन के अनुरूप है। डीजीपी की अध्यक्षता में गठित कैपेसिटी बिल्डिंग यूनिट (सीबीयू) अब आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर यूपी पुलिस के प्रशिक्षण की नियमित समीक्षा करेगी। डीजीपी नें निर्देश दिया कि हर सप्ताह पोर्टल से विषय-विशेष ऑनलाइन पाठ्यक्रम चुना जाएगा। सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी प्रभावित किए बिना शनिवार-रविवार को यह कोर्स पूरा करेंगे। हर सोमवार को प्रशिक्षण की प्रगति और सहभागिता की समीक्षा होगी।

**सराहनीय**

### सरकार की गो संरक्षण नीति से निकला रोजगार का नया रास्ता

# दुग्ध आधारित उत्पादों की विदेश में अब बढ़ी मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सरकार की गो संरक्षण नीति ने उत्तर प्रदेश में गो सेवा को रोजगार और उद्यमिता के नए मॉडल में बदल दिया है। यह व्यवस्था अब स्वरोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों के कारोबार का मजबूत आधार बन रही है। बड़े उद्यमी, इंजीनियर, सामाजिक संस्थाएं व अन्य लोग भी गो संरक्षण के क्षेत्र में उतर कर देसी गायों पर आधारित उत्पादों के जरिए नई आर्थिक संभावनाएं तैयार कर रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश में गो सेवा के साथ रोजगार का नया रास्ता खुला है।

प्रदेश में देसी गायों के पंचगव्य, आयुर्वेदिक औषधियों, जैविक उत्पादों और पारंपरिक खाद्य सामग्री की मांग लगातार बढ़ी है। इन उत्पादों का बाजार अब केवल अपने प्रदेश या देश तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, दुबई और यूरोप के कई देशों तक फैल चुका है। गो आधारित उद्योगों के विस्तार से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला है और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत तैयार हुए हैं।

करीब डेढ़ दशक तक विदेशी कंपनियों के लिए काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर असीम रावत ने गो संरक्षण के क्षेत्र में कदम रखा। गाजियाबाद स्थित उनकी संस्था 'हेता ऑर्गेनिक' आज देसी गायों के संरक्षण के साथ करीब 10 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार कर रही है। यह संस्था केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि वृद्ध गोवंश को भी आश्रय देती है और उनकी नियमित देखभाल करती है। यहां देशी गायों के दूध से 150 से अधिक प्रकार के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इनमें 2 बिलौना घी, ब्राह्मी घृत, पंचगव्य घृत, देसी गाय का दूध, कुकीज, लड्डू, शतधौत घृत, हेल्दी मिठाइयां, स्नैक्स, हर्बल चाय, पेय पदार्थ तथा स्किन और हेयर केयर उत्पाद शामिल हैं।

बुलंदशहर निवासी पर्यावरण इंजीनियर पराग गौड़ भी गो संरक्षण के क्षेत्र में सफल उद्यमी के रूप में उभरे हैं। लगभग 70 देसी गायों के माध्यम से वे दूध, घी, विशेष प्रकार के च्यवनप्राश समेत अन्य उत्पाद तैयार करते हैं। उनका सालाना कारोबार करीब सवा करोड़ रुपये का है। इस उद्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार भी पैदा हुआ है और गो आधारित उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है।

### योगी सरकार का जोर देसी नस्ल पर

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार उन्नत और उच्च उत्पादकता वाली देसी नस्ल की गायों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रोत्साहन दे रही है। उनका कहना है कि गो संरक्षण को आजीविका, जैविक/प्राकृतिक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़कर राज्य में नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं। इससे गो सेवा के साथ रोजगार और उद्यमिता के नए रास्ते खुल रहे हैं।

# बेसिक-माध्यमिक शिक्षा विभाग में 5.23 लाख से अधिक शिक्षक-कार्मिकों ने पूरी की ई-केवाईसी

- कैशलेस चिकित्सा योजना को मिला रिकॉर्ड रफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को नई मजबूती देते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के क्रियान्वयन में रिकॉर्ड गति हासिल की है।

08 जुलाई को वाराणसी से बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए योजना के शुभारंभ के मात्र 22 दिनों में लगभग 42 प्रतिशत पात्र शिक्षक-कार्मिकों की ई-केवाईसी पूरी कर ली गई है। इसी क्रम में 26 जुलाई को आगरा से उच्च शिक्षा विभाग के लिए योजना शुरू होने के मात्र चार दिनों में ही लगभग 47 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद लाभार्थियों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 20 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने योजना का प्रारूप, पोर्टल, सूचीबद्ध अस्पतालों की व्यवस्था तथा अन्य विभागीय तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी कीं। घोषणा के मात्र 138 दिनों के भीतर 8 जुलाई को वाराणसी से मुख्यमंत्री ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ कर दिया। इसके 18 दिन बाद 26 जुलाई को आगरा से उच्च शिक्षा विभाग को भी योजना के दायरे में शामिल कर लिया गया। कम समय में मिली यह प्रगति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और शासन स्तर पर की जा रही सतत निगरानी का प्रमाण है। तीनों शिक्षा विभागों के कुल 12,89,018 पात्र शिक्षक-कार्मिकों में से 5,40,878 शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित ई-केवाईसी पूरी कर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना से जुड़ चुके हैं। योजना का उद्देश्य प्रदेश के शिक्षा परिवार को सुदृढ़ स्वास्थ्य सुरक्षा कवच उपलब्ध कराना है।

## खबरें एक नजर में

### हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई जबकि साथ घायल हो गया । पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है । मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं घायल को जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। शनिवार को पूर्वान्ह करीब 11 बजे कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित कपसेंडा गांव के एक पेट्रोल पंप के पास की है। जानकारी के मुताबिक बाइक से दो लोग जा रहे थे । तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी । हादसे में हरदोई के संडीला निवासी बाइक सवार शिवकुमार पुत्र राम प्रकाश 40 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथी हरदोई के ही गांव माकुम कुआँ निवासी जवाहरलाल पुत्र मैकू लाल घायल हो गए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी बाइक से साथी शिव कुमार के साथ चंडीगढ़ जा रहे थे।इसी दौरान यह हादसा हो गया।

### बालिका से पांच किशोरों ने किया सामूहिक बलात्कार

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** स्कूल में बच्चों के साथ खेल रही बालिका से बलात्कार किए जाने की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पहुंची पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल को भिजवाया। तदोपरांत आरोपी किशोरों को धर दबोचा । उधर पीड़िता की मां ने पांच किशोरों द्वारा बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 31 जुलाई को वह अपने प्रधान भाई को देखने मायके गई हुई थी । उसकी 12 वर्षीय बेटी एक स्कूल के पास मैदान में खेल रही थी । इसी दौरान गांव बख्तियार पुर के शिवम पुत्र मटरु , सत्यम पुत्र मिलाप सिंह , सतवीर पुत्र झब्बू , विकास पुत्र मेवाराम व श्यामू पुत्र मनोहर खेल रहे थे जो शाम करीब करीब पांच वजे बेटी को गन्ने के खेत मे ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया है। यह बात उसके घर पहुंचने पर बेटी ने रो रो कर बताई पुलिस ने रात में ही उक्त पांचों आरोपियों को धर दबोचा। सीओ विद्युत सक्सेना ने बताया कि घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है । पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### पुण्यतिथि आज मनाई जाएगी

**शाहजहांपुर।** 1 अगस्त राजा अजय सिंह परौर की छठी पुण्यतिथि कल (आज ) वरिष्ठ समाजसेवी एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे राजा अजय सिंह परौर की छठी पुण्यतिथि 2 अगस्त दिन रविवार को प्रातः 10:00 बजे बरेली मोड़ स्थित निकट नवीन पुलिस चौकी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला कार्यालय पर बनाई जाएगी। इस सूचना की जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ जिला मंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार(एड0) ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

### चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय गौतम मौर्य की



चाकुओं से गोदकर की गई निर्मम हत्या ने पूरे जिले को झकझोर दिया। सोशल मीडिया पर युवती की फोटो पोस्ट करने को लेकर शुरू हुआ विवाद शुक्रवार रात खूनी अंजाम तक पहुंच गया। सुनियोजित साजिश के तहत मुख्य आरोपी समीर इदरीसी ने पहले गौतम से लिफ्ट मांगी और फिर सुनसान रास्ते में सिर व कंधे पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने कथित तौर पर इंस्टाग्राम पर 'मार दिया' लिखकर स्टेटस भी लगा दिया। हत्या के बाद ग्रामीणों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। शनिवार तड़के हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कराने ले जाते समय आरोपी ने उसी चाकू से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। कांस्टेबल देवेंद्र के हाथ में गंभीर चोट लगी। इसके बाद आरोपी पुलिस को धक्का देकर भागने लगा। आत्मरक्षा में पुलिस ने फायरिंग की, जिसमें गोली उसके पैर में लगी और उसे दोबारा गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया । हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़ेली निवासी विनोद पुत्र रक्षपाल 26 ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी तिलहर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उसे जिला मेडिकल कॉलेज न ले जाकर एक निजी अस्पताल ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# डीएम व रेड क्रॉस अध्यक्ष की मानवीय पहल का इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय प्रांगण स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाहजहाँपुर के कार्यालय में सचिव डॉ. विजय जौहरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के जिलाधिकारी एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, शाहजहाँपुर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर पंजीकृत चिकित्सकों की बायोमेट्रिक (अंगूठे के निशान) आधारित उपस्थिति व्यवस्था लागू किए जाने की पहल का सर्वसम्मति से स्वागत किया गया। डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि इस व्यवस्था से यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि अल्ट्रासाउंड मशीनों का संचालन केवल अधिकृत एवं पंजीकृत चिकित्सकों द्वारा ही किया जाए। इससे चिकित्सा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ेगी, आमजन विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर



परिवारों का विश्वास मजबूत होगा तथा अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि इस पहल से कन्या भ्रूण हत्या, असुरक्षित गर्भपात तथा उनसे जुड़ी मातृ मृत्यु की घटनाओं में कमी लाने के प्रयासों को महत्वपूर्ण बल मिलेगा। यह निर्णय केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा, नारी सम्मान और सुरक्षित मातृत्व के संरक्षण की दिशा में एक मानवीय एवं दूरदर्शी पहल है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी को प्रसन्नता और गौरव है कि जनपद के जिलाधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने मानवता, नारी सम्मान और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह सराहनीय पहल की है।

उनका विश्वास है कि यह मॉडल प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस जनहितकारी पहल की जानकारी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के सम्बंधित पदाधिकारियों के संज्ञान में लाएगी जिसमे रेडक्रॉस के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति राष्ट्रीय सभापति केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार प्रदेश अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल महोदया और प्रदेश सभापति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक के संज्ञान जाएगा, ताकि इस अभिनव व्यवस्था को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा सके।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे नवाचार चिकित्सा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने, महिला सम्मान एवं सुरक्षित मातृत्व को सुदृढ़ करने, जनस्वास्थ्य की रक्षा करने तथा आम नागरिकों का स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 में से 17 शिकायतों का निस्तारण



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** तिलहर तहसील परिसर में माह के प्रथम शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी नीलिमा यादव एवं क्षेत्राधिकारी विद्युष सक्सेना की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस दौरान कुल 60 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए 17 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि फरियादियों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**पुवायां।** खाना बनाने के लिए पीपा से चावल लेने गई महिला को सर्प ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। गांव हरदुआ निवासी 32 वर्षीय गुड़िया पत्नी ओमकार शुक्रवार की शाम को खाना बनाने के लिए घर के कमरे में चावल लेने गई थी। जब उसने कमरे में रखे पीपा को खोला ओर उसमे से चावल निकाले उसी समय छिपा बैठा सिर्फ ने उसके हाथ मे काट लिया। जब परिजनों को जानकारी हुई तो उसे झार फूंक कराने के लिए गांव पहुँचे जब हालत बिगड़ती देख परिजन उसे पुवायां सीएचसी लेकर आये।

लेकिन जहां उसकी मौत हो चुकी थी। उसके बाद पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# औद्योगिक कॉरिडोर के भूमि अधिग्रहण के खिलाफ फूटा किसानों का गुस्सा

**घंटों प्रदर्शन करने के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया और प्रशासन की ओर से किसी भी तरह का अनुचित दबाव बनाया गया, तो वे तहसील परिसर में लोकतांत्रिक तरीके से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद से स्थानीय प्रशासनिक अमले में हलचल तेज हो गई है, और किसान अपनी जमीनों को बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। इस आंदोलन के चलते क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है और सबकी निगाहें अब जिला प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं।

**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** तहसील क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित औद्योगिक कॉरिडोर के द्वितीय चरण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया ने तूल पकड़ लिया है। क्षेत्र के छह गांवों के किसानों ने प्रशासन के इस कदम के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए मोर्चा खोल दिया है। किसानों का साफ कहना है कि कृषि ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है और जमीन छिन जाने से उनके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। ?प्रशासन द्वारा हाल ही में 16 जुलाई को जारी सूचना के अनुसार, दुमकापुर, कुरावंडा, नगरिया भूड़, लहरारा, मछरिआई और पल्हरई गांव की उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण



किया जाना प्रस्तावित है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही इन गांवों के सैकड़ों किसान और भूस्वामी लामबंद होने लगे थे। विरोध स्वरूप दर्जनों किसानों ने जलालाबाद तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों की मांग थी कि जब तक जिलाधिकारी खुद आकर उनका ज्ञापन नहीं लेंगे, तब तक धरना जारी रहेगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। लंबी बातचीत के बाद किसानों ने अधिकारियों को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने प्रशासन के सामने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग यह है कि उनकी उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण पूरी तरह से रद्द किया जाए। यदि सरकार परियोजना को आगे बढ़ाना चाहती है, तो उन्हें प्रति बीघा 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। दूसरी मांग प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक सदस्य को स्थायी रोजगार देने की है, ताकि उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके।



## शिवपुराण कथा का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर में शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। नगर के देवस्थान मंदिर के सत्संगभवन हाल में दिव्य शिव पुराण कथा का शुभारंभ पंडित शिवलाल शुक्ला के श्री मुख से किया गया। इससे पूर्व नगर में कलश यात्रा और शोभायात्रा भी निकल गई। कथा शाम 4 बजे से शिव कथा का शुभारंभ किया गया । कथा का आयोजन 31 जुलाई दिन शुक्रवार से 6 अगस्त दिन गुरुवार महा रुद्राभिषेक के साथ कथा का विश्राम होगा। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान महाकाल से अपने और परिवार की रक्षा करने की प्रार्थना की। वही कथावाचक पंडित शिवलाल शुक्ला ने कहा कि सावन महीने में शिव भक्ति करने पर यश वैभव मिलता हैं ।यही कामना है। उन्होंने जय महाकाल हर हर महादेव,शिव तो है डमरू वाला जैसे भजन गाकर संगीतमयी शिव कथा सुनाई । शिव कथा के मुख्य यजमान नरेश सिंह चौहान , मुकेश कटियार आदि मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में 63 फरियादियों ने सुनाई फरियाद, पांच का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कलान तहसील में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार सिंह, मुख्यचिकित्सा अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा, तहसीलदार स्त्रजित कुमार,नायब तहसीलदार सगीर अहमद सहित संबंधित विभागों के लगभग सभी अधिकारी मौजूद रहे। तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अफसरों को देते हुए हस्तांतरित कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 18, राजस्व व पुलिस की संयुक्त 11, विकास सात, पुलिस की 12, एवं अन्य-15 शिकायतों सहित कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निस्तारित शिकायतों का संतुष्टि फीडबैक शिकायतकर्ताओं से अवश्य लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं।

सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उसकी समीक्षा कर शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को उसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी कलान कुलदीप सक्सेना, सहित कलान, परौर, मिर्जापुर थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत

- एक चालक घायल, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक चालक घायल हो गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात सुचारु कराया। घायल ट्रक चालक धर्मेंद्र सिंह (40) पुत्र लालाराम, निवासी बरखेड़ा खुर्द, थाना मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी ने बताया कि वह हरिद्वार से ट्रक में बाइक लादकर भदोही जा रहे थे। उनके अनुसार, सामने से आ रहे ट्रक के आगे एक मोटरसाइकिल आ गई। मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में दोनों ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे वह घायल हो गए। वहीं दूसरे ट्रक के चालक राजकिशोर, निवासी गढ़िया रंगीन, ने बताया कि वह ट्रक में रेत लादकर धर्मकांटा कराकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे।

इस दुर्घटना में उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है।

दुर्घटना के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। बाद में एनएचएआई और पुलिस की संयुक्त टीम ने हाइड्रा मशीन से दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क किनारे हटवाया।

इसके बाद यातायात को सुचारु रूप से चालू करा दिया गया।

# गौतम मौर्य हत्याकांडः आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना कांट क्षेत्र में हुई हिंदू युवक गौतम मौर्य की चाकू मारकर की गई हत्या को लेकर क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। इसी क्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी जलालाबाद मधुसूदन गुप्ता को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में वक्ताओं ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इस सनसनीखेज वारदात की निष्पक्ष, उच्चस्तरीय और त्वरित जांच की पुरजोर मांग की है। संगठन का कहना है कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की जल्द से जल्द पहचान कर उनके विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को समय पर न्याय मिल सके और क्षेत्र में कानून का भय बना रहे। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान न्याय की मांग को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते समय प्रदेश मंत्री एडवोकेट अर्पित भामाशाह, एडवोकेट प्रशांत राजपूत, एडवोकेट अंकित यादव और अनु सिंह एडवोकेट सहित राष्ट्रीय बजरंग दल के तमाम गणमान्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली उपकेंद्र पर भड़के किसान कार्यकर्ता



- भाकियू ने विधुत उपकेंद्र के कार्यलयों को किया बंद

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** बिजली की जर्जर लाइन को लेकर भाकियू (भानू) के कार्यकर्ताओं ने विधुत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद एक्सीयन के ड्राइवर से कहासुनी हो गई।

जिसके वाद भाकियू भड़क गए ओर विधुत उपकेंद्र के सभी कार्यलयों पर ताला लगा दिया। उसके बाद मौके पर पहुँचे एक्सीयन ने किसानों की समस्याओं को सुना साथ ही जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के कार्यकर्ताओं ने विधुत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन शुरू किया साथ ही बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि ब्लाक सिंधौली के गांव ढकिया हमीदनगर में बिजली लाइन पूरी तरह जर्जर हो चुकी है लेकिन विधुत विभाग का कोई भी अधिकारी इस पर ध्यान नही दे रहा है। जब कोई हादसा होगा तो बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद खुलेगी। इसी बीच एक्सीयन पुनीत निगम के ड्राइवर ने नीचे बैठे किसानों के सामने कुर्सी डाल दी तब किसानों ने कहा कि कुर्सी क्यों डाली है तो उन्होंने बताया कि साहब बैठेंगे। इसी बात को लेकर किसानों ने कहा कि जब हम जमीन पर बैठे है तो वह कुर्सी पर नही बैठ सकते है।

इसी बात को लेकर ड्राइवर ने कुछ अपशब्द कह दिए जिससे किसान कार्यकर्ता भड़क गए ओर कार्यलय बंद कर दिए। उसके बाद मौके पर पहुँचे एक्सीयन पुनीत निगम ने किसानों से वार्ता की ओर उनसे कहा कि गांव की। जर्जर लाइन तीन महीने के अंदर ठीक करा देंगी उसके बाद भाकियू ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। प्रदर्शन करने बालों जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल, युवा जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, जिलाउपाध्यक्ष सोनपाल सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष आलोक मिश्रा, तहसील अध्यक्ष रघुवीर सिंह नरेंद्र सिंह, सिविल त्रिवेदी, प्रादुम्मन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा जनता की आवाज दबाने का कार्य कर रही: प्रदेशाध्यक्ष

- भीषण बारिश में भी डटे रहे लोग
- कोरोकुइंया में संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड सिधौली क्षेत्र के तिलहर विधानसभा अंतर्गत गांव कोरोकुइंया स्थित नेहरू इंटर कॉलेज में शनिवार को कांग्रेस के 'संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम' का आयोजन जिला अध्यक्ष कांग्रेस से रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



अजय राय रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए अजय राय ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों की आवाज सुनने के बजाय उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कोरोकुइंया में भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का कार्यक्रम में डटे रहना जनभावनाओं का संकेत है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जनता बदलाव चाहती है। अजय राय ने हाल ही में सामने आए कथित चढ़ावा प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि 'भगवान के घर का चढ़ावा चोरी हुआ है और जनता इसका जवाब देगी।' वहीं सांसद राकेश राठौर ने महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। तेज बारिश के बावजूद कार्यकर्ता और समर्थक मैदान में डटे रहे। कई लोगों ने कुर्सियां सिर पर रखकर बारिश से बचते हुए पूरा कार्यक्रम सुना।

## खुदागंज-फरीदपुर मार्ग पर हल्की बारिश में जलभराव, राहगीरों को हो रही भारी परेशानी

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज-फरीदपुर मार्ग की बदहाल स्थिति एक बार फिर लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। हल्की बूंदाबांदी होते ही सड़क पर कई स्थानों पर पानी भर जाता है, जिससे पूरा मार्ग तालाब जैसा दिखाई देने लगता है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे जलभराव के कारण दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन चालकों को काफी सावधानी के साथ निकलना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अधिक जोखिम भरा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क की खराब स्थिति कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर इस समस्या को लेकर समाचार भी प्रकाशित होते रहे हैं, लेकिन अब तक सड़क की हालत में कोई



उल्लेखनीय सुधार देखने को नहीं मिला है। बारिश के दौरान जलभराव के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है, जिससे कई बार जाम जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। राहगीरों, व्यापारियों और आसपास के ग्रामीणों को प्रतिदिन इस मार्ग से आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर सिख काउंसिल ऑफ इंडिया ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

## कैंडल जलाकर अर्पित की अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

निडर क्रांतिकारी , देशभक्त, शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह के बलिदान दिवस पर सिक्ख कांउसिल आफ इंड़िया के तत्वाधान में प्रधान कार्यालय पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। सभा मे सिक्ख काउंसिल आफ इंड़िया पदाधिकारियो ने उनके चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुये जलियांवाला बाग नरसंहार के निर्दोष शहीदों को न्याय दिलाने के लिए शहीद उधम सिंह के अदम्य साहस, धैर्य और राष्ट्रभक्ति को



याद करते हुये नमन किया। इसके साथ कैंडल जलाकर शहीद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पदाधिकारियो ने कहा कि उनका बचपन का नाम शेर सिंह था और शेरो की तरह उन्होंने 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में पंजाब के पूर्व गवर्नर माइकल ओ'डायर को गोली मारकर मौत के घाट उतारा।

उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था।

आज की पीढ़ी को शहीदों की कुर्बानियों से प्रेरणा लेते हुए देश भक्ति की भावना और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा रखना चाहिए। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वालो मे प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा, उपप्रधान सरदार अमरजीत सिंह कालरा, सरदार मनदीप सिंह बग्गा, प्रत्यूष कांत शुक्ला, सरदार जितेंद्र सिंह, भूपिंदर पाल सिंह, शैलेंद्र चोपड़ा, सरदार हरविंदर सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, आसिफ़ खान, सलाम मोहम्मद, सरदार कवर सिंह पीयूष, डॉ शैलेंद्र सिंह, नवीन सेठ, डॉ जसविंदर सिंह, सरदार भूपेंद्र सिंह जुगनू, सरदार बलमीत सिंह, संजय मिश्रा, एडवोकेट जसमीत सिंह, रणधीर सिंह सुमन, सतनाम सिंह, त्रिपथ सिंह, आसिफ़ अंसारी आदि शामिल रहे।

# सावनी मेले की व्यवस्थाओं का डीएम ने की समीक्षा

**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।**



लोधेश्वर महादेवा मे चल रहे सावनी महोत्सव का डीएम ईशान प्रताप सिंह एंव एसपी अर्पित विजय वर्गीय ने दल बल के साथ मेला क्षेत्र का भ्रमण और आडीटोरियम मे बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियो,कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया।पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिये।सभी लोग सेवा भावना के साथ ड्यूटी करें।श्रद्धालुओ के साथ मित्रवत पेश आये।पुलिस कप्तान ने कहा मंदिर के गर्भ ग्रह और बैरीकेटिंग के पास लगें पुलिसकर्मी बेहद सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। श्रद्धालुओं के अलावा भारी वाहनो पर रविवार सोमवार को पूरी तरह रोक रहेगी।स्थानीय लोगो को असुविधा न हो इसका भी पुलिसकर्मी ख्याल रखें जिस स्थान पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी है उसके बाद ड्यूटी मे लगे पुलिसकर्मी न आ जाए तब तक स्थान न छोड़े।प्रभारी जोनल मजिस्ट्रेट के साथ निरंतर भ्रमण करते रहे।जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए जिले की सभी सीएचसी पर डॉक्टरों की उपस्थित सुनिश्चित की जाए।गोंडा बहराइच से आने वाले वाहनो को चौकाघाट से मरकामऊ की ओर डायवर्ट किया जाय। रामनगर तिराहे से महादेवा की तरफ वाहनो का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी एवं पुलिस प्रमुख ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और सावन मास के पहले सोमवार को शिवभक्तों की भारी आमद के मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने को कहा।

पार्किंग स्थलों को मंदिर परिसर प्रवेश द्वार निकास द्वार बैरीकेटिंग, अभरन सरोवर, बोहनिया तालाब का भी स्थलीय निरीक्षण किया।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइक की टक्कर में अधेड़ की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में शनिवार की दोपहर औसानेश्वर मार्ग पर बिबियापुर मोड़ पर दो बाइक आमने-सामने टकरा गई। हादसे के बाद घायल थाना हैदरगढ़ के ही लखनी चक मजरे बारा गांव निवासी रमेश कुमार 50 वर्ष को पुलिस सीएचसी लेकर गई। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा दिया है।

### मकान निर्माण के लिए रखे 3.60 लाख रुपये व जेवरात चोरी

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** कोतवाली क्षेत्र के उमरापुर राय साहब गांव में शुक्रवार देर रात बेखौफ चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर मकान निर्माण के लिए रखे 3.60 लाख रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि चोरों ने घर में कोई संदिग्ध पदार्थ छिड़क दिया, जिससे परिवार के सदस्य गहरी नींद में सोते रहे। हालांकि, इस दावे की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है और पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। गांव निवासी धीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान के पीछे से छत पर चढ़े और आंगन में लगी लोहे की जाली की सरिया काटकर घर के भीतर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्सों के ताले तोड़ दिए। पीड़ित के अनुसार चोर घर से करीब 3.60 लाख रुपये की नकदी के अलावा सोने का हार, झुमकी, भेसर, मांगबंदी, अंगूठी तथा चांदी की करधनी, पायजेब, हाथफूल और पायल समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी गई नकदी हाल ही में खेत बेचने के बाद मकान निर्माण के लिए घर में रखी गई थी। शनिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे उनकी पत्नी कुशमा की नींद खुली तो घर के मुख्य दरवाजे खुले मिले और कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर डायल-112 और स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। चोरी की घटना के साथ ही परिवार द्वारा लगाए गए संदिग्ध पदार्थ छिड़ककर बेहोश किए जाने के आरोप की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. विजय कृष्ण यादव जीआईसी के बने प्रिंसिपल

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील स्थित राजकीय इंटर



कॉलेज में डॉ विजय कृष्ण यादव ने शनिवार दोपहर करीब दो बजे नए प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत, विद्यालय स्टाफ और शिक्षकों ने प्रधानाचार्य डॉ विजय कृष्ण यादव का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और विद्यालय की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।प्रधानाचार्य यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के हितों की रक्षा करना, विद्यालय में अनुशासन बनाए रखना और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बेहतर शैक्षिक माहौल देने का आश्वासन दिया।उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनंत कुमार यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** कोतवाली असंद्रा क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले में किशोरी के पिता ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 31 जुलाई की सुबह करीब छह बजे उनकी 17 वर्षीय बेटी अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने कोतवाली असंद्रा पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। तहरीर में पिता ने आरोप लगाया है कि एक युवक उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संभावित स्थानों पर पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है और किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गोला में डीएम-एसपी का दोहरा फोकस

▸ **पहले समाधान दिवस फिर कांवड़ मेले की तैयारियों की समीक्षा**

**समृद्धि न्यूज, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।**



सावन शुरू होने से पहले शनिवार को गोला गोकर्णनाथ में डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग का पूरा फोकस जनसमस्याओं के निस्तारण और कांवड़ मेले की तैयारियों पर रहा। दोनों अधिकारियों ने पहले तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं, इसके बाद नीलकंठ मैदान पहुंचकर कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भूमि विवादों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर कार्रवाई करने तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।

समाधान दिवस के बाद नीलकंठ मैदान में आयोजित ड्यूटी ब्रीफिंग में डीएम ने कहा कि छोटी काशी आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु प्रशासन का अतिथि है। उसकी सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को ड्यूटी प्वाइंट, रूट प्लान और आपातकालीन व्यवस्था की पूरी जानकारी रखने के साथ भीड़ प्रबंधन, पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थलों और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मंदिर में दर्शन व्यवस्था के अनुरूप ही श्रद्धालुओं को आगे बढ़ाया जाए, ताकि अनावश्यक भीड़ न हो। वन क्षेत्रों से गुजरने वाले कांवड़ मार्गों पर विशेष निगरानी रखने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया।

एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिस अधिकारियों को श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने, मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में जेबकतरों, स्नैचरों व संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने वायरलेस संचार व्यवस्था को सक्रिय रखने, बिना रिलीवर ड्यूटी न छोड़ने और प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने को कहा।

# ग्रामीण जल जीवन मिशन के एक्सईएन के निरीक्षण में खुली हकीकत



▸ **अधिकारियों के पहुंचते ही शुरू हुई जलापूर्ति**

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**

ग्रामीण जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता सहित विभागीय अधिकारियों ने शनिवार को धौरहरा तहसील क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पानी की सप्लाई चालू मिली, लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के आने की सूचना मिलते ही जलापूर्ति शुरू कराई गई। ईसानगर विकासखंड की ग्राम पंचायत लखपेड़ा में निरीक्षण के समय कहीं बूंद-बूंद पानी टपकता मिला तो कई घरों तक पानी पहुंचा ही नहीं था। ग्रामीण महिला कमला देवी ने कहा, आज अधिकारी फोटो लेने आए थे, तभी पानी आया। इससे पहले नियमित जलापूर्ति नहीं होती थी। ग्रामीण अवधराम, उमप्रताप, दुर्गेश, जयशंकर, बनवारी, शंभू, टीकाराम और सुनीता ने बताया कि उनके घरों तक अभी भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। उनका कहना था कि एक लोटा पानी भरने के लिए करीब 12 घंटे इंतजार करना पड़ता है। वहीं राजेश्वरी ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद से आज तक उनके घर पानी नहीं पहुंचा। बृजलाल और ओमप्रकाश ने बताया कि उनके यहां अभी तक नल कनेक्शन भी नहीं किया गया है। सरकारी भवनों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। पंचायत भवन में पानी की सप्लाई नहीं थी, जबकि प्राथमिक विद्यालय में बिना टोटी के पाइप से बूंद-बूंद पानी गिरता मिला। ग्रामीणों ने टूटी सड़कों की मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज ठीक कराने और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी अधिकारियों के सामने रखी।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने एक्सईएन के सामने शिकायतों की झड़ी लगा दी। अधिकारियों ने समस्याओं की जांच कर आवश्यक कार्रवाई और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन की औपचारिकताएं तो पूरी होती दिख रही हैं, लेकिन योजना का वास्तविक लाभ अभी भी अधिकांश परिवारों तक नहीं पहुंच पाया है। फिलहाल निरीक्षण के बाद ग्रामीणों को एक बार फिर समस्याओं के समाधान का आश्वासन मिला है।

# हर-हर महादेव के जयघोष के बीच गोला के लिए रवाना हुए कांवड़िए, जगह-जगह हुआ स्वागत



**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।**

पवित्र सावन मास के पहले सोमवार से पूर्व मितौली-गोला मार्ग पर शनिवार को भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों के जत्थे उत्साह के साथ रवाना हुए। डीजे की धुन और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के बीच कांवड़िए तांडव नृत्य करते हुए गोला गोकर्णनाथ स्थित छोटी काशी के लिए निकले। पौराणिक मान्यता के अनुसार सावन में भगवान शिव को गंगाजल, बेलपत्र अर्पित करने और दर्शन-पूजन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के साथ श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लेकर समूहों में यात्रा पर निकले। यात्रा को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत मार्ग पर चौराहों और तिराहों सहित संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ती रही। मार्ग में कस्बे और आसपास के ग्रामीणों ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। महिलाओं ने तिलक लगाकर, कलावा बांधकर तथा जलपान कराकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। वहीं प्रशासन की ओर से यात्रा मार्ग पर मांस-मछली की दुकानों को हटाकर अन्य सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

### मोहम्मदी में नहीं दिखे कांवड़िया हेल्पलाइन व सुविधा शिविर स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)।** सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए हेल्पलाइन, चिकित्सा सहायता, पेयजल, विश्राम स्थल एवं सुविधा शिविर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में अब तक पुलिस की ओर से कोई कांवड़िया हेल्पलाइन सार्वजनिक नहीं की गई है और नगर पालिका की ओर से भी सुविधा शिविर स्थापित नहीं किए गए हैं। स्थानीय नागरिकों का दावा है कि बड़ी संख्या में कांवड़ श्रद्धालु इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उनके लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार, विश्राम और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

# ओयल उप डाकघर पर फर्जीवाड़े का आरोप, शिकायतकर्ताओं को धमकाने की भी शिकायत

▸ **उपभोक्ताओं ने खातों में अनियमितता, देरी और दबाव बनाने के आरोप**
▸ **डाक सचिव व पीएमजी से कार्रवाई की मांग**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**




जिले के ओयल उपडाकघर में खातों के संचालन और खोलने में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। कई उपभोक्ताओं ने उपडाकपालों पर फर्जीवाड़ा, लापरवाही तथा शिकायत करने पर दबाव बनाने और धमकाने का आरोप लगाया है।

मामले की शिकायत डाक सचिव, नई दिल्ली तथा पोस्टमास्टर जनरल (पीएमजी) बरेली से की गई है। ग्राम ढुसरू निवासी प्रदीप कुमार का आरोप है कि उनके आधार और नाम का इस्तेमाल कर किसी अन्य व्यक्ति के नाम से फर्जी आरडी (रिकरिंग डिपॉजिट) खाता खोल दिया गया।

उनका कहना है कि शिकायत करने के बाद 24 जुलाई 2026 की रात करीब 10 बजे ओयल उपडाकपाल अरविंद कुमार अवस्थी और नई बस्ती उपडाकपाल राकेश मौर्य उनके घर पहुंचे, समझौते का दबाव बनाया और मना करने पर उन्हें मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गए।

प्रदीप का आरोप है कि रास्ते में उन्हें धमकाया गया और बाद में सड़क पर छोड़ दिया गया। इसी गांव के मनोज ने आरोप लगाया कि फरवरी में आवेदन देने के बावजूद उनका बचत खाता करीब पांच माह तक नहीं खोला गया।

उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद जुलाई में खाता खोलकर पासबुक दी गई। साधुरी देवी का भी आरोप है कि उनका खाता चार माह तक लंबित रखा गया और बाद में उनकी अनुमति व दस्तावेजों के बिना जुलाई में खोल दिया गया।

गांव के अमन अली ने आरोप लगाया कि उनकी सावधि जमा (टीडी) बंद करने की प्रक्रिया में करीब एक माह लगा, जिससे समय पर धनराशि न मिलने के कारण उनका दाखिला प्रभावित हुआ।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित कर्मचारी यूनियन के प्रभाव का हवाला देकर उपभोक्ताओं को डराते हैं और उच्च अधिकारी भी मामले में कार्रवाई करने के बजाय कर्मचारियों का बचाव कर रहे हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि उपडाकपाल बिना अनुमति के नियमित रूप से कार्यालय छोड़कर लखीमपुर चले जाते हैं।

पीड़ितों ने डाक सचिव, नई दिल्ली और पीएमजी बरेली से सीसीएस (सीसीए) नियमों के तहत मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### रेउसा में सचिव पर शिकायतों का अंबार, जांच की रफ्तार पर उठे सवाल

**सीतापुर।** विकासखंड रेउसा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी संतलाल पटेल से संबंधित विभिन्न शिकायतों के निस्तारण में हो रही देरी को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कई मामलों में संबंधित अभिलेख और ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध होने के बावजूद जांच प्रक्रिया अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही है। शिकायतों के अनुसार, ग्राम पंचायत मल्लापुर में पूर्व प्रधान के बैंक खाते में वर्तमान प्रधान के मानदेय का भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत काशीपुर में भी एक ही बैंक खाते में निर्धारित सीमा से अधिक भुगतान किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने इन मामलों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही 15वें एवं 5वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में कराए गए विकास कार्यों और उनसे जुड़े भुगतानों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग भी प्रशासन से की गई है।

# संपूर्ण समाधान दिवसः सात तहसीलों में 652 शिकायतें, 96 का मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सिधौली में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की शिकायतों का निष्पक्ष और गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण कर पात्र लोगों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर पहुंचकर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर जोर दिया। तहसील सिधौली में कुल 274 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 52 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयसीमा के भीतर कार्रवाई के लिए भेजा गया। जनपद की अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज हुईं। तहसील सदर में 60 में से 6, महोली में 47 में से 5, मिश्रिख में 88 में से 10, महमूदाबाद में 68 में से 8, लहरपुर में 63 में से 7 तथा बिसवां में 52 में से 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जनपद की सभी सात तहसीलों में कुल 652 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 96 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेंट जॉन्स स्कूल की इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता में दिखा प्रतिभा का कमाल

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ।**



नगर की पंजाबी कॉलोनी स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के चारों हाउस–सेंट पॉल्स, सेंट पीटर्स, सेंट जॉन्स और सेंट जेम्स–के छात्र-छात्राओं ने शतरंज की बिसात पर अपनी रणनीति, धैर्य, सूझबूझ और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों ने सोच-समझकर चालें चलीं, जिससे कई मुकाबले अंतिम क्षणों तक रोमांचक बने रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना था। प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में किया गया। चारों हाउसों की ओर से कप्तानों ने अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व किया। सेंट पॉल्स हाउस की कमान केशव गुप्ता, सेंट जॉन्स हाउस की कृष्ण प्रताप सिंह, सेंट जेम्स हाउस की जयवीर पटेल तथा सेंट पीटर्स हाउस की ऋतुराज वर्मा ने संभाली। प्रतियोगिता का पहला चरण 30 जुलाई को शुरू हुआ, जिसमें सेंट जॉन्स और सेंट जेम्स हाउस के बीच मुकाबले हुए। दूसरे मुकाबले में सेंट पीटर्स और सेंट पॉल्स हाउस के खिलाड़ी आमने-सामने आए। दूसरे दिन चारों हाउसों के भीतर चयन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया। तीसरे दिन 1 अगस्त को चारों हाउसों के चयनित खिलाड़ियों के बीच इंटर हाउस फाइनल मुकाबले खेले गए। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और छात्र अपने-अपने हाउस के खिलाड़ियों का लगातार उत्साहवर्धन करते रहे। अंडर-14 वर्ग में सेंट जॉन्स हाउस के कक्षा 8-बी के छात्र अंश प्रताप ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेंट पॉल्स हाउस के कक्षा 7-बी के ओम गुप्ता दूसरे स्थान पर रहे, जबकि इसी हाउस के कक्षा 7-बी के स्पर्श जायसवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 वर्ग में सेंट जेम्स हाउस के कक्षा 10-सी के छात्र ईशान रस्तोगी ने उत्कृष्ट रणनीति और संयमित खेल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति शैलेन्द्र कुमार 5.8.2025 को शाम लगभग पांच बजे घर से अचानक बिना बताए कहीं चले गए थे। अभी तक वापस नहीं आए हैं। काफी खोजबीन करने पर भी उनका पता नहीं चल सका है।

संध्या रानी
पत्नी श्री शैलेन्द्र कुमार
ग्राम पनिहल थाना जैदपुर
जिला बाराबंकी
मो0-9956400158, 9026274775

## खाड़ी संकट : भारत के लिए बढ़ती चुनौती

मध्य पूर्व एक बार फिर अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। ईरान-इजराइल तनाव, गाजा संघर्ष, लाल सागर में हमले और महाशक्तियों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने पूरे खाड़ी क्षेत्र को अनिश्चितता के दौर में ला खड़ा किया है। यह संकट केवल क्षेत्रीय नहीं है, बल्कि भारत जैसे देशों के आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। ऐसे समय में भारत को अपनी विदेश नीति, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक रणनीति को और अधिक मजबूत तथा संतुलित बनाने की आवश्यकता है।

भारत और खाड़ी देशों के संबंध केवल तेल और गैस तक सीमित नहीं हैं। आज यह साझेदारी व्यापार, निवेश, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और मानव संसाधन तक फैल चुकी है। खाड़ी देशों में एक करोड़ से अधिक भारतीय रहते और काम करते हैं। उनके द्वारा भेजी जाने वाली अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारतीय अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण ताकत है। यदि क्षेत्र में लंबे समय तक अस्थिरता बनी रहती है तो सबसे पहले भारतीय प्रवासी, व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होंगे।

भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से पूरा करता है। कच्चे तेल और एलएनजी की आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान घरेलू महंगाई, परिवहन लागत और औद्योगिक उत्पादन पर सीधा असर डाल सकता है। लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे समुद्री मार्गों में तनाव बढ़ने का अर्थ है कि जहाजरानी महंगी होगी और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होगी। इसका प्रभाव केवल ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खाद्य पदार्थों, उर्वरकों और अन्य आयातित वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ेगा। व्यापार के मोर्चे पर भी खाड़ी भारत का सबसे बड़ा साझेदार समूह बन चुका है। दोनों पक्षों के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है और मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। लेकिन यदि भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है तो निवेश, व्यापार और नई परियोजनाओं की गति धीमी पड़ सकती है। ऐसे में भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए वैकल्पिक बाजारों और ऊर्जा स्रोतों की दिशा में भी समानांतर प्रयास करने होंगे। सबसे बड़ी चुनौती भारत की कूटनीति के सामने है। भारत के ईरान, इज़राइल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों से समान रूप से महत्वपूर्ण संबंध हैं। इनमें से कई देश एक-दूसरे के विरोधी भी हैं। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होने के बजाय संतुलित और व्यावहारिक नीति ही भारत के हित में है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने यही नीति अपनाई है और उसे आगे भी जारी रखना होगा। हालांकि केवल संतुलन पर्याप्त नहीं होगा। भारत को खाड़ी देशों के साथ अपने संबंधों को ऊर्जा व्यापार से आगे बढ़ाकर नई तकनीक, हरित ऊर्जा, रक्षा उत्पादन, डिजिटल अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और बुनियादी ढांचे तक विस्तारित करना होगा। इससे दोनों पक्षों की साझेदारी अधिक मजबूत और टिकाऊ बनेगी। साथ ही भारतीय कामगारों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर उच्च मूल्य वाले रोजगार उपलब्ध कराने पर भी ध्यान देना होगा। समुद्री सुरक्षा भी अब भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। हिंद महासागर और अरब सागर के समुद्री मार्ग भारत के व्यापार की जीवनरेखा हैं। इनकी सुरक्षा के लिए खाड़ी देशों के साथ संयुक्त अभ्यास, खुफिया सहयोग और समुद्री निगरानी को और मजबूत करना समय की मांग है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी परियोजनाओं की सफलता भी क्षेत्रीय स्थिरता पर निर्भर करेगी।

यह भी स्पष्ट है कि विश्व व्यवस्था तेजी से बहुध्रुवीय होती जा रही है। अमेरिका, चीन और रूस के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा का प्रभाव खाड़ी क्षेत्र पर भी दिखाई दे रहा है। भारत को किसी शक्ति-प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बनने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति पर कायम रहना चाहिए।

खाड़ी क्षेत्र की उथल-पुथल भारत के लिए केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि अपनी रणनीति को नए सिरे से मजबूत करने का अवसर भी है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश, मजबूत समुद्री सुरक्षा, तेजी से मुक्त व्यापार समझौता और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा जैसे कदम भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी समाधान बन सकते हैं। भारत और खाड़ी देशों के संबंध जितने गहरे होंगे, उतनी ही मजबूती से दोनों क्षेत्र वैश्विक अस्थिरता का सामना कर सकेंगे। आज आवश्यकता केवल संकट पर नजर रखने की नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति अपनाकर भविष्य को सुरक्षित बनाने की है। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।

### दो टूक




# चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर मोदी सरकार ने किया रुख स्पष्ट


नीरज कुमार दुबे

सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर ऐसी बहस छिड़ी, मानो लोकतंत्र की सबसे अहम संस्थाओं में से एक का भविष्य न्यायालय के कटघरे में खड़ा हो। एक ओर संविधान की आत्मा और निष्पक्ष चुनाव की कसौटी पर सवाल उठाते न्यायाधीश थे तो दूसरी ओर संसद की सर्वोच्चता और प्रधानमंत्री पद की गरिमा का पक्ष मजबूती से रखती केंद्र सरकार। सवालों और जवाबों का यह सिलसिला कई बार अदालत की बहस से आगे बढ़कर लोकतंत्र की बुनियादी अवधारणाओं पर गहन विमर्श में बदल गया।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनवाई के दौरान सबसे पहले यही सवाल उछाला कि यदि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसीएस) का पद लोकतंत्र के लिए इतना महत्वपूर्ण है, तो फिर उनके चयन की प्रक्रिया ऐसी क्यों न हो, जिस पर किसी भी प्रकार का संदेह न रहे? अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव आयोग केवल स्वतंत्र होकर काम करे, इतना पर्याप्त नहीं है; उसे स्वतंत्र दिखाई भी देना चाहिए।

इसी संदर्भ में अदालत ने सरकार से सीधा प्रश्न किया कि संसद ने 2023 का कानून बनाते समय चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को बाहर रखने का निर्णय आखिर किस आधार पर लिया? पीठ ने याद दिलाया कि सीबीआई निदेशक और लोकपाल जैसे महत्वपूर्ण पदों के चयन में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका स्वीकार की गई है, फिर चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान के मामले में यह व्यवस्था क्यों बदली गई?

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस तर्क का जोरदार प्रतिवाद किया। उन्होंने अदालत से कहा कि बहस की शुरुआत इस धारणा से नहीं हो सकती कि प्रधानमंत्री लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत आचरण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पद की अपनी गरिमा और पवित्रता है तथा जनता को उनके निर्णयों पर विश्वास होना चाहिए। तुषार मेहता ने सवालिया अंदाज में कहा कि यदि प्रधानमंत्री के फैसलों पर भरोसा ही नहीं किया जाएगा, तो क्या फिर मंत्रिमंडल के गठन के समय भी किसी पूर्व न्यायाधीश या बाहरी व्यक्ति से सलाह लेना अनिवार्य कर दिया जाए? उन्होंने यह भी दलील दी कि केवल इसलिए कि कार्यपालिका के पास संख्यात्मक बहुमत है, यह मान लेना उचित नहीं कि वह संविधान विरोधी या दुर्भावनापूर्ण निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के तीनों अंग यानि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका स्वतंत्र हैं और एक संस्था दूसरी की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।



लेकिन अदालत ने तुरंत स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य प्रधानमंत्री पर अविश्वास जताना नहीं है। पीठ ने कहा कि प्रश्न किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया का है जो जनता के विश्वास की कसौटी पर खरी उतरनी चाहिए। न्यायाधीशों ने कहा कि हम यह नहीं कह रहे कि वर्तमान समिति ने निष्पक्षता नहीं बरती है। लेकिन जैसे न्याय केवल किया ही नहीं जाना चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए, उसी प्रकार चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में भी निष्पक्षता दिखाई देनी चाहिए।

इसी दौरान अदालत ने सरकार से एक और तीखा सवाल पूछा। पीठ ने याद दिलाया कि पहले भी अदालत ने निर्वाचित सरकार पर भरोसा जताते हुए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को मंत्री न बनाने की अपेक्षा की थी। ऐसे में आज सरकार में कितने मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं? इस टिप्पणी के जरिए अदालत ने संकेत दिया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता केवल संवैधानिक प्रावधानों से नहीं, बल्कि सार्वजनिक विश्वास से भी तय होती है। हम आपको बता दें कि यह पूरा विवाद 2023 के उस कानून को लेकर है, जिसके तहत राष्ट्रपति मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री वाली चयन समिति की सिफारिश पर करते हैं। इससे पहले मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अंतरिम व्यवस्था के रूप में निर्देश दिया था कि जब तक संसद कानून नहीं बना देती, तब तक चयन समिति में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होंगे। बाद में संसद ने कानून बनाकर मुख्य न्यायाधीश की जगह केंद्रीय मंत्री को शामिल कर दिया। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने भी अदालत से कहा कि संसद की विधायी बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाना न्यायिक मर्यादा के अनुरूप नहीं होगा। उनका कहना था कि केवल इसलिए कि कोई दूसरा मॉडल बेहतर हो सकता है, संसद द्वारा चुनी गई व्यवस्था को असंवैधानिक नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संसद को इस प्रकार बाधित नहीं किया जा सकता। सरकार ने अपने हलफनामे में भी यही रुख दोहराया। केंद्र ने कहा कि यह आशंका पूरी तरह काल्पनिक है कि चयन प्रक्रिया में कार्यपालिका की प्रमुख भूमिका होने से चुनाव आयोग की स्वतंत्रता स्वतः प्रभावित हो जाएगी। सरकार ने याद दिलाया कि सात दशक से अधिक समय तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पूरी तरह कार्यपालिका द्वारा होती रही, लेकिन इस दौरान देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कभी बाधित नहीं हुए। इसलिए केवल आशंकाओं के आधार पर कानून को दोषपूर्ण नहीं माना जा सकता। सुनवाई के दौरान केंद्र ने यह आग्रह भी किया कि मामले में महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न जुड़े हैं, इसलिए इसे बड़ी संविधान पीठ को भेजा जाए। हालांकि वरिष्ठ अधिवक्ता डी. शेषाद्रि नायडू, गोपाल शंकरनारायणन, प्रशांत भूषण और संजय पारिख ने इसका कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि लगभग 20 दिन तक विस्तृत सुनवाई चलने के बाद अब इस आधार पर मामला बड़ी पीठ को भेजने की मांग करना केवल सुनवाई को टालने का प्रयास है। दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिसमें मामले को संविधान पीठ के पास भेजने की मांग की गई है। अब निगाहें अदालत के फैसले पर टिकी हैं, क्योंकि यह निर्णय केवल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता, संसद की विधायी शक्ति और जनता के भरोसे के बीच संतुलन की नई संवैधानिक रेखा भी खींच सकता है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# न्यायाधीश की टिप्पणी के मायने समझना आवश्यक

*अरुण कुमार दीक्षित*

पत्रकारिता का संबंध जन सरोकारों से है। पत्रकारिता लोकहित का माध्यम है। पत्रकारिता राष्ट्र के तीनों आयामों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका को सत्य, न्याय और पारदर्शी बनाने की प्रमुख भूमिका में होती है। तभी इसे राष्ट्र का चौथा स्तम्भ माना गया है। निरंकुश राजनीति पर प्रहार करती है। मानवीय मूल्यों की तरफदारी करती है पत्रकारिता। समाज में पत्रकारिता से नया वातावरण सृजित होता है। हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। पत्रकारिता जगत को आत्ममंथन करना चाहिए।
जुलाई माह में दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गिरीश कठपालिया की टिप्पणी के गहन और व्यापक अर्थ हैं। न्यायाधीश ने कहा कि मोबाइल और माइक लेकर घूमने वाला प्रत्येक व्यक्ति खुद को पत्रकार बताने लगा है। प्रेस की स्वतंत्रता जरूरी है लेकिन गैरजिम्मेदार पत्रकारिता से डराना-धमकाना बर्दाश्त नहीं होगा। न्यायाधीश की यह चिंता सही है। मोबाइल के आने के बाद अच्छी-बुरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। अच्छी वे खबरें जो जन सरोकारों से जुड़ी हों। राष्ट्र समाज के संवर्धन की हों। राष्ट्र समाज प्रथम की कार्रवाई से जुड़ी हर खबर अच्छी मानी जाएगी। बुरी खबरें वे हैं जिससे समाज टूटता हो। समाज विघटित होता हो। राष्ट्र की कानून-व्यवस्था को खतरा हो। डेढ़-दो दशक से करोड़ों सूचनाएं हैं। यह सूचनाएं व्यक्ति के मस्तिष्क को मथती हैं। व्यक्ति को तनाव में ले जाती हैं। हिंसक बनातीं हैं। हिंसा की ओर प्रेरित करने वाली होती हैं। कई बार लोग आत्महत्या तक कर लेते हैं। शुभता वाली सूचनाओं का अभाव है। सनसनी फैलाती खबरें समाज के लिए लाभदायक नहीं होती। अशुभ सूचनाओं की लोकप्रियता है। समाचार माध्यमों और पत्रिकाओं को व्यक्ति के लिए परामर्श वाले लेख लिखने पड़ रहे हैं कि तनाव में न रहें लोग। हरियाली वाले क्षेत्रों में पार्कों में घूमने जाएं। संगीत का आनंद लें। स्वस्थ रहें, मस्त रहें। करें योग रहे निरोग का स्मरण भी कराना पड़ रहा है। वीडियो जारी करने पड़ते हैं कि अमुक कार्य करने से तनाव हटता-घटता है। इसकी मुख्य वजह है बुरी सूचनाओं का आग की तरह भारी फैलाव। प्रत्यक्ष अपराध के मामलों की तरह अप्रत्यक्ष अपराध बढ़े हैं। हिंसा बढ़ी है। बैंकों में जमा धन खाताधारकों की बिना जानकारी के निकल जाता है। इसे साइबर क्राइम कहा गया है। इसको लेकर सरकार ने मोबाइल फोन के रिंगटोन में भी सतर्क रहने के संदेश डाले हैं। अज्ञात व्यक्तियों और मोबाइल नंबरों से दूरी बनाए रखने के भी संदेश हैं। मोबाइल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाएं आती हैं। समझना जरूरी है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई घटना नहीं होती। दोनों पक्ष दूर होते हैं। अज्ञात होते हैं। स्त्री या किसी काल्पनिक अपराध में संलिप्त बताकर व्यक्ति को डरा-धमका कर बैंक खातों में धन हस्तांतरित करा लिया जाता है। अश्लीलता का सहारा लेकर अपराध बढ़े हैं। स्त्रियों के विरुद्ध और स्त्रियों के द्वारा भी अपराधों को किया जा रहा है। इस पूरे सिस्टम में वीडियो, ऑडियो, रिकार्डिंग को लेकर चित्रों तक से ब्लैकमेलिंग का जोरदार खेल चल रहा है। जब तक पीड़ितों की शिकायतें पुलिस तक जाती हैं तब तक देर हो चुकी होती है। तथाकथित पत्रकारों द्वारा खबर चलाने की धमकी दी जाती है, आंशिक खबरें डालकर बुलाया जाता है, पीछा किया जाता है। तथाकथित पत्रकारों द्वारा किसी अच्छे काम को पल भर में मिथ्या आरोपी अपराधी करार दिया जाता है। इस तरह पत्रकारिता का चेहरा वीभत्स बनाए जाने में बड़ी संख्या में तथाकथित मोबाइल, माइकधारी जुटे हैं। हमें यह स्मरण रखना होगा कि भारत और भारत के बाहर भी हमारे पूर्वजों ने पत्रकारिता को गुलामी, शोषण, अत्याचार के विरुद्ध हथियार बनाया। सबसे बड़े पत्रकार महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध इंडियन ओपिनियन नामक समाचार पत्र निकाला था। बाद में यंग इंडिया, हरिजन, हरिजन सेवक, नवजीवन समाचार पत्रों ने गांधीजी को आकाश जैसी ऊंचाई दी। भारत में डॉ आंबेडकर ने मूकनायक, तिलक ने केसरी समाचार पत्र का संपादन किया था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को कलकत्ता (कोलकाता) से हिंदी का पहला समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड शुरू किया था।प्रताप नारायण मिश्र ने ब्राह्मण 1883 कानपुर और गणेश शंकर विद्यार्थी ने प्रताप 1913 कानपुर समाचार पत्र निकाला था। नेहरु ने नेशनल हेराल्ड 1938 और जी एस अयंगर ने द हिंदू निकाला था। समाचार पत्रों पर अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगाए। संपादकों और पत्रकारों को जेल में डाला, भारी जुर्माना लगाया। अंग्रेजों के अत्याचार से हम सबके पूर्वज डरे नहीं। उनके अंतस में भारत को स्वाधीन करने का महान सपना था। राष्ट्र सर्वोपरि की लगन थी। वे लोग अपने सपने को पूर्ण करके ही माने। प्रसिद्ध संचार शास्त्री मैकलुहान ने कहा था कि माध्यम ही संदेश है। रेडियो, प्रिंट, टेलीविजन और इंटरनेट जैसे पारम्परिक माध्यमों के साथ कृतिम मेधा हमारे बीच है। सबका उद्देश्य जनमानस का लोकहित ही है। आज स्थिति भयावह है। घर में, बस में, रेल में, होटल में, दफ्तर में कही जा रही बातों को मोबाइल से वीडियो बनाकर डाल देते हैं। रिकॉर्डिंग जारी कर देते हैं। प्रश्न है, इससे क्या लोकहित है। क्या स्वस्थ समाज बनाने का सपना है, नहीं। इसके कारण व्यक्ति की निजता घटी है। विश्वास का संकट बढ़ा है। अधिकारी, नेता, जनता सबका झूठ बोलना बढ़ा है। रिकार्डिंग भी कि आप कहीं यह न कहो कि हम नहीं बोले। प्रमाण है कि आप यह बोले थे। हम कह सकते हैं एक संदिग्धता भरा समाज बनने की ओर अग्रसर है भारत। लोग कह रहे हैं कि संचार से दूरी घटी है। हमारा मानना है कि व्यक्ति से व्यक्ति के बीच दूरी बढ़ी है। अविश्वास मजबूत हुआ। कारण सब जगह प्रमाण जुटाए जा रहे हैं और प्रमाण परिवारों को, समाज को तोड़ते हैं। समाज अलिखित संविधान से चलता है। संस्कारों से चलता है। राष्ट्र देश के संविधान से। विश्व में मुश्किलों भरा संसार निर्मित हो रहा है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया (एआई) से आप कुछ भी कर सकते हैं। आप जैसे नहीं हैं, वैसा फोटो और विडियो बन जाता है। जैसा चाहते हैं वैसा भी बन जाता है। घर में पहाड़ का दृश्य बन जाता है। आपका आपत्तिजनक चित्र बन जाएगा। आप पुरुष हैं तो स्त्री और स्त्री हैं तो पुरुष के रूप में प्रकट किया जाने का विज्ञान है। दुरुपयोग से लोग हैरान हैं। परेशान हैं। पीड़ित हैं। कुंठित हैं। डरे-सहमे हैं। कई फिल्मी हस्तियों के चित्र आपत्तिजनक बनाए गए। अन्य लोगों के भी आपत्तिजनक कंटेंट डाले गए। दिखाए गए। कुछ वर्ष से नई मुसीबत है। कुछ के लिए सुखद भी है। वह प्रार्थना पत्र भी बना देगा कि मेरे क्षेत्र में स्थित अस्पताल में चिकित्सक नहीं है। वह मार्ग खराब के भी पत्र बना देता है। मगर मूल प्रश्न अनुरित है रहेगा कि एआई क्या भारत के सांस्कृतिक स्वभाव को समझ सकता है। उत्तर है-नहीं। सरकारी खबरें हैं कि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना का पात्र है। एआई उसे हटाकर अपात्र कर देता है। हमने कुछ पात्रों की सिफारिश की। अधिकारियों ने बताया हम आवास देना चाहते हैं। एआई काट देता है। हमने कहा उपाय क्या। बोले सरकार जाने। संविधान में अनुच्छेद 19(1) ए अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ को लेकर समाज तोड़क तत्व अपने मोबाइल से फेसबुक से व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स ए आई से भी कुछ भी लिख रहे हैं। गरिया रहे हैं एक-दूसरे को। वे डरते नहीं हैं। न सरकार से, न न्यायालय से। कोई व्यक्ति, दल, संस्था संविधान से सर्वोच्च नहीं है। इस मनमानी पर कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। न्यायाधीश की चिंता पर विचार होना चाहिए।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## पर्यावरण की यही पुकार...!

विकास की दौड़ में जब जंगल कट जाते हैं,
नदियों के निर्मल दर्पण धुंधले पड़ जाते हैं।
कुछ पल का लाभ भले ही सबको भाता हैं,
प्रकृति का हर आँसू भविष्य रुला जाता हैं।

धरा सिर्फ मिट्टी नहीं, जीवन की पहचान है,
हर पेड़ व नदी, हर पर्वत भारत की शान है।
प्रगति की कीमत हरियाली से चुकानी होगी,
तो आने वाली पीढ़ी की कैसी कहानी होगी?

निर्णय ऐसे हों जिनमें प्रकृति का सम्मान रहे,
विकास के हर पथ पे हरियाली का ध्यान रहे।
पहले सोचें, फिर निर्माण की राह बनाई जाए,
धरती माँ की गोद सदा हँसती-मुस्काती जाए।

सच्चा विकास वो है जो संतुलन का मान करे,
मानव के साथ-साथ प्रकृति का सम्मान करे।
आओ ऐसा कल रचें, जहाँ संदेश यही हो सार,
विकास व पर्यावरण बने, एक-दूजे के आधार।



# मानव व वन्यजीवन के बीच संतुलन जरूरी

*डॉ. अरविंद नाथ तिवारी*

बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व, पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना आज देश की सफल बाघ संरक्षण परियोजनाओं में गिनी जाती है। नेपाल के चितवन राष्ट्रीय उद्यान से जुड़े इस संरक्षित वन क्षेत्र में पिछले एक दशक में बाघों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। यह संरक्षण की सफलता का प्रमाण है, किंतु इसके साथ ही जंगल से सटे गांवों में मानव-बाघ संघर्ष गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। खेतों में काम कर रहे किसानों, घास काटने गई महिलाओं तथा जंगल पर निर्भर ग्रामीणों पर बाघों के हमलों की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं।

एक दशक में बाघों की संख्या राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण एवं अखिल भारतीय बाघ आकलन के अनुसार वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना में बाघों की संख्या निम्न प्रकार बढ़ी है-

**वर्ष बाघों की अनुमानित संख्या**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2010 | 9 | 2018 | 33 |
| 2014 | 22-23 | 2022 | 54 |

आँकड़ों से स्पष्ट है कि लगभग एक दशक में बाघों की संख्या छह गुना तक बढ़ी। 2022 के कैमरा ट्रैप सर्वेक्षण में 1368 बाघ की तस्वीरें दर्ज हुईं, जिनसे 54 अलग-अलग बाघ की पहचान की गई। इससे प्रति 100 वर्ग किलोमीटर में बाघ घनत्व लगभग 4.32 दर्ज किया गया,जो बिहार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जाती है।

**संरक्षण की सफलता और नई चुनौती:-** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व लगभग 901 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और नेपाल के चितवन राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ा हुआ है। दोनों क्षेत्रों के बीच बाघों की प्राकृतिक आवाजाही बनी रहती है। बेहतर सुरक्षा, शिकार पर नियंत्रण, वैज्ञानिक निगरानी तथा पर्याप्त शिकार प्रजातियों की उपलब्धता के कारण बाघों की संख्या बढ़ी है, किन्तु वन क्षेत्र के आसपास लगभग डेढ़ सौ से अधिक गांव बसा है। हजारों परिवार कृषि, पशुपालन और



जंगल से मिलने वाले संसाधनों पर निर्भर हैं, यही कारण है कि बाघ और मनुष्य का आमना-सामना पहले की तुलना में अधिक हो रहा है।

**मानव-बाघ संघर्ष की स्थिति:-** पिछले कुछ वर्षों में मदनपुर, गोवर्धना, मंगुराहा, वाल्मीकिनगर, हरनाटांड़, गनौली तथा गंडक दियारा क्षेत्र में बाघों के हमलों की अनेक घटनाएँ सामने आई हैं। कई ग्रामीण घायल हुए तथा कुछ मामलों में मृत्यु भी हुई। हाल के वर्षों में खेतों में काम कर रही महिला एवं किसानों पर हमले की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में दहशत का वातावरण बनाया है

हालाँकि, वन विभाग अथवा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने पिछले दस वर्ष में वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना के अंतर्गत कुल हमले, कुल मृतक, घायल, भुगतान किए गए मुआवजे तथा लंबित मुआवजों का समेकित वर्षवार आधिकारिक आँकड़ा सार्वजनिक नहीं किया है इसलिए इन मामलों में अनुमानित संख्या देना तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं होगा।

**मुआवजा व्यवस्था:-** राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार बाघ के हमले में मृत्यु होने पर राज्य सरकार पीड़ित परिवार को अनुग्रह सहायता प्रदान करती है। हाल के मामलों में पश्चिम चंपारण में मृतक के आश्रितों को लगभग 10 लाख रुपया तक की सहायता स्वीकृत किये जाने की जानकारी सामने आई है।

वन विभाग के अनुसार मुआवजा भुगतान से पूर्व घटनास्थल की जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वन अधिकारियों की सत्यापन रिपोर्ट तथा अन्य औपचारिकताएँ पूरी की जाती हैं, इसी कारण कई मामलों में भुगतान में विलंब की शिकायतें भी सामने आती रही हैं।

**वन विभाग की पहल:-** वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना प्रशासन द्वारा मानव-बाघ संघर्ष कम करने के लिए अनेक उपाय किए जा रहे हैं- कैमरा ट्रैप एवं नियमित गश्ती, रैपिड रिस्पांस टीम की तैनाती, गांवों में माइकिंग एवं चेतावनी, ग्रामीणों के साथ जागरूकता बैठकें, नेपाल के अधिकारियों के साथ समन्वय, समस्या उत्पन्न करने वाले बाघों की निगरानी एवं आवश्यक होने पर रेस्क्यू। बाघ विकास प्राधिकरण के अनुसार वाल्मीकि टाइगर रिजर्व ने मानव-वन्य जीव संघर्ष प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रयास किया है, हालांकि सीमावर्ती गांवों का दबाव अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है।

**प्रमुख चुनौतियाँ:-** विशेषज्ञों के अनुसार मानव-बाघ संघर्ष के मुख्य कारण हैं-बाघों की बढ़ती संख्या, जंगल के किनारे खेती, पशुओं का जंगल में चरना, ईंधन एवं चारे के लिए जंगल पर निर्भरता, बाघों का नेपाल से आवागमन, वन क्षेत्र के समीप मानव गतिविधियों का विस्तार।

**आगे की आवश्यकता:-** वन्यजीव विशेषज्ञों का मत है कि संरक्षण तभी सफल माना जायेगा जब स्थानीय समुदाय भी सुरक्षित रहे। इसके लिए आवश्यक है कि मानव-बाघ संघर्ष का वर्षवार सार्वजनिक डाटाबेस, मुआवजा भुगतान की समयबद्ध व्यवस्था, गांव स्तर पर त्वरित चेतावनी प्रणाली, सौर फेंसिंग एवं निगरानी तंत्र का विस्तार, ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक आजीविका एवं ईंधन की व्यवस्था, वन विभाग, प्रशासन एवं स्थानीय समुदाय के बीच बेहतर समन्वय। 1वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2010 में जहाँ केवल 9 बाघ दर्ज किये गये थे, वहीं 2022 में उनकी संख्या बढ़कर 54 हो गई, यह सफलता पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है, किंतु इसके साथ बढ़ता मानव-बाघ संघर्ष यह संकेत देता है कि अब संरक्षण की अगली चुनौती स्थानीय लोगों की सुरक्षा, शीघ्र मुआवजा, पारदर्शी आंकड़ा प्रणाली तथा सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। बाघ और मनुष्य, दोनों की सुरक्षा ही भविष्य के संरक्षण की वास्तविक कसौटी होगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### अखिल भारत हिंदू महासभा की मासिक बैठक संपन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन मजबूती के साथ-साथ कल विपक्षी सांसदों द्वारा संसद भवन के बाहर केसरिया वस्त्र पहनकर साधु भेष में जो नाटक व स्वांग रचा गया है उस से सनातन समाज की भावनाएं आहत हुई है हिंदू महासभा विपक्ष द्वारा इस नौटंकी की कटु निंदा करती है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी सांसदों के इस कृत्य से हिंदुओं की भावनाएं आहत होने के साथ-साथ केसरिया व संत समाज का अपमान हुआ है। घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी सांसदों ने जो साधु समाज को दान चोरी में शामिल रहने का दिखाने का जो प्रयास किया है, जबकि दान चोरी से संतों का कोई लेना देना ही नहीं है। हमारी सनातन संस्कृति व संतों का अपमान करने का कुत्सित प्रयास किया गया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, अभी पिछले दिनों सत्ताधारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के लखनऊ आगमन पर भी उनके वाहन के आगे आगे श्री पवन पुत्र हनुमान जी के भेष में चलना तथा नारे लगाना भी निंदनीय तथा शर्मनाक था। यदि किसी के अंदर इतना साहस व हिम्मत है तो वह किसी मौलवी या पादरी के कपड़े पहन कर उन धर्मो का मजाक उड़ाए हम उसे खुली चुनौती दे रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से प्रयागराज मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, जिला प्रभारी गजेंद्र मौर्य, स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ0 प्रमोद पांडे, संतोष नेता, मूलचंद गुप्ता, ब्रह्मेश चंद्र तिवारी, गौरी शंकर दुबे ओमप्रकाश मौर्य, अर्जुन प्रसाद, दीपक यादव, हिमांशु सविता, संगीता गुप्ता नगर अध्यक्ष सुधा सिंह आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार आधा दर्जन स्कूली बच्चे घायल

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना पनवाड़ी क्षेत्र के गौरैया दाई के पास चौपहिया वाहन द्वारा ईरिक्सा में टक्कर मारने से पलट गया जिसमें सबार करीब आधा दर्जन स्कूली बच्चे घायल हो गये,और चीख -पुकार मच गई, सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक विधालय से शिक्षा गृहण करने के बाद छात्र छात्राऐं ईरिक्सा में बैठकर घर जा रही थी तभी पनवाड़ी थाना क्षेत्र के गौरैया दाई के पास किसी चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ईरिक्सा के पलटने पर चीखपुकार मच गई, सूचना पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस की मदद से सभी घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, खबर मिलने पर पीड़ितों के परिजन भी पहुंच गये 7 ग्रामीण परिजन राधे ने बताया कि सभी बच्चे स्कूल से पढ़कर घर जार रहे थे गलत साइड पर जाकर चौपहिया वाहन ने टक्कर मारने से रिक्सा पलट गया, जिससे बच्चे घायल हो गये।

### स्थानांतरण का वकीलों ने किया विरोध

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय को वर्तमान स्थान से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की सूचना पर अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है। महेश यादव, राम किंकर, रविकांत गौतम हरिओम मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, मनीष राजपाल, अहमद रियाज सहित अन्य अधिवक्ताओं ने शनिवार को जिला बार संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल को शिकायती पत्र सौंपकर न्यायालय को यथास्थान बनाए रखने की मांग की। अधिवक्ताओं ने अपने पत्र में कहा कि सिविल जज सीनियर डिवीजन (कोर्ट संख्या-10) पिछले लगभग 30 वर्षों से वर्तमान स्थान पर संचालित हो रही है और वहां पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। ऐसे में न्यायालय को किसी अन्य कोर्ट परिसर में स्थानांतरित किए जाने से अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को अनावश्यक असुविधा और परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### करंट लगने से लाइनमैन की मौत

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** जिले की माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के कुरसेड़ा गांव में शनिवार सुबह करंट लगने से 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कुरसेड़ा गांव निवासी आकाश (22) पुत्र हर प्रसाद शनिवार सुबह अपने वरिष्ठ कर्मचारी डुग्गू उर्फ राजा के कहने पर 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन पर मरम्मत कार्य करने गया था। परिजनों का आरोप है कि लाइनमैन ने कार्य शुरू कराने से पहले सप्लाई स्टेशन से शटडाउन लिया था, लेकिन कार्य पूरा होने से पहले ही बिना रिटर्न (लाइन क्लियर) लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। इसी दौरान आकाश करंट की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे आकाश को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना गोहन प्रभारी सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी अंकुश सिंह और तहसीलदार सादुल्लाह खान ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला विद्युत करंट लगने से हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, परिजनों द्वारा बिजली विभाग की लापरवाही के आरोपों की भी जांच की जा रही है। घटना के समय विभाग के कर्मचारी, जेई रमेश कुमार मिश्रा, ग्रामीण और परिजन मौके पर मौजूद थे।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशोक रावत का भव्य स्वागत

- भरावन एजेंसी पर समाजसेवी राजेश अवस्थी ने फूल मालाओं से लादा



**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सांसद अशोक रावत का भरावन आगमन पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। वह प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने लोकसभा क्षेत्र आये थे। हरदोई-लखनऊ बॉर्डर स्थित नरियाखेड़ा से लेकर भरावन, अतरौली, बहेरिया, गोडवा से कोथावां तक कार्यकर्ताओं ने फूल-माला, ढोल-नगाड़ों व जयघोष के साथ जोरदार स्वागत किया। भरावन एजेंसी पर समाजसेवी राजेश अवस्थी, प्रधान प्रतिनिधि आशीष अवस्थी, प्रवेश तिवारी, आनंद अवस्थी, सरल द्विवेदी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर फूल मालाओं से लाद दिया। राजेश अवस्थी ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर उनका सम्मान किया। नरियाखेड़ा बॉर्डर पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह तोमर, मंडल अध्यक्ष लालता प्रसाद अर्कवंशी, राष्ट्रीय विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास रावत सहित सैकड़ों भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। नेवादा में भाजपा नेता प्रमोद सिंह, पूर्व प्रधान अमन द्विवेदी ने अपने समर्थकों के साथ स्वागत किया। नेवादा पेट्रोल पंप पर हयातगंज प्रधान प्रतिनिधि अशोक तिवारी ने समर्थकों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। मिश्राखेड़ा में आशीष दीक्षित ने समर्थकों के साथ सांसद का जोरदार स्वागत किया। अतरौली चौराहे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह चौहान, सिकंदरपुर प्रधान प्रतिनिधि दीपक भदौरिया, अजय गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बहेरिया पेट्रोल पंप पर भाजपा नेता पंकज शुक्ला व वरिष्ठ नेता राजकुमार शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर माल्यार्पण किया। गोडवा चौराहे पर अतुल मिश्रा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। कोथावां में संदीप पांडे ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राजू पांडे, शोभित शुक्ला, प्रवेश तिवारी, राकेश पाण्डेय, सुनील तिवारी, विनीत पाण्डेय, आदित्य तिवारी, कौटिल्य पाण्डेय, गुड्डू सिंह चौहान, दिनेश कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

## डीएम ने रामपुर थरियांव गौ आश्रय का लिया जायजा



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**

तहसील सदर के रामपुर थरियांव स्थित अस्थाई गौ-आश्रय स्थल का जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौ-आश्रय स्थल पर रखी गयी समस्त पंजिकाओं का परीक्षण किया। साथ ही आश्रय स्थल में रखे गये पशुओं के स्वास्थ्य का जायजा लिया। उन्होंने हरे चारे, भूसे एवं दाने के स्टॉक की भी भौतिक जांच की तथा स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया। उन्होंने हरे चारे की बुवाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि गौ-आश्रय स्थल परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जो भी भूमि उपलब्ध है, उसमें नेपियर घास/ज्वार/बरसीम की बुवाई अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे पशुओं को हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने वर्मी कंपोस्ट इकाई स्थापित करने पर जोर दिया और निर्देशित किया कि पशुओं के गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार कर उसे बेचकर गोशाला की आय बढ़ाई जाए तथा जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आश्रय स्थल पर लगे सीसीटीवी/डीवीआर कैमरों को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

## सपा की मासिक बैठक में सेक्टर चौपाल की बनी रणनीति



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में एस आई आर के बाद प्राप्त हुई मतदाता सूची में पाई गई गड़बड़ियां विधान सभा अध्यक्ष द्वारा जिलाध्यक्ष को सौंपी गई, जिलाध्यक्ष ने बाकी बची सूचियों को जल्द से जल्द निबटारा करने तथा प्रत्येक बूथ सेक्टर तक चौपाल के माध्यमों से लोगों को जोड़ने उनके दुख सुख में शरीक होने और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने, समाजवादी पार्टी की नीतियों को बताने सपा सरकार में हुए जनहित के विकास कार्यो को जनजन तक पहुंचाने तथा मौजूदा सरकार की विफलताओं को बताने का काम करें, बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष सूरजपाल रावत ने किया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में जिले के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा जिस तरह से पूरी पार्टी के सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सदन में सरकार की जवाबदेही को तय करने के लिए लड़ाई लड़ रही है सरकार डरी हुई है आप भी जनपद में उसी ऊर्जा और अनुशासन से यदि कार्य करेंगे तो 2027 में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की कमान संभालेंगे, बैठक में हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन राजकुमार मौर्या, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्षगण वली उल्ला, रामशरण यादव, समरजीत सिंह, दयालु गुप्ता, दलजीत निषाद, विपिन यादव, इन्द्रसेन यादव, रीता प्रजापति, रामकृपाल सोनकर, राजू कुर्मी, महेंद्र बहादुर सिंह, गणेश वर्मा, डा0 राम नरेश पटेल, अरुणेश पांडे, बीना पटेल, हेमलता पटेल, नरेश उमराव, सुशील दोषी, राजेंद्र पटेल, अनिरुद्ध यादव, राम दुलारे पासवान, एड0 सुघर लाल यादव, डॉ0 अफसर अली, रामतीरथ परमहंस, नफीस उद्दीन, अर्चना सिंह पटेल, रत्नेश रत्ना, मोइन खान, डीजी कुशवाहा, शमीम अहमद, अनूप यादव, कमलेश निषाद, हीरा लाल साहू, वीरेंद्र तिवारी, रामपाल पाल, मो.हसीब, गुड्डू अकरम, सुहैल खान, हेमू, जय करन यादव, एड0 राजकुमार सिंह चौहान, चंदन पाल, ज्ञान सिंह, जंग बहादुर सिंह मखलू, धर्मपाल पटेल, सुशील यादव, सऊद अहमद, रमेश यादव, डॉ0 अमित पाल, सोनू वर्मा, वीके साहू, आशीष नामदेव, जेपी यादव, सुनील उमराव, चंद्र शेखर बेदी, गार्गीदीन बाजपेई, रईस अहमद, शेरा यादव, धीरेन्द्र निषाद, बाबू सिंह कुशवाहा, अश्विनी कुमार, विमलेश पटेल, अय्यूब खान, अरुण यादव आदि मौजूद रहे।

## शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का करें निस्तारण: डीएम

- कुल 265 प्राप्त शिकायतों में 21 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** शासन की मंशानुरूप आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, लघु सिंचाई, नलकूप, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चकबंदी, विद्युत, आवास, जिला पूर्ति, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, उद्यान, जल निगम (ग्रामीण), बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण, पीडब्ल्यूडी, आरईएस आदि से संबंधित कुल 265 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके सापेक्ष 21 प्रार्थना पत्रों का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में दूर दराज से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थीपरक/जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति शासन की संचालित योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण करें। इस अवसर उप जिलाधिकारी खागा अश्वनी पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा रवि प्रकाश सिंह, तहसीलदार शैल कुमारी, नायब तहसीलदार रजनीश श्रीवास्तव, साहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सीसीटीएनएस रैंकिंग में महोबा पुलिस का पहला स्थान

- मुख्यालय तकनीकी सेवाएं ने पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिह को किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के आधार पर मुख्यालय तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश द्वारा जून 2026 के आंकड़ों के अनुसार जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 100% अंक प्राप्त करते हुए एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महोबा पुलिस की कार्यकुशलता, त्वरित निस्तारण और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभा रहे कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी, रहमान रशीद, इंद्रजीत सिंह के कार्यो की प्रशंसा की गयी है । मुख्यालय द्वारा टीमवर्क, उत्तरदायित्व व विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।

सीसीटीएनएस एक एकीकृत ऑनलाइन प्रणाली है, जिसके माध्यम से किसी भी अपराध से संबंधित रिपोर्ट, विवेचना की अद्यतन स्थिति, आरोपियों की गिरफ्तारी, केस डायरी से लेकर चालान प्रस्तुत होने तक की सभी आवश्यक कार्यवाही ऑनलाइन दर्ज की जाती है। यह प्रणाली पारदर्शी, तीव्र और प्रभावी पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण आधार है। सीसीटीएनएस रैंकिंग में शामिल प्रमुख पोर्टल इन सभी पोर्टलों पर श्रेष्ठ फीडिंग, समयबद्ध अपलोडिंग तथा सतत मॉनिटरिंग के आधार पर जनपद महोबा को पहला स्थान प्राप्त हुआ, पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि जनपद पुलिस की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और त्वरित निस्तारण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### लापता किशोरी को रेंढर पुलिस ने कुछ ही घंटों में सकुशल किया बरामद

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रेंढर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों के भीतर लापता 14 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार, किशोरी शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने रेंढर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिनेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हो गई। किशोरी की तलाश के लिए सर्विलांस, मुखबिर तंत्र तथा स्थानीय लोगों की मदद से सघन खोज अभियान चलाया गया।

## तहसील चरखारी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- 77 प्राप्त शिकायतों में 2 का मौके पर किया निस्तारण, शेष शिकायतों के सख्त निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील चरखारी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया।इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी अवनीश कुमार तिवारी द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील चरखारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में 77 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील महोबा समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे की अध्यक्षता में 35 में से 5 का मौके पर निस्तारण किया तथा तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ आदेश सिंह सागर की अध्यक्षता में 80 में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

जिलाधिकारी ने शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराए।

## सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को भावुक विदाई



**कुलपहाड़/महोबा,समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक अनुज प्रताप सिंह के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना कुलपहाड़ के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी स्टाफ ने सेवानिवृत्त अनुज प्रताप सिंह को उनके दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट पुलिस सेवा-काल के लिए शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर विभिन्न वक्ताओं ने उनके कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं सौम्य व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त निरीक्षक राम सहाय, उपनिरीक्षक विकास तिवारी, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब, हेड कांस्टेबल सुमित कुमार, कांस्टेबल हवन कुमार सहित सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक के परिजन उपस्थित रहे।

## मेडिकल कालेज में थेरेपी कराने गई बच्ची का पैर खींचने से हुआ फैक्चर

- राजकीय मेडिकल कालेज में चिकित्सक की बड़ी लापरवाही
- पीड़ित बच्ची के पिता ने पुलिस से की शिकायत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



मोहल्ला सुशील नगर निवासी प्रहलाद सिंह अपनी पुत्री माही सिंह को जिसे सेरेब्रल पाल्सी बीमारी से ग्रसित है जिसकी फिजियोथेरेपी राजकीय मेडिकल कालेज में 15-20 दिनों से करवा रहे थे लेकिन गुरुवार को जब वह बेटी की थेरेपी कराने पहुंचा तो वहां पर कार्यरत डा. रमन पटेल ने पुत्री का पैर मोड़कर उठाया जिससे उसके पैर में फैक्चर हो गया जिससे दर्द की वजह से बेटी चिल्ला उठी। जब मैंने कुछ कहने का प्रयास किया तो मुझे डांट दिया और लापरवाही पूर्ण तरीके से थेरेपी करता रहा। उक्त आशय का शिकायती पत्र सदर उप जिलाधिकारी को देते हुये प्रहलाद सिंह ने बताया कि 30 जुलाई को वह अपने बेटी की थेरेपी कराने राजकीय मेडिकल कालेज ले गया था जहां पर कार्यरत डा. रमन पटेलने बलपूर्वक बेटी का पैर मोड़ कर उठा दिया जिससे उसके पैर में फैक्चर हो गया जब मैने चिकित्सक को ऐसा करने से रोका तो उसने मुझे डांटकर शांत करा दिया औरे अपनी थेरेपी जारी रखी जब बेटी दर्द से चिल्लाने लगी तो मैने उसकी जांघ की हड्डी का ऐक्सरा कराया जिसमें उसके पैर की हड्डी टूटना पाया गया। इसके बाद मैंने उसके पैर का प्लास्टर कराया और अपने घर ले गया। प्रहलाद सिंह ने एसडीएम से अनुरोध किया कि लापरवाह चिकित्सक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी जाये।

## डीपीआरओ को ग्राम पंचायत अधिकारी ने सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन

- निलंबित कर्मियों की हो बहाली, एसीपी का मिले लाभ

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को उप्र ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जिला इकाई के जिलाध्यक्ष पवन तिवारी के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के बाहर छह सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। विभागीय कर्मियों के धरना स्थल पर पहुंचे डीपीआरओ ने उनका ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया कि वह सभी समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे। धरना दे रहे ग्राम पंचायत सचिवों ने बताया कि वर्ष 2017 बैच के वर्तमान सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को लंबित वेतन वृद्धि न लगने के कारण उन्हें वेतन लाभ का आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल पहारिया, संजय श्रीवास, विकास पटेल, जितेंद्र नामदेव, नीरज पटेल, हर्षित गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा, दिलीप पटेल, मोहित त्राहिया, रामेंद्र सिंह, जितेंद्र पटेल आदि का वेतन बाधित होने के कारण चलते उन्हें आर्थिक एवं मानसिक अवसाद की समस्या से जूझ रहे हैं जो आज भी विभागीय कार्यो को संपादित कर रहे है। सभी कर्मियों के रुके वेतन को बहाल किया जाये। इसी प्रकार से विगत दो वर्षो से प्रत्येक माह की 10 से 20 तारीख के मध्य वेतन प्राप्त हो रहा है जिससे कर्मचारियों को जीवन निर्वहन एवं वित्तीय लेनदेन में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन की मंशानुसार सभी कर्मचारियों का वेतन माह की 1 तारीख को खाते में हस्तांतरित किया जाये। पूर्व के समय में निलंबित कर्मचारियों की बहाली, अंतिम बहाली की निलंबित कर्मचारियों में बुद्ध सिंह, पवन तिवारी, अलोक सेंगर, सुरेशचंद्र निषाद, दिलीप पटेल, सूर्यान्श पटेल आदि शामिल है। कर्मचारियों के दस वर्ष व 16 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण होने के उपरांत शासन से एसीपी का लाभ दिलाया जाये। हमारे साथी ग्राम पंचायत अधिकारी सत्यम सेंगर, पुष्पेंद्र सिंह को तत्काल कलस्टर का आवंटन किया जाये।

जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद ने धरना स्थल पर मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारियों को आश्वासन दिया कि वह सभी समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर उनका समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में नाराज दिखीं डीएम

**सलोन,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



फरियादियों की समस्याएं सुनते क्षेत्रीय विधायक व डीएम-एसपी।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर खासा नाराज दिखीं। उन्होंने शिकायतों के प्रति उदासीनता, समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने तथा देर से पहुंचने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।समाधान दिवस में किठवां गांव निवासी आशीष सिंह ने चौराहे से पुल तक करीब 400 मीटर लंबे नाले के निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन नाले का कुछ हिस्सा निर्माण के दौरान ही क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। करहिया बाजार निवासी उमेश चंद्र मिश्र ने घरेलू बिजली का अत्यधिक बिल आने की शिकायत दर्ज कराई।बारा गांव के पूरे सूबेदार निवासी विधवा मंशा देवी ने शिकायत की कि पूर्ति विभाग ने उन्हें मृत घोषित कर राशन कार्ड से नाम हटा दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन माह से विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद उनका नाम अब तक राशन कार्ड में नहीं जोड़ा गया।पनाहनगर धरई निवासी किसान सुनील कुमार साहू ने बताया कि बैंक से ऋण लेकर आलू की खेती की थी। फसल तैयार होने पर उन्होंने सलोन के व्यापारी प्रह्लाद पटेल को आलू बेच दिया, लेकिन 67,692 रुपये का भुगतान अब तक नहीं मिला। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, पूर्ति, विकास, विद्युत सहित विभिन्न विभागों से कुल 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।वहीं सन्तोष पुत्र शीतला दीन अत्ता गंज की 1 बिस्वा आवासीय पट्टा विधायक व जिलाधिकारी के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया।क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार कोरी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का सबसे मजबूत माध्यम है।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

- किसान खाद के लिए परेशान, खेतों को नहीं मिल रहा पानी
- अघोषित बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त

**सलोन,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



नयाब तहसीलदार को ज्ञापन देते पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन पासी।

किसानों एवं आम जनता की समस्याओं को लेकर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अर्जुन पासी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नयाब तहसीलदार सलोन को सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से समितियों पर हो रही खाद की कालाबाज़ारी, अघोषित बिजली कटौती एवं नहरों में पर्याप्त पानी न छोड़े जाने जैसी गंभीर समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई है। किसान खाद के लिए परेशान है, खेतों को पानी नहीं मिल रहा और अघोषित बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त है।

सरकार को इन जनसमस्याओं पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए।इस अवसर पर प्रभारी अशोक शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, शिवदर्शन पासी, रजवाड़ी प्रसाद, किरन निर्मल, निजाम अंसारी, तनवीर, मनीष सिंह, आदिल, लालजी, प्रेम तिवारी, रमेश वैश्य सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानाध्यापक के निधन से शिक्षकों में शोक की लहर



**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली बाजार निवासी पूर्व प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद उमरवैश्य काफी दिनों से बीमार चल रहे थे उनका प्रयागराज के एक प्रसिद्ध डॉक्टर से इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात करीब 11:00 उनकी तबियत अचानक खराब हुई परिजन प्रयागराज अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि उनका आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष के थे। जगदीश प्रसाद उमरवैश्य के अचानक निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के शिक्षकों में शोक की लहर छा गई और ढाढस बधाने वालों का तांता लगा रहा। उनके निधन पर राजेश्वर प्रसाद दुबे, प्रमोद कुमार दुबे प्रधान, रामानंद ओझा, भगवान गुप्ता सहित शिक्षकों समाजसेवियों बुद्धिजीवियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।

# तीन गोल्ड मेडल जीत महराजगंज की बेटी ने बढ़ाया मान

- लविवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने किया सम्मानित
- पूर्णिका ने गुरुजनों माता-पिता को दिया अपनी सफलता का श्रेय

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र दिखाती पूर्णिका शुक्ला।

कस्बे की होनहार बेटी पूर्णिका शुक्ला ने लखनऊ विश्वविद्यालय के एम.कॉम. पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे महराजगंज और रायबरेली जिले का गौरव बढ़ाया है।

उनकी इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।शुक्रवार को लखनऊ के चौक स्थित अटल बिहारी वाजपेयी वैज्ञानिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में दयानंद डिग्री कॉलेज की छात्रा एवं महराजगंज कस्बे के आर्य नगर निवासी शिवशंकर शुक्ला की मेधावी पुत्री पूर्णिका शुक्ला को एम.कॉम. की सेमेस्टर परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक (2400 में 2000) तथा 83.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने तीन गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर तथा विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी तथा कुलपति प्रो. जयप्रकाश सैनी भी भी उपस्थित रहे। पूर्णिका की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें तथा उनके पिता शिवशंकर शुक्ला एवं माता कीर्ति शुक्ला को बधाई दी। पूर्णिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और परिवार के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन को दिया।

# पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, मेडिकल कॉलेज रेफर

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शीतलागंज बाजार में शनिवार सुबह 9 बजे शिव मंदिर से पूजा कर लौट रहे एक युवक पर रंजिश के चलते घात लगाए बैठे दबंग ने लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक का दाहिना हाथ टूट गया और सिर में गंभीर चोट आया है सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पीड़ित परिवार ने एक लोगों के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। शीतलागंज बाजार निवासी प्रवीण कुमार जायसवाल (30) ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की रात उसके चचेरे चाचा की किराने की दुकान के अंदर से एक डिब्बी सिगरेट चोरी करने और स्कूल



आने-जाने वाली छात्राओं पर छींटाकशी करने को लेकर गांव के ही चार लोगों से उसकी कहासुनी हुई थी। प्रवीण ने उनकी इस हरकत का कड़ा विरोध किया था। आरोप है कि इसी बात की रंजिश में दबंग ने इस वारदात को अंजाम दिया। शनिवार सुबह प्रवीण शीतलागंज बाजार स्थित शिव मंदिर में दर्शन-पूजन करने गया था। वहां से घर वापस लौटते समय पहले से घात लगाए बैठे दबंग ने उस पर लाठी-डंडों से अचानक हमला बोल दिया। मारपीट में प्रवीण का दाहिना हाथ टूट गया और सिर फटने के कारण वह मौके पर ही बेहोश हो गया।

# हाईटेक इंटरसेप्टर वाहन को एसपी ने किया रवाना

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**



जनपद की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आज पुलिस लाइन परिसर से डिजिटल उपकरणों से लैस हाईटेक इंटरसेप्टर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इस नई हाईटेक गाड़ी के शामिल होने से जिले की ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

इस डिजिटल इंटरसेप्टर वाहन की मदद से सड़क पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह गाड़ी आधुनिक सर्विलांस, स्पीड गन और डिजिटल कैमरों से लैस है, जो ओवर-स्पीडिंग (तेज गति) और अन्य खतरनाक ड्राइविंग गतिविधियों को आसानी से ट्रैक कर सकती है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि प्रमुख चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अवैध रूप से वाहन खड़े करने और अतिक्रमण करने वालों पर भी इस तकनीक के माध्यम से नजर रखी जाएगी। आधुनिक ब्रीथ एनालाइजर के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कसे का शिकंजा । हाल ही में पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ भी एक व्यापक जन-जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया गया है, जिसके बाद इस इंटरसेप्टर वाहन का आना सुरक्षा को और मजबूत करेगा। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बाइक-स्कूटी भिड़ंत में अधिवक्ता की मौत, दो घायल



**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चिलबिला-मुंशी रोड पर शुक्रवार शाम करीब 9:30 बजे बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 28 वर्षीय पत्रकार एवं अधिवक्ता विवेक सिंह की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कूटी सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों की मदद शुरू की। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने विवेक सिंह को मृत घोषित कर दिया जानकारी के अनुसार, मृतक विवेक सिंह (28) कंधई थाना क्षेत्र के नवगढ़ गांव के निवासी थे। वह पत्रकार होने के साथ-साथ अधिवक्ता के रूप में भी कार्यरत थे। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और परिचित अस्पताल पहुंच गए।

### वृद्ध की हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस



**बल्दीराय सुल्तानपुर।** घर से बांस काटने गए वृद्ध का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ एसपी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। दो संप्रदाय का मामला होने के कारण एहतियतन कई थानों की फोर्स तैनात है। शनिवार को सुबह थाना क्षेत्र कल्याणपुर गांव निवासी राम सुन्दर(65)पुत्र स्व जगरूप कोरी घर से बांस काटने गए थे। काफी देर बाद जब घर नहीं लौटे तो परिजनो ने तलाश शुरू की। परिजनो की तलाश में उनका शव गांव में नहर के किनारे पड़ा मिला। जिसकी सूचना परिजनो ने पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की सूचना फॉरेंसिक टीम सहित उच्च अधिकारियों को दी ।सूचना पर एसपी चारु निगम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया ।साथ ही फोरेंसिक टीम ने मौके से नमूने आदि एकत्रित किए। मृतक के बेटे शिव नाथ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी पिता जहीर अहमद, मोतीन,इलियास व रियासत से कब्रिस्तान का विवाद था।

### 294 शिकायतों में से 25 का हुआ मौके पर निस्तारण

**सुलतानपुर।** माह के प्रथम शनिवार को तहसील सदर सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनसामान्य की शिकायतें सुनीं और उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 294 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 25 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा राशन, विद्युत एवं अन्य विभागों की शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर स्थलीय जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### यूरिया की कमी पर किसान कांग्रेस ने उठाई आवाज

**अमेठी।** भारतीय किसान कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सूर्यभान तिवारी ने जिले में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की कमी का मुद्दा उठाते हुए राज्यपाल और राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि विकासखंड भेटुआ क्षेत्र में किसानों को यूरिया खाद के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति भेटुआ का भवन जर्जर होने से खाद वितरण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ केंद्रों पर यूरिया के साथ सल्फर व जिंक सल्फेट खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रयासरत है।

# पति संग मिलकर प्रेमी को उतारा मौत के घाट

## कमरे के अंदर दफनाया प्रेमी का शव, बदबू ने खोला हत्या का राज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नाजायज प्रेम प्रसंग एवं पति पत्नी के रिश्तों में उलझे ताने बाने के बीच एक ऐसा भयावह अंत सामने आया जिसके बारे में शायद ही किसी ने सोचा होगा। संबंधों को लेकर पति और प्रेमी के बीच हुए विवाद ने आखिरकार प्रेमी की जान ले ली।

हत्या के बाद आरोपी ने शव को घर के कमरे में ही डेढ़ फुट गहरा गड्ढा खोदकर मिट्टी के नीचे दफना दिया। दो दिन तक यह राज दफन रहा, लेकिन कमरे से उठती तेज दुर्गंध ने आखिरकार पूरे हत्याकांड का पर्दाफाश कर दिया। यह सनसनीखेज मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे रजऊ मजरे मुस्तफाबाद बेलहनी गांव का है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे बाबा मजरे कटघर गांव निवासी अमित रैदास पुत्र छोटेलाल उम्र करीब 26 वर्ष का प्रेम संबंध पूरे रजऊ निवासी 28 वर्षीय रीता देवी के साथ चल रहा था। रीता लंबे समय से अपने पति रामप्रकाश से अलग होकर मायके में रह रही थी। इसी दौरान उसकी नजदीकियां अमित से बढ़ गई और दोनों साथ रहने लगे। जबकि पति रामप्रकाश का भी समय-समय पर वहां आना-जाना लगा रहता था। 29 जुलाई को रामप्रकाश और अमित के बीच शराब के नशे में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि रामप्रकाश ने साड़ी से अमित का गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद शव को घर के कमरे में गड्ढा खोदकर मिट्टी के नीचे दबा दिया, ताकि किसी को घटना की भनक न लग सके। दो दिन तक सब कुछ सामान्य दिखाने की कोशिश की गई, लेकिन कहते हैं कि जुर्म कितना भी शातिर तरीके से किया गया हो निकलकर सामने आ ही जाता है। कमरे से उठ रही तेज दुर्गंध ने आरोपियों की योजना पर पानी फेर दिया।

आखिरकार आरोपी रीता देवी ने ग्राम प्रधान अखिलेश यादव को वारदात की जानकारी दी कि उसके पति ने अमित की हत्या कर शव को कमरे में दफना दिया है। ग्राम प्रधान ने तत्काल इसकी सूचना डलमऊ पुलिस को दिया। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने कमरे की खुदाई कराई। करीब डेढ़ फीट खुदाई करने के बाद मृतक अमित का शव बरामद कर लिया।

## पीएफ चालान के नाम पर साइबर ठगी, खाते से एक लाख रुपये पार

**इन्हौना/अमेठी।** इन्हौना थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिल्कियाना निवासी राम पवन साइबर ठगों के झांसे में आकर करीब एक लाख रुपये गंवा बैठे। ठगों ने पीएफ चालान के नाम पर व्हाट्सएप के जरिए फर्जी ऐप भेजा, जिसे मोबाइल में इंस्टॉल करने के बाद उनके बैंक खाते से रकम निकाल ली गई। पीड़ित के अनुसार करीब दस दिन पहले व्हाट्सएप पर आए पीएफ चालान संबंधी लिंक और ऐप को उन्होंने वास्तविक समझकर इंस्टॉल कर लिया था। कुछ समय बाद ऐप को हटा दिया गया, लेकिन तब तक साइबर ठग उनके बैंक खाते तक पहुंच बना चुके थे। 30 जुलाई की रात करीब साढ़े नौ बजे बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से छह अलग-अलग ट्रांजैक्शन में कुल 99,898.77 रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर लेनदेन के संदेश मिलने के बाद उन्हें ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने बैंक से संपर्क कर खाते को फ्रीज कराने की मांग की तथा साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई और रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई।

# हर्षोल्लास संग मनाया एनएसजीआई संस्थापक डॉ. शशिकांत शर्मा का जन्मदिन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी, त्रिपुला में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सह-प्रबंधिका डॉ. रश्मि शर्मा ने न्यू स्टैंडर्ड परिवार की ओर से डॉ. शर्मा को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं।समारोह का मुख्य आकर्षण इंद्रधनुष आधारित आकर्षक मॉडल रहा, सात रंगों से सुसज्जित इस रचनात्मक प्रस्तुति ने एकता, सकारात्मक सोच और शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंजरी श्रीवास्तव, मिंजा अंसारी, पारुल श्रीवास्तव, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र सिंह एवं राममिलन सहित शिक्षकों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों की सराहना बटोरी।

इसके उपरांत विद्यालय परिवार की ओर से डॉ. शशिकांत शर्मा को स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शर्मा ने विद्यालय परिवार का हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि संस्थान की निरंतर प्रगति का श्रेय विद्यालय परिवार की निष्ठा, समर्पण और टीम भावना को जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात व्यक्ति नदी में कूदा तलाश में जुटे गोताखोर

**कुड़वार सुल्तानपुर, समृद्धि न्यूज।**

हलियापुर सुल्तानपुर मार्ग पर कुड़वार गोमती नदी के पुल पर संदिग्ध चप्पल मिलने से सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश में जुटी है। शनिवार को दोपहर में एक अज्ञात व्यक्ति की नदी में कूदने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके पर नदी के पुल पर एक चप्पल मिली।चप्पल मिलने के आधार पर नदी पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी है।अभी तक नदी में कूदने वाला व्यक्ति कौन था इसका पता नहीं चल सका है।वही बल्दीराय थाने से लौटी



कुड़वार गोमती पुल पर निरीक्षण करती एसपी चारु निगम

एसपी चारु निगम ने पुल पर रुककर जानकारी ली।तथा अधीनस्थों को निर्देशित किया कि गोताखोरों सहित एसडीआरएफ को सूचना देकर बुलवाकर नदी में तलाश कराए।

# विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ, माताओं को बताए लाभ

**सुल्तानपुर, समृद्धि न्यूज।**

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर शनिवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुल्तानपुर के एमसीएच विंग स्थित ओपीडी कॉम्प्लेक्स में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियंक वर्मा एवं एमसीएच विंग के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.के. यादव ने किया।



बाल रोग विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. धर्मराज मौर्य ने विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम पर प्रकाश डालते हुए जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू कराने, पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने तथा दो वर्ष या उससे अधिक समय तक पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम करण तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की सहायक आचार्य डॉ. निधि गुप्ता और डॉ. पल्लवी ने माताओं एवं उनके परिजनों को स्तनपान के स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने बताया कि स्तनपान से शिशु को संपूर्ण पोषण, संक्रमणों से सुरक्षा और बेहतर शारीरिक व मानसिक विकास मिलता है। वहीं, माताओं में प्रसवोत्तर स्वास्थ्य सुधार, स्तन एवं डिम्बग्रंथि कैंसर के जोखिम में कमी तथा मां-शिशु के भावनात्मक संबंध को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती एवं धात्री माताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उन्हें स्तनपान की सही तकनीक व वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने माताओं से शिशु के स्वस्थ भविष्य के लिए स्तनपान को प्राथमिकता देने की अपील की।

## महिला थाना की पहल से दंपती साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी।** जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अमेठी पुलिस पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में भी लगातार प्रयास कर रही है। इसीक्रम में महिला थाना पुलिस ने पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को आपसी सहमति और समझाइश के जरिए सुलझाकर एक दंपती का घर टूटने से बचा लिया।

शनिवार को महिला थाना प्रभारी दीपशिखा सिंह ने अपनी टीम के साथ मिशन शक्ति अभियान के तहत दंपतियों की पारिवारिक शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान एक विवाहित जोड़े के बीच चल रहे विवाद को दोनों पक्षों की बात सुनकर आपसी संवाद और काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाया गया। महिला थाना के प्रयासों से पति-पत्नी आपसी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने के लिए सहमत हो गए। दोनों ने खुशी-खुशी एक साथ रहने का निर्णय लिया और पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## पिकअप की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत, बकरी चराने गई थीं घर से



फाइल फोटो मृतका धनराजी

**चांदा, सुल्तानपुर।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा गांव में शनिवार दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, प्रतापपुर कमैचा निवासी धनराजी (80) पत्नी सुखई गांव के पास बकरी चराने गई थीं। इसी दौरान रामपुर रोड पर पीछे से आए एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंच गए। सूचना पर चांदा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया। मृतका की नातिन सरिता कुमारी पत्नी रविकांत गौतम की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सपा की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**गौरीगंज/अमेठी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को गौरीगंज स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राम उदित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसमस्याओं को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया।





उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आमजन के हितों के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। बैठक में महासचिव अरशद अहमद, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह, जिला उपाध्यक्ष संग्राम सिंह, भेटुआ ब्लॉक अध्यक्ष दीपू तिवारी, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक यादव, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह, एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्रीराम बौरासी, अमेठी विधानसभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा, चंद्रशेखर यादव, ओमप्रकाश यादव, अरविंद बाल्मीकि, बृजमोहन, रामप्रसाद, भुवनेश प्रताप सिंह, अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारियों की समस्याएं सुन प्रांतीय अध्यक्ष ने दिलाया समाधान का भरोसा

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल शनिवार को अमेठी पहुंचे। देवीपाटन मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद एक निजी होटल में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिला उपाध्यक्ष देव चंद्र सिंह ने विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं तथा नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने प्रकाश गैस सर्विस को पुनः बहाल किए जाने की मांग उठाई। वहीं मुसाफिरखाना व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजेश अग्रहरि ने अंगवस्त्र एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए बनवारी लाल कंछल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा संगठन की प्राथमिकता है।

# निर्माणाधीन पुलिया पर बैरियर तोड़कर टकराई बाइक, अधेड़ की मौत

**सुल्तानपुर, समृद्धि न्यूज।**

सुल्तानपुर। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, बालमुकुंद पांडे (45) पुत्र स्वर्गीय सत्यनारायण पांडे निवासी ग्राम भवानीपुर सरैया, थाना मोतीगरपुर, अपनी हीरो मोटरसाइकिल से बिरसिंहपुर रोड से बगिया चौराहे की ओर जा रहे थे। रास्ते में सपाही के पास निर्माणाधीन पुलिया पर सुरक्षा के लिए लगाए गए बैरियर को बाइक ने तोड़ दिया, जिसके बाद वाहन पुलिया के स्लैब से टकरा गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पीआरवी के माध्यम से पुलिस को मिली। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को 100 शैया अस्पताल, बिरसिंहपुर भिजवाया, जहां पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए गए हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद यातायात सामान्य रहा तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। मामले में अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# जेडी गोयनका में बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

**चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फतेहपुर ने दर्ज की शानदार जीत**





**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

फर्रूखाबाद रोड स्थित जेडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। इसमें सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में प्रदेश के कई सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, फतेहपुर और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल, लखनऊ की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैच के दौरान दोनों पक्षों ने लगातार अंक जुटाने का प्रयास किया, लेकिन चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, फतेहपुर की टीम ने बेहतरीन तालमेल, सटीक रेड और मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। अंततः फतेहपुर की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का विजयी आगाज़ किया। विजेता टीम की सफलता पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विद्यालय परिवार और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले ने आगामी मैचों के लिए उत्साह और रोमांच का माहौल तैयार कर दिया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी टीमों का स्वागत करते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

## छात्रवृत्ति जारी कराने को लेकर एबीवीपी का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, तिर्वा के करीब 800 विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति जारी कराने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के पात्र छात्रों को अब तक धनराशि नहीं मिली है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिला संयोजक सक्षम गुप्ता ने बताया कि छात्रवृत्ति न मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को महाविद्यालय व छात्रावास शुल्क जमा करने, पुस्तकें खरीदने और अन्य शैक्षणिक जरूरतें पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सभी पात्र छात्रों की लंबित धनराशि तत्काल जारी करने और भविष्य में छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी बनाने की मांग की।

# डीएम-एसपी ने पैदल गश्त कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

**श्रावण मास व आगामी पर्वों को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट**



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास एवं आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना छिबरामऊ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ प्रभावी पुलिसिंग करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच करने तथा आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने पीपल वाली गली में स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुझाव भी प्राप्त किए। इसके बाद पैदल गश्त फर्रुखाबाद चौराहे तक पहुंचे, यहां व्यापारियों और नागरिकों से संवाद स्थापित कर आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है तथा जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

# समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव बने जितेंद्र पाल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए क्षेत्र के युवा नेता जितेंद्र पाल को समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत किया है।

यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से की गई। जितेंद्र पाल ग्राम खानपुर कुर्मी पोस्ट लोधीपुर के निवासी हैं। मनोनयन पत्र में उनसे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक मजबूत एवं गतिशील बनाने की अपेक्षा जताई गई है। नियुक्ति की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई तथा उन्हें बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया। नव नियुक्त समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी के प्रदेश सचिव युवा नेता जितेंद्र पाल ने कहा पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वह पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को और मजबूत करने का प्रयास करते रहेंगे।

# 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गीता इंटर कॉलेज में एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ÷माँ हमें जीवन देती है और वृक्ष संपूर्ण सृष्टि को जीवन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। यही सच्ची श्रद्धा और प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रविकांत श्रीवास्तव, विजय बाथम, दीपचंद, विशाल प्रजापति, प्राची, शौम्या शर्मा, स्वाती सिंह एवं सीमा दुबे सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने नीम, पीपल, आम, अमरूद, अशोक सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया और उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने घर एवं आसपास भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जन-जन तक पहुँचाएँ। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा, नियमित सिंचाई तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का सामूहिक संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित यह अभियान विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणास्रोत बना।

# मेडिकल असेसमेंट शिविर में 25 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



तहसील परिसर छिबरामऊ में शनिवार को दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में विशेषज्ञ चिकित्सकों और शिक्षा विभाग की टीम ने 25 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान आठ बच्चों के दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी किए गए, जबकि पांच बच्चों को विस्तृत जांच एवं उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिबरामऊ रेफर किया गया। शिविर में नोडल चिकित्सक डॉ. इरशाद अहमद, डॉ. सूरज कुमार, डॉ. अविनाश गुप्ता, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. रिया सिंह, डॉ. स्वाति कटियार, फिजियोथेरेपिस्ट राजेंद्र, सुरेंद्र बाबू, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुबोध कुमार अवस्थी, स्पेशल एजुकेटर प्रबल कुमार पांडेय, श्वेता श्रीवास्तव, प्रगति और जितेंद्र राठौर सहित अन्य अधिकारियों ने सहयोग किया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आवश्यक प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

## खबरें एक नजर में

### सिपाही से मारपीट कर 1.90 लाख रुपये व गहने लूटे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में सेवानिवृत्त पीएसी सिपाही के साथ मारपीट कर नकदी और गहने लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना के 17 दिन बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम चतुरीपुर निवासी सेवानिवृत्त पीएसी सिपाही नरेंद्र सिंह ने बताया कि 13 जुलाई को वह छिबरामऊ की नवीन मंडी समिति में मक्का बेचकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह विशुनगढ़-सौरिख मार्ग से चतुरीपुर रोड पर मुड़े, तभी विशुनगढ़ के मुहल्ला नुनार निवासी विमल, कल्लू, शंकर, रामतीर्थ, मिथुन, बदन, शेखर, सुगार सिंह और उदयपाल ने चार अज्ञात साथियों के साथ उनकी बाइक के आगे कार लगाकर रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से मारपीट कर उनसे 1.90 लाख रुपये नकद, सोने की चेन और दो अंगूठियां लूट लीं। शोर सुनकर राहगीरों के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने से ग्रामीण परेशान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकासखंड छिबरामऊ की मिघौली ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। गांव की कई नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आवागमन में दिक्कत होने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई दिनों तक सफाई कर्मचारी क्षेत्र में नहीं पहुंचे, जिससे जगह-जगह कूड़े के ढेर और जलभराव की स्थिति बन गई। हालांकि ग्राम प्रधान का कहना है कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से गांव में आता है और सफाई कार्य करता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्थान पर नाली चोक होने या गंदगी की सूचना मिलती है तो तत्काल सफाई कर्मचारी भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। प्रधान ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

### घर में घुसकर युवक से मारपीट, लगा तोड़फोड़ का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम बहवलपुर निवासी उदयवीर पुत्र सोबरन सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले के कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश के चलते जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 25 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे वह घर पर अकेला था। इसी दौरान नामजद आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर जबरन घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उसका गला भी दबाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। जाते समय आरोपियों ने दोबारा जान से मारने की धमकी दी तथा घर के बाहर खड़ी टाटा सफारी में भी तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सात अगस्त तक बढ़ी आवेदन की अंतिम तिथि

**जलालाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2027- 28 के लिए कक्षा छह में प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 7 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विद्यालय के प्राचार्य एस.के. पांडेय ने बताया कि पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 7 अगस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा छह में प्रवेश के इच्छुक पात्र छात्र- छात्राएं निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य ने अभिभावकों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या से बचा जा सके।

## नाले की खुदाई में फटी गैस पाइपलाइन,अंडरग्राउंड बिजली लाइन भी क्षतिग्रस्त

**कन्नौज।** शहर के तिर्वा रोड स्थित गोलकुआं चौराहे पर नाले की खुदाई के दौरान नगर पालिका की जेसीबी से अंडरग्राउंड गैस पाइपलाइन फट गई, जिससे करीब 45 मिनट तक गैस का रिसाव होता रहा। घटना से आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र मोहन चौधरी और पुलिस मौके पर पहुंचे। एचपीसीएल की टीम ने पाल चौराहा स्थित कंट्रोल प्वाइंट से गैस आपूर्ति बंद कर रिसाव पर काबू पाया।
दरअसल, गोलकुआं क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए बंद पड़े नाले की खुदाई कराई जा रही थी। खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद आगे मानपुर रोड की ओर जेसीबी चलाने पर अंडरग्राउंड बिजली लाइन भी टूट गई, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कुछ देर में लाइन दुरुस्त कर दी।

## तहसील दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं 282 शिकायतें



**छिबरामऊ, कन्नौज।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने की। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों को उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 131, पुलिस विभाग की 73 तथा अन्य विभागों की 78 शिकायतों सहित कुल 282 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 24 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर जांच के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि गांवों में बने सामुदायिक शौचालय, कूड़ाघर और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियां बंद मिलने या उपयोग में न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों में स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा कांवड़ यात्रा के दौरान मंदिरों और यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, साफ-सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# देश की 25 शख्सियतों का होगा सम्मान सजेगा जनसेवा सम्मान का भव्य मंच

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाज, शिक्षा और जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से जनसेवा सम्मान-2026 का भव्य आयोजन में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित समारोह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाली 25 विशिष्ट शख्सियतों को उनके उत्कृष्ट कार्यों, उपलब्धियों और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

सम्मान का मंच, प्रतिभाओं की पहचान आयोजन समिति द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों - शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता और खेल में बेहतर कार्य करने वाली प्रतिभाओं का चयन किया जा रहा है। चयनित व्यक्तियों के कार्यों को दर्शाने के लिए उनके बायोडाटा, फोटो एवं वीडियो के आधार पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी तैयार की जाएगी, जिसे सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहा किआज के समय में जो लोग बिना किसी स्वार्थ के समाज सेवा कर रहे हैं, उन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। जनसेवा सम्मान-2026 का उद्देश्य उन गुमनाम नायकों को मंच देना है जो जमीन पर रहकर बदलाव ला रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह मंच युवाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम को भव्य, गरिमामय और यादगार बनाने के लिए तैयारियां लगातार जारी हैं। आयोजन समिति देश भर से आने वाले अतिथियों और सम्मानित होने वाली हस्तियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था कर रही है।

यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों के संघर्ष, मेहनत और समर्पण को पहचान देने का एक विशेष प्रयास है।

# डीएम की फटकार के बाद विद्यालय परिसर में हुआ सुधार कार्य



**ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर जताया संतोष**

**अब बच्चों को विद्यालय आने-जाने में नहीं होगी परेशानी**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगला जोर (मौजा गिरधरपुर) स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में जलभराव की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार को जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जमकर लताड़ा लगाई। इसके बाद तत्काल विद्यालय परिसर में मिटटी डलवाने का कार्य कराया गया। विद्यालय परिसर में बारिश का पानी भरने और काई जमने से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के फिसलकर गिरने की खबर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और तत्काल समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। डीएम की सख्ती के बाद प्रभारी बीएसए संजय कुमार, एबीएसए सुनील कुमार, सचिव शरद यादव तथा ग्राम प्रधान राजकुमार उर्फ राजू मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में विद्यालय परिसर के पास मिट्टी डलवाकर ट्रैक्टर से समतलीकरण कराया गया, जिससे जलनिकासी का रास्ता बनाया जा सके। ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि अब बच्चों को विद्यालय आने-जाने में पहले जैसी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में स्थायी जलनिकासी व्यवस्था भी कराई जाएगी, ताकि बरसात के मौसम में विद्यालय परिसर दोबारा जलभराव की समस्या का शिकार न बने।

## मौलाना जरजिस अंसारी का भाजयुमो ने फूंका पुतला

**कन्नौज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को फूलमती चौराहे पर मौलाना जरजिस अंसारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मौलाना ने भगवान शिव और भगवान श्रीकृष्ण के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने प्रशासन से मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता छोटू यादव के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की मांग उठाई। छोटू यादव ने कहा कि किसी भी धर्म के देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन में नीतीश तिवारी, जग्गू अवस्थी, अबी गिहार, कुलदीप पंडित, अनुज गुप्ता, अमन मिश्रा, सूरज राजपूत, अर्पित यादव, लालू प्रजापति, धीरू कुशवाहा, अमित तिवारी, छोटू कनौजिया और छोटू तिवारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ओवरब्रिज निर्माण की तैयारी तेज जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से राहत दिलाने की दिशा में सेतु निगम ने ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। सेतु निगम की टीम ने प्रस्तावित स्थल पर पहुंचकर निर्माण क्षेत्र का सीमांकन (मार्किंग) किया। सीमांकन के बाद अब भूमि अधिग्रहण, डीपीआर और टेंडर की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। सेतु निगम के सहायक अभियंता वीरेंद्र प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि प्रस्तावित ओवरब्रिज के लिए स्थल का सीमांकन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियां प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अवर अभियंता संकेत राजवंशी ने बताया कि सर्वेक्षण और मार्किंग का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप किया गया है। परियोजना के सभी तकनीकी पहलुओं का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जा रहा है ताकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज बनने से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# मांगें पूरी न होने पर लेखपाल करेंगे बहिष्कार



**छह सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को भेजा ज्ञापन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर राजस्व परिषद की अध्यक्ष के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 5 अगस्त से प्रदेश के सभी लेखपाल अतिरिक्त हल्कों का कार्य नहीं करेंगे और अतिरिक्त हल्कों का रिकॉर्ड संबंधित तहसीलों में जमा कर देंगे। जरूरत पड़ने पर ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार का भी निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन में गृह मंडल में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए पोर्टल दोबारा खोलने, वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची जारी करने, विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित करने, स्टेशनरी, वाहन और विशेष भत्तों में वृद्धि, भूलेख कार्यालयों से संबद्ध लेखपालों को कार्यमुक्त करने तथा ग्राम सचिवालयों में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए बिना रोस्टर व्यवस्था लागू न करने की मांग उठाई गई है। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार और जिलामंत्री अभिषेक द्विवेदी ने कहा कि लेखपाल लगातार बढ़ते कार्यभार के बीच राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन उनकी वर्षों पुरानी मांगों का समाधान नहीं हो रहा है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है।

# किशोर छात्र ने की आत्महत्या परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**कक्षा 6 में अध्ययनरत था छात्र**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तेरारागी के मजरा देवीपुरवा गांव में 13 वर्षीय अमन (पुत्र मनोज कुमार यादव) ने शुक्रवार रात करीब आठ बजे अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली। मृतक पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल स्कूल, जसोदा का कक्षा 6 का छात्र था। परिवार को घटना की जानकारी मिलते ही उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जसोदा चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा तैयार किया गया। परिवार ने पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के दो भाई और दो बहनें हैं।

# एचएम इंटर कॉलेज में हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के एच एम इंटर कॉलेज में शनिवार को विश्व प्रसिद्ध संस्था फिक्की के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में एक दर्जन से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को लखनवी चिकन कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण राज्य स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत सदस्य जुबैरिया शाह ने कहा कि आज के समय में बेटियों का आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। लखनवी चिकनकारी जैसी पारंपरिक कला न केवल हमारी संस्कृति की पहचान है, बल्कि इससे बेटियां घर बैठे रोजगार भी कर सकती हैं। फिक्की जैसी संस्थाएं और एच एम इंटर कॉलेज का यह प्रयास सराहनीय है। मैं चाहती हूं कि सरकार और प्रशासन ऐसे प्रशिक्षणों को हर विद्यालय तक पहुंचाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी हुनर सीखकर अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि आगे भी क्षेत्र में महिलाओं और छात्राओं के लिए इस तरह के कौशल विकास कार्यक्रम कराए जाएंगे। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में तौकीर अहमद सिद्दीकी और राजकुमारी सनी श्रीवास्तव ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली छात्राओं में अल शिफा, साबरीन, फारिया, काशिफा, आशिफा, जैनब, इक़रा, चाहत, इरम सहित एक दर्जन से अधिक छात्राएं शामिल रहीं। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को चिकनकारी के विभिन्न टांकों, डिजाइन और बाजार की मांग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वावलंबी बनाना और पारंपरिक कला-कौशल से जोड़ना बताया गया।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर लिया तैयारियों का जायजा

- शरणालय स्थलों का किया निरीक्षण
- ग्रामीणों को दिया भरोसा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर में गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है।

शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने स्वयं गंगापार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। गांव-गांव पहुंचकर उन्होंने न केवल राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की हकीकत परखी, बल्कि ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत राम की मढ़ैया से हुई, जहां जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से बाढ़ के दौरान आवागमन में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों को तत्काल चिन्हित कर सुरक्षित आवाजाही की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके बाद जिलाधिकारी आशा की मढ़ैया, रामपुर जोगराजपुर, इमादपुर सोमवंशी और चित्रकूट दीप सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे। प्रत्येक स्थान पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करती डीएम व एसपी


विद्यालय का निरीक्षण करती जिलाधिकारी

आवश्यक खाद्य सामग्री, पेयजलए दवाइयों और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। दौरे के दौरान जिलाधिकारी ने राम निवास विद्यालय में बनाए गए पशु बाढ़ शरणालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बाढ़ के दौरान पशुपालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके उपरांत उन्होंने आईटीआई कॉलेज पहुंचकर स्मार्ट क्लास व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों द्वारा शिक्षण कार्य प्रभावित होने की जानकारी देने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए ऑनलाइन माध्यम से नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के अंतिम चरण में जिलाधिकारी बालीपट्टी रानी होते हुए बाढ़ के पानी से गुजरकर मंझा गांव के किनारे पहुंचे। जहां निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण किया। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने तत्काल लाल चेतावनी संकेतक लगाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन किसी दुर्घटना का शिकार न हों। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन पूरी मुस्तैदी, संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है और हर अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बढ़ते जलस्तर के बीच प्रशासन की सक्रियता और जिलाधिकारी का गांव-गांव पहुंचकर हालात का स्वयं जायजा लेना यह दर्शाता है कि संभावित बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है और हर परिस्थिति से प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, एसडीएम श्वेता साहू, तहसीलदार शशांक सिंह, खंड विकास अधिकारी राजेपुर सुनील जायसवाल आदि अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## नवाबगंज पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बीच पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बाइक सवार ठगों द्वारा दिनदहाड़े एक किसान की जेब काटने की घटना ने जहां सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, वहीं पुलिस पर मामले को दबाने और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने के गंभीर आरोप भी लगे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कक्युली निवासी राकेश गुरुवार सुबह करीब 11 बजे नवाबगंज बाजार आए थे। वह नवाबगंज तिराहा स्थित एक गल्ला आढ़त के पास खड़े थे, तभी बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की। इसके बाद झांसे में लेकर राकेश को बाइक पर बैठा लिया और कुछ दूरी पर ले जाकर उतार दिया। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने अपनी जेब देखी तो वह फटी हुई थी और उसमें रखे करीब 20 हजार 400 रुपये गायब थे। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुटी, लेकिन आरोपी फरार हो चुके थे। राकेश ने उसी दिन थाना नवाबगंज पहुंचकर घटना की लिखित तहरीर दी। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि थाना पुलिस ने अपने उच्चाधिकारियों को यह सूचना दी कि पीड़ित द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। जबकि पीड़ित का स्पष्ट कहना है कि उसने घटना वाले दिन ही शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नवाबगंज क्षेत्र में इस तरह की जेबकतरी और ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस न तो आरोपियों को पकड़ पा रही है और न ही मामलों का सही ढंग से खुलासा कर रही है। कई मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है, जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों और व्यापारियों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की वारदातें होना पुलिस की निष्क्रियता को दर्शाता है। साथ ही, उच्चाधिकारियों को गलत सूचना देना बेहद गंभीर मामला है, जिस पर तत्काल जांच और कार्रवाई होनी चाहिए। अब देखना यह होगा कि पुलिस विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया जाता है या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह दबा दिया जाएगा।

## कांवड़ यात्रा: पांचाल घाट पर डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार श्रावण मास में आयोजित कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने गंगा नदी के पांचाल घाट पर जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सुविधा, कंट्रोल रूम, गोताखोरों एवं जल पुलिस की तैनाती सहित श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए गए सभी प्रबंधों का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा सभी व्यवस्थाएं सतत रूप से संचालित रहें।

जिलाधिकारी ने घाटों पर साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने, पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पेयजल की उपलब्धता तथा विद्युत व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल एवं गोताखोरों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए, साथ ही आपदा की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग पूरी तरह सतर्क एवं तैयार रहें। उन्होंने


गोताखोरों से बात करती डीएम व एसपी

अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित डायवर्जन योजना का प्रभावी ढंग से पालन कराया जाए तथा श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। चिकित्सा टीम, एंबुलेंस एवं अग्निशमन विभाग को भी पूर्ण सतर्कता के साथ तैनात रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर डॉ. फरहाना खान, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक का 315 बोर के तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक युवक तमंचा लिये घूम रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बताये गये स्थान पर पहुंच गयी और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम वसीम पुत्र नईम निवासी मोहल्ला नौलक्खा थाना मऊदरवाजा बताया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### वाटर कूलर से पानी पीने गये बच्चे को लगा करंट, भर्ती



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला नबाब नियामत खां पश्चिम स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर के बाहर नगर पालिका द्वारा लगाए गए वाटर कूलर में करंट उतरने से एक बच्चा उसकी चपेट में आ गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया।

जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के मोहल्ला नवाब नियामत खां पश्चिम निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि मंदिर के बाहर नगर पालिका द्वारा वाटर कूलर लगाया गया है। शनिवार को मेरा पुत्र देवा वाटर कूलर से पानी पीने गया था, तभी उसे तेज झटका लगा और वह गिर पड़ा। हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोग तुरंत बच्चे को अस्पताल ले गए। उपचार के बाद देवा की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं स्थानीय निवासी सूजल वाल्मीकि ने बताया कि वार्ड नंबर-16 स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर के बाहर लगा यह वाटर कूलर काफी समय से खराब है। इसमें पहले भी करंट आने की शिकायत की गई, लेकिन नगर पालिका ने इसे ठीक नहीं कराया। करंट आने की जानकारी मिलने के बाद वाटर कूलर को बंद कर दिया गया था। हालांकि, बाद में किसी ने उसे फिर से चालू कर दिया था। स्थानीय लोगों ने सभी खराब वाटर कूलरों की तत्काल जांच और मरम्मत कराने की मांग की है।

## ई-कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं की जानकारी समय से करें अपडेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि ई-कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं से संबंधित प्रत्येक सूचना का समयबद्ध, शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित अंकन सुनिश्चित किया जाए। सीएमओ ने कहा कि ई.कवच पोर्टल के माध्यम से योग्य दम्पतियों की पहचान, गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण, प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान, सुरक्षित संस्थागत प्रसव, प्रसव परिणाम, मातृ मृत्यु तथा प्रसवोत्तर देखभाल से संबंधित सभी सूचनाएं दर्ज की जाती हैं। इसलिए किसी भी स्तर पर डाटा अधूरा अथवा त्रुटिपूर्ण नहीं होना चाहिए। डॉ. आनंद उपाध्याय ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला का प्रथम तिमाही में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय पर सभी प्रसव पूर्व जांच कराई जाएं। जिन महिलाओं में उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के लक्षण पाए जाएं, उन्हें तत्काल चिन्हित कर विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक उपचार एवं समयबद्ध रेफरल उपलब्ध कराया जाए। ऐसे सभी मामलों का नियमित फॉलोअप भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जीवित जन्म, मृत जन्म, गर्भपात, मातृ मृत्यु एवं अन्य प्रसव परिणामों से संबंधित सूचनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-कवच पोर्टल पर अपडेट की जाएं। संबंधित अधिकारी समय-समय पर पोर्टल पर दर्ज डाटा का सत्यापन करें, जिससे शासन स्तर पर होने वाली समीक्षा में जनपद की वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रगति परिलक्षित हो सके।

### 104 कॉल सेंटर से प्राप्त कॉल का करें सत्यापन में सहयोग

सीएमओ ने बताया कि राज्य स्तर से 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का समय-समय पर सत्यापन किया जाता है। उन्होंने एएनएम, आशा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे गर्भवती महिलाओं को पहले से जागरूक करें कि 104 हेल्पलाइन से आने वाली कॉल अवश्य रिसीव करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराएं। यदि किसी लाभार्थी को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कोई समस्या हो तो उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में होगी नियमित समीक्षा

डॉ. आनंद उपाध्याय ने निर्देश दिए कि ई-कवच पोर्टल पर पंजीकरण, एएनसी, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, प्रसव परिणाम, मातृ मृत्यु एवं प्रसवोत्तर सेवाओं की प्रगति की प्रत्येक माह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विस्तार से समीक्षा की जाए। जहां भी कमियां पाई जाएं, उन्हें तत्काल दूर करते हुए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व प्रत्येक महिला का अधिकार है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य केवल शत-प्रतिशत पंजीकरण नहीं, बल्कि प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। ई-कवच पोर्टल पर सही एवं समयबद्ध डाटा, नियमित फील्ड मॉनिटरिंग तथा 104 हेल्पलाइन के माध्यम से होने वाला सत्यापन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिलालपुर में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने कीमती जेवर, कपड़े और घरेलू सामान पार कर दिया। घटना की शिकायत लेकर जब पीड़िता स्थानीय थाने पहुंची तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे निराश होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और नामजद आरोपियों के खिलाफप्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। ग्राम बिलालपुर निवासी पूनम देवी पत्नी जितेन्द्र सिंह वर्तमान में शहर में किराए का मकान लेकर रहती हैं, जबकि उनके गांव का मकान अक्सर बंद रहता है। वह कभी-कभार गांव के घर की देखभाल के लिए वहां जाती हैं। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार बीते 25 जुलाई को जब पूनम देवी अपने पुत्र राघवेन्द्र के साथ गांव गईं, तो उन्होंने देखा कि मकान के मुख्य ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर जाने पर पता चला कि कमरों के भी ताले चटकाए गए हैं और वहां से कीमती जेवर, कपड़े व अन्य घरेलू सामान गायब है। पीड़िता पूनम देवी ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि गांव वालों ने दबी जुबान में उन्हें जानकारी दी कि गांव के ही निवासी मोहित पुत्र महेशपाल सिंह और रूचि पत्नी सुरजीत सिंह ने उनके मकान का ताला तोड़कर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता का कहना है कि चोरी की जानकारी मिलने के बाद जब वह शिकायत दर्ज कराने संबंधित थाने गई, तो पुलिस ने मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई और कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। स्थानीय पुलिस की इस लापरवाही और उदासीनता के बाद पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है। उन्होंने एसपी से गुहार लगाई है कि उपरोक्त आरोपियों के खिलाफतत्काल प्रभाव से एफआईआर दर्ज करने का आदेश पारित किया जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

## तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में अमृतपुर तहसील के सभा कक्ष में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तहसील समाधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, सिंचाई, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर सत्यापन कर नियमानुसार निस्तारण किया जाए। किसी भी शिकायत के निस्तारण में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, सड़क, जल निकासी, विद्युत आपूर्ति, पेंशन तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने गंभीर प्रकृति के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने तथा शिकायतकर्ताओं को नियमानुसार राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे आमजन को पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।


समस्याएं सुनती डीएम व एसपी

### डीएम ने तहसील परिसर में किया वृक्षारोपण

**अमृतपुर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अमृतपुर तहसील में आयोजित तहसील दिवस के दौरान कुल 138 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 55, पुलिस विभाग के 26, विकास विभाग के 22, विद्युत विभाग के 06, खाद्य एवं रसद विभाग के 08 एवं अन्य विभागों के 21 प्रकरण सम्मिलित रहे। इनमें से 04 प्रकरणों को मौके पर निस्तारित किया गया। तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने अमृतपुर तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया यहां पर उन्होंने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि वह अपने जीवन में पेड़ अनिवार्य रूप से लगाए जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्राप्त हो सके। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कुठला झील पर पर्यटन विकास की संभावनाओं की दृष्टिगत पर्यटन विभाग द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों का निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि झील पर व्यवस्थित रूप से साफसफाई कराते हुए पर्यटन विकास के अंतर्गत आवश्यक कार्य पूर्ण करें, जिससे लोगों को पर्यटन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

### पूर्व विधायक के घर विस्फोट में घायल युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर लगभग पांच माह पूर्व हुए विस्फोट में घायल दूसरे व्यक्ति ईशु चौरसिया की शनिवार को घर पर चल रहे उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गयी और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।
जानकारी के अनुसार नालामछरट्टा स्थित पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर 17 मार्च को जोरदार विस्फोट हुआ था। इस घटना में पूर्व विधायक के पुत्र अभिषेक उर्फसिक्की, अविनाश उर्फविक्की, नूरपुर निवासी भइया लाल तथा 28 वर्षीय ईशु चौरसिया पुत्र घनश्याम चौरसिया समेत आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के लगभग चार महीने बाद इलाज के दौरान भइया लाल की कानपुर में मौत हो गई थी। वहीं, ईशु चौरसिया का उपचार घर पर चल रहा था। शनिवार सुबह ईशु चौरिया ने भी दम तोड़ दिया।

## दूध में मक्खी गिरने पर पिता ने लगायी डांट, पुत्री ने कर ली आत्महत्या

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र में पिता ने दूध में मक्खी गिर जाने से अपनी पुत्री को डांट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर युवती ने कमरे में जाकर दुपट्टे से फांसी लगा ली। जानकारी होने पर परिजनों ने किसी तरह नीचे उतारा और पड़ोस के एक चिकित्सक के बुलाया।

जिसने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ने जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


मृतका की फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद के अवंती बाई नगर निवासी श्रीराम की बड़ी पुत्री शेफाली ने आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता श्रीराम ने बताया कि सुबह उन्होंने गाय का दूध निकाला था, इसी दौरान एक मक्खी दूध में गिर गयी। जिससे गुस्सायें श्रीराम ने अपनी बेटी शेफाली को डांट दिया और श्रीराम डेयरी पर दूध बेंचने चले गये। मृतका का मां सरिता घरों में साफ-सफाई का काम करने चली गयी थी। घर पर सिर्फ मृतका की छोटी बहन सुनाली (सोना) थी। पिता की डांट से क्षुब्ध शेफाली ने कमरे में जाकर छत के कुंडे से दुपट्टे द्वारा फांसी लगा ली। घर में मौजूद छोटी बहने जा कमरे में पहुंची तो शेफाली को फंदे से लटका देख, तेजी से चिल्लाने लगी और पूरे घर में चीख पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनकर बाहर बैठे मौसा राधेश्याम और चारा काटने आए शिवाजी नगर निवासी बबलू पठान मौके पर पहुंचे। सुनाली ने शेफाली के गले से फंदा खोला। उसे दूसरे कमरे में तख्त पर लिटाकर पास के क्लीनिक से डॉक्टर को बुलाया गया। जिन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, घटना के समय मृतका के पिता नशे की हालत में थे। बेटी की मौत से व्यथित होकर उन्होंने अपना सिर भी फोड़ लिया थी।


रोते बिलखते परिजन


जांच पड़ताल करती पुलिस

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल श्रीराम का चिकित्सीय परीक्षण कराया। पुलिस की पूछताछ में पिता श्रीराम ने बताया कि वह दूध में मक्खी गिरने पर डांटा था। शेफाली चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी। उसकी मौत से छोटी बहन सुनाली, भाई आदित्य और अभिनाश सहित मां सरिता का बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि पिता की डांट के बाद युवती द्वारा आत्महत्या की जाने की बात सामने आई है।

## निराश्रित महिला पेंशन को लेकर प्रशासन का स्पष्टीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रहीं जिले की महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किस्त के भुगतान में हो रही देरी को लेकर जिला प्रोबेशन कार्यालय ने स्थिति स्पष्ट करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने बताया कि वर्तमान में जनपद के मात्र 20 प्रतिशत लाभार्थियों के खाते में ही विभाग द्वारा पेंशन भेजी जा सकी है। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि शासन स्तर पर एसएनए स्पर्श के माध्यम से पेंशन भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस नई प्रणाली को लागू करने में चल रही तकनीकी प्रक्रिया के कारण ही अन्य लाभार्थियों की पेंशन में विलंब हुआ है। कार्यालय ने यह सुनिश्चित किया है कि जिन लाभार्थियों की पेंशन रुकी हुई है, उनकी धनराशि माह अगस्त 2026 के अंतिम सप्ताह तक जारी कर दी जाएगी। यह पेंशन महिला कल्याण विभाग लखनऊ द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के आधार से लिंक बैंक खातों में भेजी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की सभी निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों से विशेष अपील की है कि वे पेंशन में हो रही इस अस्थायी देरी को लेकर किसी भी प्रकार से परेशान न हों। तकनीकी कार्य पूरा होते ही निर्धारित समय अगस्त के अंतिम सप्ताह तक सभी का पैसा उनके खातों में सुरक्षित पहुँच जाएगा।

# गंगा का बढ़ा जलस्तर, कई गांव में घुसा पानी

- करनपुर घाट पर कटान से ग्रामीण परेशान
- कुडरी सारंगपुर, घाट समेत तटवर्ती इलाकों में बढ़ी चिंता

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का असर दिखाई देने लगा है।

चेतावनी बिंदु पार होने के बाद गंगा का पानी निचले इलाकों में फैलना शुरू हो गया है। इससे गंगा किनारे बसे कई गांवों में चिंता का माहौल है और ग्रामीण लगातार बदलते हालात पर नजर बनाए हुए हैं। बढ़ते जलस्तर का सबसे अधिक असर तीसराम की मड़ैया, कुडरी सारंगपुर, सुभानपुर, करनपुर घाट समेत कई गांवों में देखने को मिल रहा है। गांवों के निचले हिस्सों और खेतों में पानी पहुंचने लगा है, जिससे लोगों में बाढ़ को लेकर चिंता बढ़ गई है। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है तो कई संपर्क मार्ग भी प्रभावित हो सकते हैं। इस बीच करनपुर घाट पर गंगा की तेज धारा के कारण कटान की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। नदी का बहाव लगातार किनारों को काट रहा है, जिससे किसानों की कृषि भूमि पर खतरा मंडराने लगा है।


बाढ़ के पानी में डूबे मकान

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कटान रोकने के प्रभावी उपाय नहीं किए गए तो नुकसान और बढ़ सकता है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। प्रशासन की टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और संवेदनशील गांवों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। राहत एवं बचाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, नदी के किनारों पर अनावश्यक आवाजाही से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने को कहा गया है। गंगा के बढ़ते जलस्तर और करनपुर घाट पर जारी कटान ने तटवर्ती गांवों की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है, जबकि ग्रामीण भी संभावित बाढ़ को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं। आने वाले दिनों में जलस्तर में होने वाले बदलाव पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस

# एसडीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

- 171 शिकायतों में से नौ का मौके पर किया निस्तारण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लम्बित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्ता पूर्ण व समय बद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग से समन्धित शिकायतों को क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने सुना एवं सम्बन्धित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील दिवस में कुल 171 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को बुलाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, कायमगंज अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।


शिकायतें सुनते एसडीएम

# कांवड़ियों को मिले सुविधाएं: करणी सेना


ज्ञापन सौंपते करणी सेना के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजपूत करणी सेना की जनपद इकाई ने पवित्र सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को लेकर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान भीषण गर्मी और लंबी पैदल यात्रा के बीच कांवड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर आकर्षित किया है। कांवड़ मार्गों पर तत्काल प्रभाव से पर्याप्त संख्या में अस्थायी विश्राम स्थल और सेवा शिविर स्थापित किए जाएं। प्रमुख मार्गों पर शुद्ध पेयजल, छांव और बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी मार्गों और विश्राम स्थलों पर साफ-सफाई, शौचालय तथा पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए। महत्वपूर्ण स्थानों पर चिकित्सा टीम, प्राथमिक उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए कांवड़ मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। भीड़ को देखते हुए आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन और यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था की जाए। कांवड़ मार्गों पर अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधित करने वाली गतिविधियों को तत्काल हटाकर मार्ग सुरक्षित बनाए जाएं। प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों की नियमित निगरानी और निरीक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन पत्र पर जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप, श्याम कुमार सिंह, मुकेश चौहान, धनंजय प्रताप सिंह, आकाश राजपूत, सिद्धान्त सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

## रजिस्ट्रेशन न होने से परेशान छात्रा ने किया आत्महत्या का प्रयास


अस्पताल में भर्ती छात्रा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर परौरी में आर्थिक तंगी के चलते कक्षा 9 में रजिस्ट्रेशन न हो पाने से परेशान एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने किसी तरह उसे फंदे से उतारकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर परौरी निवासी संजू कश्यप की 18 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने शिव शरण सिंह आदर्श विद्यालय इण्टर कॉलेज पैथान से कक्षा 8 उत्तीर्ण की थी। विद्यालय से शिक्षक ने पिता के फोन पर कॉल कर लक्ष्मी के कक्षा 9 में रजिस्ट्रेशन के लिए कहा, जिस पर पिता ने आर्थिक स्थिति कमजोर बताते हुए कहा कि अभी पैसे की व्यवस्था नहीं है। पैसे होने पर तुरंत रजिस्ट्रेशन करवा देंगे। बताया जाता है कि इसके बाद लक्ष्मी घर में पले मवेशियों के लिए मां सीमा के साथ चारा–पानी करा रही थी। मां के बाहर जाने पर लक्ष्मी ने फिर रजिस्ट्रेशन की बात कही। मां ने कहा अभी पैसे नहीं हैं, व्यवस्था होने पर रजिस्ट्रेशन करवा देंगे। इसी बात को लेकर मां–बेटी में कहासुनी हो गई। इससे नाराज होकर लक्ष्मी कमरे में गई और दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मां ने कमरे में बेटी को फंदे पर लटका देख तत्काल उसे नीचे उतारा और कायमगंज सीएचसी लेकर आईं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# रक्तदान शिविर में युवाओं सहित 221 लोगों ने किया रक्तदान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन और लायन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में रक्तदान-महादान के स्लोगन के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 221 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

शिविर का शुभारंभ संयोजक सांसद मुकेश राजपूत, लायन्स क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल, डॉ. मिथलेश अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला महामंत्री जगदीश दीक्षित ने फीता काटकर किया। इस दौरान रक्तदान करने वाले युवाओं को इस महादान के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि समाज व देश के हित के लिए रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है। शिविर में नगर व ग्रामीण अंचल के युवाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। संस्था के अध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल ने आए हुए अतिथियों और युवा दानियों का मुक्त कंठ से धन्यवाद कर उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की। रक्त संग्रहण का कार्य सीपी हॉस्पिटल की टीम डॉ0 प्रवीण कुमार, दिलीप कुमार, रोहित कटियार, पुष्पेन्द्र सिंह, शिव कुमार, अमित मिश्रा, शिवा चौरसिया, राहुल, दीपक अग्रवाल, विशाल आदि ने किया।


रक्तदान के दौरान सांसद, मिथलेश अग्रवाल आदि

- अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन और लायन्स क्लब ने किया आयोजन

इस अवसर पर मोनिका अग्रवाल, रजनी गोयल, विनोद अग्रवाल, सुशील गुप्ता, हरेन्द्र राजपूत, देवेन्द्र, आयुष गुप्ता, किशन, आशीष गुप्ता, नीरज अग्रवाल, आशा गुप्ता, मनोज गुप्ता, हर्षित अग्रवाल, योगेश तिवारी, अमित गुप्ता, डॉ. काल पांडे, शिवम गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, देवेन्द्र, नितिन अग्रवाल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्युत संविदा कर्मचारियों ने 41 उपकेंद्रों पर धरना रखा जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों और आउटसोर्स कर्मचारियों के हो रहे शोषण के विरोध में आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संघ की जिला कार्यकारिणी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय/वितरण मण्डल को ज्ञापन देने के बाद भी अनदेखी की जा रही है।


धरने पर बैठे संविदा कर्मचारी

जनपद के सभी विद्युत केंद्रों पर धरना प्रदर्शन जारी है। कई दिन बीत जाने के बाद भी समस्यायें नहीं सुनी गई है। जिलाध्यक्ष रामकिशन व जिला महामंत्री विष्णु चौहान ने मांग की है कि समस्या का शीघ्र समाधान किया जाये। कर्मचारियों ने 41 उपकेंद्रों पर धरना जारी रखा है। पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन पर मनमानी और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्दशा को उजागर करते हुए कर्मचारियों का वेतन 18,000 निर्धारित न करना और वेतन भुगतान में भेदभाव करना। 11 केवी फीडरों पर पूरी गैंग 1 लाइनमैन, 1 पेट्रोलमैन, 2 अकुशल श्रमिक के स्थान पर मनमाने ढंग से केवल 1 कर्मचारी को तैनात करना। अकुशल श्रमिकों से एचटी/एलटी लाइनों, ट्रांसफार्मरों और ब्रेकरों पर कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण दुर्घटनाओं में कर्मचारियों की मौतें हो रही हैं। 15 मई 2017 के आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रदेश भर से लगभग 25,000 आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया गया है।

जनपद में अप्रैल 2025 में हटाए गए 181 कर्मचारियों की अभी तक बहाली नहीं की गई है। समस्याओं को लेकर कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामकिशन, जिला महामंत्री विष्णु चौहान, राजन शाक्य, शिवदत्त शाक्य, विष्णु सिंह, सुमित कुमार संटी, शशांक मिश्रा, प्रवल मिश्रा, अजय कुमार, धर्मेंद्र, बलराम सिंह, राजकुमार थापा, बांके लाल, गोविंद सिंह, शिव शंकर, शैलेंद्र कुमार, जसबेंद्र कुमार, बबलू कुमार, चौधरी अजीत सिंह, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रावण मास पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास (कांवड़ यात्रा) और सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए फतेहगढ़ पुलिस प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में अहम बदलाव किए हैं। 3 अगस्त को श्रावण मास का प्रथम सोमवार है, जिस अवसर पर जनपद के प्रमुख गंगा घाटों-पांचाल घाट, ढाईघाट, श्रृंगीरामपुर घाट, बरगदिया घाट एवं रानी घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में पहुंचने की संभावना है। सोमवती अमावस्या के कारण बाहरी जनपदों से भी श्रद्धालुओं का आगमन 1 अगस्त की शाम 7 बजे से शुरू होने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए जनपद स्तर पर 1 अगस्त शाम 7 बजे से 3 अगस्त 2026 कार्यक्रम समाप्ति तक रूट डायवर्जन लागू किया गया है। यह व्यवस्था माल वाहनों यथा ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर आदि के लिए लागू होगी। कन्नौज से कानपुर रोड होते हुए फतेहगढ़ आने वाले माल वाहनों को गुरसहायगंज जनपद कन्नौज से छिबरामऊ की तरफ डायवर्ट किया जाएगा।

**कल तक लागू रहेगी व्यवस्था**

छिबरामऊ से जहानगंज होकर फतेहगढ़ आने वाले माल वाहनों को छिबरामऊ से बेवर जनपद मैनपुरी की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। बेवर की ओर से फतेहगढ़ आने वाले माल वाहनों को बेवर जनपद मैनपुरी में ही रोक दिया जाएगा। जनपद एटा की ओर से फतेहगढ़ आने वाले माल वाहनों को इब्राहिमपुर अलीगंज बॉर्डर जनपद एटा पर रोका जाएगा। शाहजहांपुर और बरेली से फतेहगढ़ आने वाले माल वाहनों को थाना अल्हागंज व हुल्लापुर जनपद शाहजहांपुर में रोका जाएगा।

इसके अलावा जरियनपुर चौराहे से ढाई घाट शमशाबाद की तरफ आने वाले वाहनों को जरियनपुर जनपद शाहजहांपुर पर रोका जाएगा। जनपद हरदोई की ओर से फतेहगढ़ आने वाले माल वाहनों को रूपापुर थाना सवायजपुर जनपद हरदोई में रोका जाएगा। इस निर्देश के तहत सभी भारी वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए तय किए गए वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें। यातायात पुलिस जगह-जगह मुस्तैद रहेगी, ताकि कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बहोरन लाल बने जीआईसी फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रस्तोगी इंटर कालेज में भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता रहे बहोरन लाल ने फतेहगढ़ राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। बहोरन लाल का अटेवा टीम द्वारा स्वागत कर बधाई दी गई। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि बहोरन लाल हमारे साथी रहे है।
प्रवक्ता पद पर रहते हुए रस्तोगी इंटर कालेज में उन्होंने अपना योगदान दिया। छात्रों को मार्गदर्शन बाखूबी देते थे और पढ़ाते थे। सभी शिक्षकों से स्नेह रखते थे। बहोरन लाल के प्रधानाचार्य बनने पर सभी ने खुशी जताई है और उन्हें गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी है। इस अवसर पर रस्तोगी कालेज के उप प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद, अटेवा प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एवं अटेवा के ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, सुनील कुमार, पंकज शुक्ला आदि कई शिक्षक मौजूद रहे।

# पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर पुलिस का छापा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रक्षाबंधन व 15 अगस्त के पावन पर्व को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ट के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के आदेश पर कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे में पतंग की दुकानों पर छापेमारी की।


पतंग की दुकान पर छापेमारी करती पुलिस

इस दौरान चाइनीज मांझा बेंचने वाले दुकानदार सौरभ को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबल सचिन कुमार और कांस्टेबल विजय गुर्जर की टीम ने नगर की कई पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर छापा मारा। पुलिस ने दुकानदारों को चाइनीज मांझा न बेंचने के संबंध में सख्त हिदायत दी और प्रतिबंधित मांझे का स्टॉक चेक किया। चेकिंग के दौरान बजरिया राधाकिशन की दुकान से चाइनीज मांझा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से मांझे को जब्त कर दुकानदार को अपने साथ कोतवाली ले गई। उससे पूछताछ की जा रही है। चौकी इन्चार्ज ने बताया कि रक्षाबंधन और 15 अगस्त को पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है। प्रतिबंधित मांझा बेचने वालों सौरभ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन और मैथिलीशरण गुप्त की मनाई गई जयंती

- अभिव्यंजना के तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अभिव्यंजना साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में एनएकेपी महाविद्यालय के सभागार में मुंशी प्रेमचंद, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन और राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. शिवओम अंबर ने की। उन्होंने तीनों साहित्यकारों को नमन करते हुए बताया कि 2 अगस्त को हिंदी के प्रतिष्ठित कवि एवं नवगीतकार उमाकांत मालवीय की भी जयंती है। उन्होंने पौराणिक संदर्भों की आधुनिक व्याख्या करते हुए अनेक मिथकीय कहानियां और ललित निबंधों की रचना की है।


विचार गोष्ठी में मौजूद अतिथि


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदी के रचनाकार उस समय के चिंतक, प्रेरक और विचारक थे जो इतिहास और समाज की घटनाओं को विवेचित करते थे। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उन्होंने समाज को जगाने के लिए नर हो न निराश करो मन को जैसी कालजयी रचना दी। उनकी रचनाओं में स्त्री विमर्श था जो आज भी प्रासंगिक है। भारती मिश्रा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ने तत्कालीन समाज की दशा का यथार्थ चित्रण किया है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियों पर बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि समाज को सुसंस्कृत बनाने का दायित्व सभी का है। डॉ0 राजकुमार सिंह ने कहा कि आज अगर हम हिंदी को इस रूप में पा रहे हैं तो उसके पीछे राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन का त्याग, संघर्ष और अडिगता है। इसी के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी सादगी और ईमानदारी के कारण ही उन्हें राजर्षि की उपाधि से सुशोभित किया गया।

प्राचार्या डॉ. पारुल मिश्रा ने कहा कि बड़ों का सानिध्य और मार्गदर्शन आवश्यक है। अच्छी कहानियां और प्रेरक प्रसंग हमारे मार्गदर्शक होते हैं। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस अवसर पर निमिष टंडन, संजय गर्ग, महेश पाल सिंह, गुंजा जैन, प्रीति रायजादा, आलोक रायजादा, प्रियांशु पांडेय, अरविंद दीक्षित, स्मृति अग्निहोत्री, प्रेम प्रकाश चौहान, रवींद्र भदौरिया, रामअवतार शर्मा, राममोहन शुक्ल, बृजकिशोर सिंह, सत्यपाल सिंह सहित शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित रही।

# सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध हों दवाएं

- बाहर की दवा लिखने पर होगी सख्त कार्रवाई: सीएमओ
- अस्पतालों के औषधि भंडार का नियमित किया जाए निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने जनपद के समस्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में दवा उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को निर्धारित सूची के अनुसार आवश्यक दवाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को अनावश्यक रूप से बाहर की दवाएं लिखने अथवा खरीदने के लिए बाध्य करना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि शासन द्वारा सरकारी चिकित्सालयों में आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है।

ऐसे में प्रत्येक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से दवा स्टॉक की समीक्षा करें तथा किसी भी दवा की कमी होने पर समय रहते उसकी मांग भेजकर उपलब्धता सुनिश्चित करें। मरीजों को उपचार के दौरान दवाओं के अभाव का सामना नहीं करना चाहिए। डॉ. आनंद उपाध्याय ने निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित रखी जाए। चिकित्सक केवल आवश्यकता के अनुरूप ही दवाएं लिखें तथा उपलब्ध सरकारी दवाओं को प्राथमिकता दें। यदि किसी विशेष परिस्थिति में अस्पताल में दवा उपलब्ध न हो तो उसका स्पष्ट अभिलेखीकरण किया जाए और उसकी तत्काल व्यवस्था कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि अस्पतालों के औषधि भंडार, दवा वितरण कक्ष एवं स्टॉक रजिस्टर का नियमित निरीक्षण किया जाए। दवा वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सीएमओ ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का उद्देश्य केवल उपचार प्रदान करना नहीं, बल्कि मरीजों का आर्थिक बोझ कम करना भी है। सरकारी चिकित्सालयों में निःशुल्क दवाए जांच एवं उपचार की व्यवस्था का लाभ प्रत्येक पात्र मरीज तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपेक्षा की कि मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

# एजूकेशन मूवमेन्ट सोसाइटी का छात्र-छात्रा सम्मान आज

- मुख्य अतिथि होंगे कुलपति प्रो. डॉ. फैजान मुस्तफा
- शिक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया आमंत्रित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एजूकेशन मूवमेन्ट सोसाइटी प्रत्येक वर्ष होने वाला मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 02 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे से बढ़पुर स्थित एक लॉन में आयोजित किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ0 फैजान मुस्तफा कुलपति चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटना होंगे। कार्यक्रम में सभी बोर्डों के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।


प्रो. डॉ. फैजान मुस्तफा

इसके अतिरिक्त जनपद के सभी बोर्डों के जिला टॉपर को भी सम्मानित किया जायेगा। सोसाइटी के सचिव सैय्यद रिजवान अली ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन व प्रोत्साहन के लिए विभिन्न विषय विशेषज्ञों व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों को भी आमंत्रित किया गया।

सोसाइटी के समारोह की तैयारी के सम्बन्ध में आहूत बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मानित किये जाने वाले छात्र-छात्राओं को एक बैग, मेडिल, प्रशस्ति पत्र व बच्चों के उपयोग लाये जाने वाली ज्ञानवर्धक पुस्तकें वितरित की जायेंगी। बैठक में नसर खालिक, महफूज जैदी, सुहेल अहमद फारूकी, खुर्शीद आलम खांन, जुबैर खांन, अंसार सिद्दीकी, अनवर जमाल, असलम अब्बासी, तसव्वर हुसैन, रहबर सिद्दीकी, तौसीफ अली, जीशान अंसारी, तारिक फराज आदि मौजूद रहे।

## जमीन पर घूरा डालने पर दबंगों ने जानमाल की दी धमकी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव धूरीहार निवासी वीरपाल ने 6 जुलाई को पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके घर के सामने खाली पड़ी उनके हिस्से की जमीन पर गांव के ही कुछ दबंगों के द्वारा उनकी जमीन पर घूरा डाला जा रहा है। जब वीरपाल ने घूरा डालने से मना व उनकी जमीन को छोड़ने की बात कही। तो दबंगों ने वीरपाल को गाली–गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट करने पर आमादा हो जाते है और दबंगों ने वीरपाल को धमकते हुए कहा कि हम इसी जमीन पर मकान बनाएंगे तुम्हे जो करना हो कर लेना। वीरपाल द्वारा दी गई तहरीर पर थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने पर पीड़ित शनिवार दोबारा थाने पहुंचा और दबंगों के खिलाफशिकायत पत्र देने की बात कही तो थाना पुलिस ने दोबारा से तहरीर खिलकर लाने को कहा। पीड़ित ने फिर से दबंगों के खिलाफनामदर्ज तहरीर दी। अब देखना है कि पुलिस फिर से इन्हें तहरीर देने की बात कहेगी या दो बार तहरीर देने के बाद दबंगों के खिलाफकोई कार्यवाही करेगी। नवाबगंज थाने में कुछ दिनों से इसी तरह के कारनामे देखने को मिल रहे है।

# संगठन व प्रत्याशी के छवि पर मिलेगी जीत

**विधानसभा चुनाव-2027 की जीत के लिए तमाम दल हुए सक्रिय**

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**




जिले की सदर विधानसभा सीट का राजनीतिक मिजाज हमेशा से बेहद दिलचस्प रहा है। नेपाल की सीमा से सटे इस जिले की सदर सीट राजनीतिक रूप से काफी जागरूक मानी जाती है। फिलहाल इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है।और जय मंगल कनौजिया यहाँ से विधायक हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गढ़ बचाने की चुनौती है।वर्तमान मे भाजपा के जय मंगल कनौजिया ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में लगातार यहाँ से जीत दर्ज की है। 2022 के चुनाव में उन्हें 51.81 प्रतिशत वोट मिले थे, जो उनकी मजबूत पकड़ को दर्शाता है। डबल इंजन सरकार की योजनाएं, मजबूत संगठन, और क्षेत्र के दिग्गज नेता केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद पंकज चौधरी का प्रभाव पार्टी को हमेशा बढ़त दिलाता है। बावजूद इसके लगातार दो बार विधायक रहने के कारण स्थानीय स्तर पर सत्ता विरोधी लहर और विकास कार्यो को लेकर जनता की बढ़ती उम्मीदें भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में इस विधानसभा क्षेत्र में विपक्षी गठबंधन ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। ऐसे में भाजपा को अपने सभी कील कांटे दुरुस्त रखने होंगे। 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी 'पीडीए' के सहारे वापसी की उम्मीद में है। सदर विधानसभा की स्थिति यह है कि सपा ने 2007 और 2012 में यहाँ लगातार दो बार चुनाव जीता था (श्रीपति आज़ाद और सुदामा प्रसाद विधायक रहे थे)। लेकिन पिछले दो चुनावों में पार्टी सीधे मुकाबले में पिछड़ गई। चुनाव के समय अखिलेश यादव का (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का फॉर्मूला इस तराई क्षेत्र में कितना असरदार साबित होगा समय वतायेगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने यह सीट गठबंधन के तहत सुभासपा को दे दी थी, जिसके कारण सपा का अपना कैडर यहाँ सुस्त पड़ गया था। अब पार्टी को जमीनी स्तर पर अपने मूल संगठन को फिर से खड़ा करना होगा और एक मजबूत स्थानीय चेहरे को आगे लाना होगा। तब सपा बेहतर लड़ाई लड़ सकेंगी। वही मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में बहुजन समाज पार्टी को अपना खोया जनाधार पाने की छटपटाहट है।बसपा का इस सुरक्षित सीट पर कभी अच्छा-खासा वोट बैंक हुआ करता था। 2017 में बसपा यहाँ 22.98 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थी। लेकिन 2022 के चुनाव में पार्टी महज 7.79 प्रतिशत वोटों पर सिमट गई और चौथे स्थान पर पहुंच गई। इन सब के बावजूद सुरक्षित सीट होने के कारण दलित मतदाताओं का एक कोर हिस्सा आज भी साइलेंट वोटर के रूप में बसपा के साथ जुड़ा हुआ है।बसपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने खिसकते जनाधार को रोकना है। दलित वोटों का एक बड़ा हिस्सा भाजपा की लाभार्थी योजनाओं और सपा के संविधान बचाओ नैरेटिव की तरफ शिफ्ट हुआ है। जब तक बसपा सोशल इंजीनियरिंग का नया फॉर्मूला नहीं लाती, उसकी राह कठिन है।

## खबरें एक नजर में

### एसआइ पर फर्जी तरीके से शिकायत निस्तारण करने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के देवहट गांव निवासी द्वारिका प्रसाद केशरी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत का फर्जी तरीके से निस्तारण किए जाने का एसआइ पर आरोप लगाया है।जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। प्रसारित हो रहे वीडियो में शिकायतकर्ता द्वारिका प्रसाद केशरी ने आरोप लगाया कि बीते 29 जून को मुख्यमंत्री पोर्टल पर देह व्यापार का धंधा करवाए जाने की शिकायत की थी। लेकिन जांच अधिकारी एसआइ पुनीत कुमार गुप्ता ने मेरा फर्जी अंगूठा निशान लगाकर मनमानी तरीके से शिकायत का फर्जी ढंग से निस्तारण कर दिया। आरोप लगाया कि रात को एसआइ व हेड कांस्टेबल मेरे कमरे पर आए थे और धमकी दिए कि शिकायत करोगे तो फर्जी मुकदमे फंसाकर जेल भेज देंगे। आरोप लगाया कि देह व्यापार का धंधा बंद करवाने की बजाय फर्जी तरीके से पुलिस ने शिकायत का निस्तारण कर दिया। द्वारिका प्रसाद केशरी ने बीते 29 जून को मुख्यमंत्री पोर्टल पर ड्रमंडगंज घाटी के छोटका मोड़ के पास कच्चे मकान में तथा लहुरियादह व भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में देह व्यापार का धंधा करवाए जाने की शिकायत की थी। मामले की जांच कर रहे एसआइ पुनीत कुमार गुप्ता द्वारा बीते 8 जुलाई को शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। द्वारिका प्रसाद केशरी ने फर्जी तरीके से शिकायत निस्तारण करने का एसआइ पर आरोप लगाते हुए, मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में एसआइ पुनीत कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच के बाद शिकायत का निस्तारण किया गया। शिकायतकर्ता द्वारा गलत आरोप लगाया जा रहा है।

### ब्रेक फेल होने से गिट्टी लदा ट्रक दूसरे ट्रक से टकराया

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शनिवार की भोर में ब्रेक फेल होने से गिट्टी लदा ट्रक मिट्टी व पत्थरों के ढेर से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक बाल बाल बच गया। मध्यप्रदेश के मैहर से गिट्टी लादकर देवरिया जा रहा ट्रक भोर में जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक बैरिकेडिंग तोड़ते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा खाई के पास लगाए गए मिट्टी और पत्थरों के ढेर से जा टकराया। मिट्टी व पत्थरों के ढेर में ट्रक के फंस जाने से अनियंत्रित ट्रक घाटी में सैकड़ों फीट नीचे जाने से बच गया नही तो बड़ा हादसा हो सकता था।संयोग था कि हादसे में 30 वर्षीय ट्रक चालक रोहित निवासी देवरिया बाल बाल बच गया। शनिवार दोपहर को जेसीबी मशीन लगवाकर क्षतिग्रस्त ट्रक को घाटी से बाहर निकलवाया गया।

### पात्रों की समस्याओं को सुलझाना मेरी प्राथमिकता होगी: वीरेंद्र चौधरी



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत फरेन्दा ब्लॉक सभागार में आज शुक्रवार को फरेंदा के कांग्रेसी विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने लाभार्थियों और उनके परिजनों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर पात्र आश्रित परिवार को 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के लाभार्थियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर विधायक ने पात्र लोगों को समय पर सहायता दिलाने का आश्वासन दिया, और यह भी कहा कि पात्रों की समस्याओं को सुलझाना मेरी प्राथमिकता होगी।जिला समाज कल्याण विभाग के अनुसार करीब 1500 आवेदन पिछले छह-सात माह से लंबित थे।पहली किस्त जारी होने के बाद करीब 200 आश्रितों के खातों में सहायता राशि भेजी जा चुकी है,जबकि शेष लाभार्थियों को भेजा जाएगा।इस दौरान एडीओ आईएसबी बृजानन्द यादव, एडीओ समाज कल्याण अकतर हुसैन, सर्वेश सोनकर, प्रमोद कुमार सोनी, संतोष सिंह योगेश्वर दूबे,यादव,वन स्टॉप सेंटर की नैना पटेल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

### शिवालयों पर उमड़ा श्रद्धालुओं के आस्था का सैलाब

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सावन मास के शुभारंभ होते ही जनपद के छोटे बड़े शिव मंदिरों पर शिवभक्तों के आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। सावन मास का शुभारंभ 30 जुलाई दिन वृहस्पतिवार से हुआ है यह मास शिव को अत्यंत प्रिय है।इस मास के शुभारंभ होने से वैवाहिक कार्यक्रम, मुण्डन संस्कार, उपनयन, गृह प्रवेश, सहित अन्य शुभ कार्य एवं नये घर का निर्माण आदि प्रतिबंधित हो जाते हैं।



आज इस मास को लेकर भूत-भावन भगवान शिव के मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप सहित अन्य पूजन अर्चन वन्दन शुरू हो गये है जिससे शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है आलम यह हों गया है कि सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन वन्दन करने वालों की भीड़ लगी रहती है, ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा जनपद शिवमय हो गया है। सावन मास के शुभारंभ से चारों तरफ हर हर महादेव का जयघोष सुनाई दे रहा है न चाहते हुए भी इस घोर कलियुग में धर्म के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था से दिन प्रतिदिन शिवालयों पर श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे।

### शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए श्रवण पटेल बने जिला प्रभारी

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी पत्रांक 1794/2026, दिनांक 01/08/2026 के अनुसार गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक एम.एल.सी. निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी कमलेश यादव के पक्ष में सहयोग हेतु श्रवण कुमार पटेल को जनपद महराजगंज का प्रभारी नामित किया गया है।

श्रवण कुमार पटेल को प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। श्री श्रवण पटेल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंप है उसकी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाण करूंगा तथा समाजवादी पार्टी की जीत हो ऐसा प्रयास करूंगा समाजवादी पार्टी शिक्षक एमएलसी चुनाव में पूरी तन्मयता और कार्यकर्ताओं के सहयोग से विजय प्राप्त करेगी । पूर्व मंत्री श्री सुशील तिबदेवाल ने कहा कि श्रवण कुमार पटेल के प्रभारी के रूप में मनोनयन से जनपद महराजगंज में एम.एल.सी. चुनाव में पार्टी को नई गति मिलेगी। उनके संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव के कारण पार्टी प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत हासिल होगी।

## जिला बनने के 37 वर्ष बाद जनपद मुख्यालय पर बाईपास बनने की जगी आस

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जिला बनने के 37 वर्ष बाद जनपद मुख्यालय के लिए बाईपास बनने की आशा जगी है। राष्ट्रीय राजमार्ग 730 के परतावल से आनंद नगर तक प्रस्तावित फोरलेन के साथ -साथ महराजगंज बाईपास परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने के साथ जनपद मुख्यालय पर बाईपास बनने की प्रबलता बनी है। भूमि अध्यप्ति कार्यालय द्वारा एलाइनमेंट तय होने के बाद सदर तहसील के 23 तथा फरेंदा तहसील के 25 गांवों की सूची जारी कर संबंधित तहसीलों को भेजी गई है।इन गांवों में प्रस्तावित एलाइनमेंट के अंतर्गत आने वाले खसरा संख्या के सत्यापन का कार्य शुरू हो गया है। सत्यापन कार्य पूर्ण होने के बाद भूमि का मूल्यांकन, मुआवजा निर्धारण और अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जानी है। परियोजना अंतर्गत महाराजगंज मुख्यालय के लिए बाईपास बनाया जाना है।जिससे शहर के भीतर भारी वाहनों का आवागमन रुकेगा और लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से राहत मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान में मुख्यालय शहर सीमा के अंदर से होकर जाने वाली एन एच 730 सड़क का लगभग आधा हिस्सा आमतौर पर चार पहिया वाहनों के स्टैंड के रूप में प्रयोग हो रहा है।और शेष खाली सड़क पर लोगों का आना-जाना होता है। जिसके कारण बार-बार जाम की स्थिति बनती रहती है। ऐसे में बाईपास बनने से जनपद मुख्यालय के शहर सीमा से बड़े वाहनों का आवागमन थमने के चलते जाम से राहत मिलने की स्थिति बनेगी । उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मार्ग 730 के 472 किलोमीटर से 505 किलोमीटर की सड़क चार लेन चौणीकरण का कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 19 56 के अंतर्गत होना है।जिसके लिए 3 ए अधिसूचना के प्रशासन को लेकर मई 2026 के दौरान भूमि अध्यप्ति कार्यालय द्वारा उप जिलाधिकारी सदर /फरेंदा को धारा 3ए ड्राफ्ट अधिसूचना प्रारूप की प्रति संलग्न कर अपने स्तर से जांच कराकर यदि कोई ग्राम छूट गया है या ग्राम का नाम गलत अंकित है तो उसे सही करते हुए जांच आख्या उपलब्ध कराने को लिखा गया था। ताकि उक्त सूचना प्रारूप की प्रति हस्तांतरित कराया जा सके। इसके क्रम में जारी कार्यवाही के तहत जनपद के सदर और फरेंदा तहसील के कुल 66 गांवों की भूमि का अधिग्रहण होना है।जिसके लिए जिला प्रशासन के अनुसार उक्त दोनों तहसील क्षेत्र के निर्धारित ग्राम पंचायत में गाटो का सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे मे जनपद मुख्यालय पर बाईपास मार्ग के निर्माण होने की प्रबलता बढ़ गई है।

## फरेंदा में 91 फरियादियों ने दर्ज कराई फरियाद



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज शनिवार को तहसील सभागार फरेंदा में मुख्यविकास अधिकारी महराजगंज वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 91 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। जिसमें राजस्व के -57, पुलिस के-20 विकास-10 विद्युत -2 शिक्षा -2,शेष अन्य शिकायत रही।यानी कुल 91शिकायत कर्ताओं ने अपनी फरियाद दायर कर समाधान पर भरोसा जताया। लेकिन मौके पर 3, शिकायतों का निस्तारण कर,शेष 88,शिकायतों को निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित विभागों को सौंप दिया गया। उसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी महराजगंज ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए,आये सम्पूर्ण शिकायतों को निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित विभागों को अविलंब निस्तारण करने के लिए निर्देश दिया । सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये कुल 91 शिकायतों में, राजस्व, पुलिस, विकास, शिक्षा एवं अन्य मामले छाये रहे। जिसमें अधिकतर मामले जमीन से सम्बन्धित रहे। जिसको गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय।

## भाजपा संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर निकली कलश यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जन्मभूमि सिर गोवर्धनपुर की मिट्टी से भरे कलश के साथ वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ शनिवार को नगर मंडल से किया गया। यह अभियान जिले के सभी सात विधानसभाओं तथा भाजपा के 34 मंडलों में शनिवार से प्रारंभ होकर 25 अगस्त तक चलेगा। शहर के लंका मैदान स्थित श्री राम जानकी मंदिर से यात्रा को भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जो अम्बेडकर पार्क स्थित अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित कर महाराजगंज,अगस्ता, बुढ़नपुर होकर बबेडी पहुची।

## ग्राम प्रधानों ने ग्राम पंचायत खोराडीह को किया विजिट



**समृद्धि न्यूज, राजगढ़ (मिर्जापुर)।**

ग्राम पंचायत खोराडीह राजगढ़ मिर्जापुर उत्तर प्रदेश में बिहार सरकार पंचायती राज विभाग के द्वारा 35 ग्राम प्रधानो ने विजिट किया । जिसमें गांव का पंचायत भवन, मिनी गार्डन पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय , अमृत सरोवर ओपन जिम आदि जगहों देखे । जिसमें ग्राम प्रधान महेश प्रसाद कोल जी ने मुखिया लोगों को भ्रमण के दौरान गांव के इतिहास वर्तमान में विकास कार्यो को अवगत कराया। मौके पर विनोद कुमार सिंह कोन प्रधान, नित्यानंद सिंह, अजय तिवारी ,अजय यादव, धर्मेंद्र कुमार, एक्सपोजर विजिट जनहित सांस्कृतिक कला केंद्र रवि शर्मा और विवेक कुमार राय एवं बिहार राज्य के मुखिया चांदनी कुमारी, सरिका सिंह ,सोनी देवी, मोना भारती,संगीता कुमारी, रंजू कुमारी,संजय कुमार, प्रताप नारायण चौधरी, कल्पना देवी, मीरा देवी, कर्मा देवी, शोभा देवी, विजय टनती,राहुल कुमार, गुड़िया कुमारी, प्रिया देवी, सुजाता कुमारी , अनामिका कुमारी, सुनीता देवी ,संजीव कुमार, सुमन देवी, उर्मिला देवी आशुतोष कुमार, वाल्मीकि सिंह, सोनाली, संजय कुमार, इंदु देवी, राजकुमार मांझी सुनील कुमार आदि लोग रहे।

## यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: एजीएम

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** रेल यात्रियों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपर महाप्रबंधक (एजीएम) विनोद कुमार शुक्ला ने आज शनिवार को आनंदनगर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया तथा यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुनें।एजीएम ने प्लेटफॉर्म की साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल व्यवस्था और शौचालयों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई में खामियां मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई।



संबंधित अधिकारियों को तत्काल कमियों को दूर करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने स्टेशन स्टाफ को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा सार्वजनिक सुविधाओं के रख-रखाव के लिए नियमित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। एजीएम ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा रेलवे की प्राथमिकता है तथा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यात्रियों से प्राप्त सुझावों और शिकायतों के आधार पर शीघ्र आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए,साथ ही साथ स्टेशन परिसर में टूट-फूट वाले हिस्सों की मरम्मत कराने तथा मूलभूत सुविधाओं की नियमित जांच करने पर भी जोर दिया गया।एजीएम ने कहा कि रेलवे प्रशासन की ओर से समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण किए जाते रहेंगे, ताकि स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस

**मण्डलायुक्त ने सुनीं जनसमस्याएं**

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** शासन की मंशानुरूप जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में आयोजित समाधान दिवस में मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश, पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम तथा प्रभारी जिलाधिकारी विशाल कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मण्डलायुक्त के समक्ष कुल 193 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 21 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को इस स्पष्ट निर्देश के साथ प्रेषित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का स्थलीय एवं तथ्यपरक परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों को समय पर न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को एक ही मंच पर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में यथा- तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वि0श्रा0 विनोद कुमार सिंह के समक्ष प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 04 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी भू0श्रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 119 प्रार्थना पत्रों में से 07 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष प्राप्त 67 प्रार्थना पत्रों में से 06 का निस्तारण किया गया।



## एक वांछित आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष फरेंदा राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 160/2026, धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित दर्ज था। आरोपी राजेश चौधरी (21 वर्ष) पुत्र श्याम बिहारी चौधरी, निवासी ग्राम भितिहरा पंचायत अतरौना, थाना इटाढ़ी, जनपद बक्सर, बिहार राज्य को एक अगस्त 2026 को पिपरा चौराहा, थाना फरेंदा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम, उपनिरीक्षक अमित मौर्या एवं रिजर्व कांस्टेबल अमन, शामिल रहें।

## लकड़ी लदी पिकअप व ई-रिक्शा को वन विभाग ने पकड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** फरेंदा वन रेंज क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने आज शनिवार को तड़के कार्रवाई करते हुए आरक्षित वन क्षेत्र से चोरी से काटकर ले जाई जा रही साखू की लकड़ी बरामद की। टीम ने मौके से नौ बोटा साखू की लकड़ी, एक पिकअप और एक ई-रिक्शा कब्जे में लेते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता हैं कि शनिवार करीब 3:30 बजे भोर में मुखबिर खास की सूचना पर वन विभाग की टीम फरेंदा-बृजमनगंज मार्ग पर जंगल क्षेत्र में पहुंची।

इसी दौरान आरक्षित वन क्षेत्र से अवैध रूप से साखू के पेड़ काटकर पिकअप संख्या यूपी 56 बीटी 3635 में 9 बोटा लकड़ी लादी जा रही थी। टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए संतोष चौधरी पुत्र नंदलाल चौधरी, निवासी छितही को पकड़ लिया। वहीं मौके से ई-रिक्शा संख्या यूपी 56 एटी 3957 भी बरामद किया। पकड़ा गया आरोपी ने बताया कि ई-रिक्शा का इस्तेमाल मौके तक लाने और ले जाने के लिए किया जा रहा था।

## विधायक पी.एन. पाठक ने किया 37 लाख रुपए से निर्मित दो सीसी सड़कों का लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।** शनिवार को कुशीनगर के विधायक पी.एन. पाठक ने विधायक निधि से निर्मित दो सीसी सड़क का लोकार्पण किया।इन विकास कार्यों की लागत करीब 37 लाख है। विधायक पी.एन पाठक ने ग्रामसभा चौपरिया में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से बनी सीसी सड़क और रहसू में लगभग 23 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया। इस दौरान लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं समेत स्थानीय ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक श्री पाठक के आगमन पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच फूल-मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक पी.एन. पाठक ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश का विकास हो रहा है।भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है।

केंद्र और प्रदेश के समन्वय से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तेजी से लोगों तक पहुंच रहा है। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष किनरेश चौबे, विजय तिवारी, सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नेता जन्म से नहीं बनते, बल्कि अपने कर्तव्य, कर्म व निर्णयों से गढ़े जाते हैं: प्राचार्य दिलीप कुमार मिश्रा

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** द ग्लेनहिल स्कूल, चुनार में गरिमामय वातावरण में अलंकरण (इन्वेस्टिचर) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक माननीय श्री आफ्ताब अहमद एवं प्राचार्य माननीय श्री दिलीप कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय की समन्वयक श्वेता मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।



विद्यालय में अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व की भावना को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से स्टूडेंट काउंसिल तथा चारों सदनों- हुसैन हाउस, इंदिरा हाउस, सरोजिनी हाउस एवं टैगोर हाउस के कप्तानों एवं उपकप्तानों का चयन उनकी योग्यता एवं नेतृत्व क्षमता के आधार पर किया गया। सभी पदाधिकारियों को बैज एवं सैशे प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के हेड बॉय के रूप में अंश पटेल (कक्षा 12), हेड गर्ल के रूप में तस्मिया (कक्षा 12), डिप्टी हेड बॉय सूर्यवंश (कक्षा 11), डिप्टी हेड गर्ल तृषा (कक्षा 11), चीफ प्रीफेक्ट शुभम सिंह (कक्षा 9), डिप्टी चीफ प्रीफेक्ट नीलम यादव (कक्षा 11), स्पोर्ट्स कैप्टन विवेक सिंह एवं जिया सिंह, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन शुभम सिंह एवं खुशी यादव, कल्चरल एक्टिविटी कैप्टन राज आर्यन एवं तृप्ति सिंह तथा डिप्टी कल्चरल एक्टिविटी कैप्टन शुभम विश्वकर्मा एवं अनाया गुप्ता को शपथ दिलवाया गया गया।